


नई दिल्ली
बुधवार, 30 अप्रैल 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 15
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com





इस ऐतिहासिक ध्वज दंड की स्थापना सुबह साढ़े छह बजे प्रारंभ होकर आठ बजे तक पूरी हुई

# अयोध्या में रामलला के धाम पर ऊंचाइयों को छूता 42 फीट लंबा ध्वज दंड स्थापित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

भक्ति, श्रद्धा और शिल्प कला के अद्भुत संगम के बीच मंगलवार को वैशाख शुक्ल द्वितीया के अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर 42 फीट लंबा ध्वज दंड विधिपूर्वक स्थापित किया गया।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड की स्थापना न केवल वास्तुकला की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि यह अयोध्या के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वैभव में भी एक नया अध्याय जोड़ता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं ▸▸ शेष पेज 5 पर

***इस दौरान ध्वज दंड निर्माता गुजरात निवासी भरत भाई, पत्थरों की नक्काशी करने वाले ठेकेदार नरेश मालवीय, पत्थरों के कार्य का सुपरविजन करने वाले चंद्रशेखर सोमपुरा के साथ एक बड़ी टीम मौजूद रही***

## विशाल क्रेनों की मदद से ऊंचाई तक पहुंचाया गया

इस कार्य में लार्सन एंड टूब्रो और टाटा ट्रस्ट के इंजीनियरों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रस्ट के इंजीनियर ट्रस्टी अनिल मिश्रा, ध्वज दंड के निर्माता गुजरात निवासी भरत भाई, पत्थरों पर उत्कृष्ट नक्काशी करने वाले नरेश मालवीय और सुपरविजन का कार्य देख रहे चंद्रशेखर सोमपुरा सहित बड़ी संख्या में विशेषज्ञ इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि ध्वज दंड की स्थापना के दौरान तकनीकी टीम ने दो विशाल क्रेनों की सहायता से इसे ऊंचाई तक पहुंचाया। पहले ध्वज दंड को वर्टिकल खड़ा किया गया और फिर टावर क्रेन के माध्यम से शिखर तक पहुँचाकर उसे स्थापित किया गया। कार्य के दौरान इंजीनियर लगातार 160 फीट की ऊंचाई पर शिखर के समीप मौजूद रहे और स्थापना प्रक्रिया का बारीकी से संचालन किया।

*चारधाम यात्रा का आज से शुभारंभ*

# अक्षय तृतीया पर गंगोत्री और यमुनोत्री जी के खुलेंगे कपाट

एजेंसी ⏭ देहरादून



अक्षय तृतीया पर गंगोत्री और यमुनोत्री जी के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से पवित्र चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। मंगलवार को शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा में विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद पतित पावनी मां गंगा की उत्सव डोली श्री गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान कर गई है। बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शुभ मुहूर्त में श्री गंगोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस ▸▸ शेष पेज 5 पर

■ मां गंगा की उत्सव डोली का श्री गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला
चेन्नई पंजाब
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### पीएसी ने बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों पर किया विचार



**नई दिल्ली।** संसद की लोक लेखा समिति ने बैंकिंग क्षेत्रों में सुधार को लेकर बैठक की। इसमें विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों से सदस्यों ने बैंकिंग प्रणाली की नीतियों में 'खामियों' समेत कई मुद्दों पर सवाल-जवाब किए। पीएसी की रिपोर्ट संसद के मानसून सत्र में सदन के पटल पर रखी जा सकती है। बैठक के बाद पीएसी के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह बैठक बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों को लेकर थी। सभी सदस्यों ने भारत के आम लोगों के वास्तविक मुद्दे उठाए।

### अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की कोई मनमानी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी के निजी और सरकारी स्कूलों में फीस को विनियमित करने के प्रावधान वाले एक विधेयक को मंगलवार को मंजूरी दे दी। इस फैसले से हर साल मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने का मुद्दा उठाने वाले अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार के निर्देशों का पालन न करने पर स्कूलों पर एक लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक का कठोर जुर्माना लगाया जाएगा। गुप्ता ने इस कदम को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि दिल्ली की शिक्षा में अब पारदर्शिता अधिक आएगी।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होगी सीसीएस की महत्वपूर्ण बैठक

# पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब देने के लिए पीएम की तीनों सेनाओं को खुली छूट




मंगलवार को रक्षा मंत्री, एनएसए, सीडीएस और तीनों सेनाप्रमुख के साथ हुई उच्च-स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री ने दिए निर्देश



पूरी मुस्तैदी के साथ तैयार हैं सेनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में हुए हमले के बाद आतंकवाद और उसके समर्थकों को जल्द मुंहतोड़ जवाब देने के मामले में पूरा देश एकजुट है। नई दिल्ली में भी उच्च-स्तरीय बैठकों का क्रम बना हुआ है। जिसे आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास सात लोक कल्याण मार्ग पर एक हाई प्रोफाइल सुरक्षा समीक्षा बैठक हुई।

जिसमें पीएम ने तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों (सेना, वायुसेना और नौसेना) को पहलगाम के गुनहगारों को करारा जवाब देने के लिए खुली छूट (फुल ऑपरेशनल फ्रीडम) दे दी है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि कुल करीब डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी.सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए। सूत्रों ने कहा कि बैठक में पीएम ने आतंकवाद के नासूर को जड़ से उखाड़ फेंकने को भारत का राष्ट्रीय संकल्प बताया। साथ ही उन्होंने भारत की सेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास जताते हुए शीर्ष सैन्य नेतृत्व को यह स्पष्ट कर दिया कि उन्हें इस आतंकी हमले की जवाबी कार्रवाई के लिए अपने मुताबिक उचित समय, लक्ष्य और प्रकार का चयन की रणनीतिक रूप से खुली छूट दी जाती है। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को राजधानी में होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक से ठीक एक दिन पहले यानी 29 अप्रैल को हुई है। इससे पहले बीते सोमवार को पीएम आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ▸▸ शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 30 अप्रैल को होने वाली सीसीएस की बैठक में सुरक्षा मामलों की देश की इस शीर्ष समिति में शामिल मंत्रालयों जैसे रक्षा, विदेश, गृह और वित्त के कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। उनके अलावा एनएसए, सीडीएस और तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुख भी शिरकत करेंगे। उधर, वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य के बीच सेना, वायुसेना और नौसेना रणनीतिक रूप से पूरी तरह से तैयार हैं। सेना एलओसी पर पाकिस्तान की सेना द्वारा तोड़े जा रहे संघर्षविराम का उसी की भाषा में सख्ती से जवाब दे रही है। तो वहीं, नौसेना का जंगी बेड़ा पूरी मुस्तैदी के साथ समुद्री सीमाओं की निगरानी कर रहा है और वायुसेना भी पूरी तैयारी के साथ बाकी सशस्त्र सेनाओं के साथ डटी हुई है।

### रक्षा मंत्री को ब्रीफ करते सीडीएस, सेनाप्रमुख

इन सबके बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार सीडीएस से लेकर तीनों सेनाप्रमुखों से देश के जमीनी सुरक्षा हालात और उनकी रणनीतिक तैयारियों के बारे में जरूरी ब्रीफिंग ले रहे हैं। सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बीते सप्ताह शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर की यात्रा से वापस लौटने के तुरंत बाद शनिवार को रक्षा मंत्री को केंद्रशासित प्रदेश के जमीनी हालात, सेना की तैयारियों के बारे में अवगत कराया था। उसके बाद सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात कर मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को लेकर विचार-विमर्श किया। इन सबके बाद 28 अप्रैल को रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और उन्हें तमाम जरूरी सैन्य, सुरक्षा हालातों से रूबरू कराया था।



## 48 पर्यटक स्थल बंद, जम्मू-कश्मीर सरकार ने खुफिया सूचना के बाद लिया फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद घाटी में 87 में से 48 पर्यटक स्थल बंद कर दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर जम्मू-कश्मीर की उमर सरकार ने यह फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार पहलगाम हमले के बाद घाटी में कुछ स्लीपर सेल सक्रिय हो गए हैं, उन्हें उनके आकाओं ने गतिविधि शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### अब रक्षा मंत्री ख्वाजा जहर कहां उगलेगा?



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ का एक्स अकाउंट भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ख्वाजा लगातार जहर उगल रहे थे। ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को भी कबूल किया था।

### *'अल्लाह हू अकबर' का नारा लगाने वाले से पूछताछ*



*राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले की जांच के लिए मुजम्मिल को पूछताछ के लिए बुलाया है। मुज्जमिल से पूछा गया कि गोलियां चलने के बाद उसने तीन बार अल्लाह हू अकबर क्यों बोला।*

### कूटनीतिक मोर्चे पर भी पाक को घेरने की तैयारी

कूटनीतिक मोर्चे पर भी भारत पाकिस्तान को वैश्विक मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति बना रहा है। विदेश मंत्रालय ने कई देशों के साथ संपर्क साधा है, और नीदरलैंड जैसे देशों ने इस हमले की निंदा करते हुए भारत के साथ एकजुटता दिखाई है। पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग भी जोर पकड़ रही है।

कांग्रेस के 'एक्स' पर फोटो शेयर करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को 'गायब' दिखाए जाने भाजपा हुई आक्रामक

राहुल गांधी के निर्देश पर ऐसे पोस्ट किए जाते हैं, जिससे देश शर्मिंदा होता है: भाटिया

# लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस की विचारधारा बन गई है 'सर तन से जुदा': भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भाजपा ने कहा है कि देश में एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल है, लेकिन अगर हम उन्हें लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस कहें तो गलत नहीं होगा। 'सर तन से जुदा' आज लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस की विचारधारा बन गई है। राहुल गांधी के निर्देश पर ऐसे पोस्ट किए जाते हैं, जिससे देश शर्मिंदा होता है।

कांग्रेस पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर फोटो शेयर करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को 'गायब' दिखाए जाने पर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को कहा कि मैं यह बात बहुत भारी मन से कह रहा हूं कि यह फोटो कांग्रेस के सत्यापित हैंडल से पोस्ट की गई है और दुश्मन देश पाकिस्तान को बहुत बड़ा संदेश दिया गया है कि भारत में मीर जाफर के समर्थक मौजूद हैं। 'सर तन से जुदा' आज लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस की विचारधारा बन गई है। राहुल गांधी के निर्देश पर ऐसे पोस्ट किए जाते हैं, जिससे देश शर्मिंदा होता है। ऐसे संवेदनशील समय में भारत को कमजोर करने की लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस की यह कोशिश है। भाटिया ने आगे कहा कि वे पाकिस्तान को संकेत दे रहे हैं कि इस आतंकवादी हमले में कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान के साथ खड़ी है, न कि अपने देश के साथ। यह कांग्रेस पार्टी की ओर से किया गया कोई मासूम पोस्ट नहीं है। यह हमारे देश की अखंडता को कमजोर करने और देश के प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाने की एक भयावह और ▸▸ शेष पेज 5 पर

# बड़बोले 'अपनों' को नाथने में जुटी कांग्रेस अब सख्त, पार्टी लाइन से इतर बात की तो नपेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने दलगत अनुशासन और पार्टी लाइन को लेकर बड़ी तैयारी पार्टी के अंदर शुरू कर दी है। अब तक लोकतांत्रिक दिखने और बने रहने की हिमायत में विभिन्न नेताओं के स्वर बार बार पार्टी लाइन से इतर दिखा जिसका असर मीडिया के माध्यम से देशभर में पड़ा। उसका राजनीतिक प्रभाव और पार्टी को नुकसान के आंकलन के लिए एक विशेष समिति के गठन पर विचार किया जा रहा है ताकि अपेक्षाकृत वरिष्ठ नेताओं तक ये मैसेज पहुंचाया जा सके कि आपके संभल कर न बोलने से पार्टी को नुकसान हो रहा है। उन्हें दो टूक हिदायत भी दी जाएगी कि अब ऐसा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बड़बोले नेताओं के लिए पार्टी आलाकमान अब एक लाइन खींच देने की तैयारी में है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद कुछ नेताओं के विवादास्पद बयानों ने कांग्रेस को मुश्किल में डाल दिया। पार्टी लाइन से हटकर दिए गए इन बयानों ने न केवल पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया, बल्कि भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का मौका भी दिया। मीडिया में अलग नेरेटिव पैदा हुआ, इसलिए, कांग्रेस आलाकमान ने सख्त निर्देश जारी किए कि सभी नेता पार्टी की आधिकारिक राय का पालन करें और अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार एक नेता ने कहा, पहलगाम हमले के बाद 24 को कांग्रेस कार्य समिति ने एक बैठक की और इस हमले की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। 25 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल ▸▸ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय कृषि मंत्री ने आईसीएआर के उप महानिदेशकों की अहम बैठक ली

# गेहूं और चावल के साथ दलहन, तिलहन, कपास की उपज भी बढ़ाना लक्ष्य: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कृषि शोध के क्षेत्र में नवाचार करने के साथ ही वर्तमान योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के उप महानिदेशकों के साथ मैराथन बैठक की मंगलवार को शुरुआत की। नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स स्थित बोर्ड रूम में यह अहम बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने आईसीएआर के विभिन्न प्रभागों द्वारा किए जा रहे शोध प्रयोगों की जानकारी लेने के साथ ही भावी रणनीतियों के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। शिवराज सिंह ने प्रमुख फसलों की उत्पादकता और उत्पादन बढ़ाने के लिए बेहतर बीज किस्में विकसित करने पर जोर दिया, साथ ही कृषि प्रगति में नवाचारों को बढ़ावा देने और आगामी वर्षों में आशाजनक परिणाम प्राप्त करने को केंद्र में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सबसे पहले फसल प्रभाग द्वारा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के समक्ष प्रस्तुतिकरण/ प्रेजेंटेशन दिया गया जिसमें खाद्यान्न उत्पादन के लिए अच्छे बीजों के साथ ही समग्र पहलुओं पर विस्तार से भावी कार्ययोजना ▸▸ शेष पेज 5 पर

## केंद्र सरकार के नमामि गंगे कार्यक्रम को नई गति मिल सकेगी

अधिसूचना के माध्यम से आयकर में छूट के विधान को लागू कर दिया

# नमामि गंगे योजना चलाने वाली केंद्रीय संस्था नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा अब टैक्स-फ्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



गंगा की सफाई के लिए बनाये गये केंद्र सरकार के खास अधिकरण को अब आयकर नहीं भरना पडेगा। सैंकड़ों करोड़ बकाया होने के बाद केंद्र सरकार से "नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा" को आयकर अधिनियम की धारा 10(46ए) के तहत छूट देने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि इसी आधिकारिक घोषणा जल्द कर दी जाएगी।

आयकर से मुक्त करने के बाद विशेषज्ञों का मानना है कि मिशन को वित्तीय स्थिरता प्रदान किया जा सकेगा। गंगा नदी के पुनर्जनन के लिए इसके प्रयासों को मजबूत करेगा। यह छूट न केवल भविष्य की परियोजनाओं के लिए संसाधन उपलब्ध कराएगी, बल्कि पिछले वर्षों की कर मांगों से भी राहत देगी। इसके साथ ही, क्लीन गंगा फंड में दान करने वालों को धारा 80जी के तहत कर लाभ मिलता रहेगा, जो जन भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा। यह निर्णय नमामि गंगे कार्यक्रम की सफलता और गंगा की सफाई के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी नमामि गंगे कार्यक्रम को इस फैसले से नई गति मिल सकेगी। सूत्रों ने बताया कि गत 22 तारीख को ही केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक अधिसूचना के माध्यम से आयकर में छूट के विधान को लागू कर दिया। यह छूट आकलन वर्ष 2024-25 से प्रभावी है। इसके अलावा, "नेशनल मिशन फॉर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### स्थापना और उद्देश्य

"नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा" की स्थापना 12 अगस्त 2011 को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई थी। बाद में, 7 अक्टूबर 2016 को इसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत एक प्राधिकरण का दर्जा दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य गंगा नदी के प्रदूषण को कम करना, नदी के जल प्रवाह को बनाए रखना, जैव विविधता को संरक्षित करना, और नदी के किनारे टिकाऊ विकास को बढ़ावा देना है।

**खबर संक्षेप**

### निर्माण श्रमिकों के बच्चों को वित्तीय सहायता देने के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों को श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए कल्याणकारी योजना के तहत वित्तीय सहायता के वास्ते पात्र विद्यार्थियों का विवरण 30 मई तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। शिक्षा निदेशालय ने 25 अप्रैल को जारी एक परिपत्र में निर्देश दिया है कि इस योजना के लिए प्रति पंजीकृत श्रमिक के अधिकतम दो बच्चों पर विचार किया जा सकता है, तथा उनका डेटा उक्त तिथि तक ऑनलाइन मॉड्यूल में दर्ज किया जाए। परिपत्र के मुताबिक, शिक्षा निदेशालय ने कहा है कि आवेदन प्रक्रिया के लिए श्रम विभाग द्वारा जारी विशिष्ट पंजीकरण पहचान संख्या की जरूरत है तथा इसके अलावा अभिभावकों या छात्रों से कोई अतिरिक्त दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अनुसार, वित्तीय सहायता कक्षा के आधार पर प्रति छात्र प्रति वर्ष 6,000 रुपये से लेकर 12,000 रुपये तक होती है। परिपत्र में कहा गया है कि पहली से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को 500 रुपये प्रति माह, नौवीं और 10वीं के विद्यार्थियों को 700 रुपये प्रति माह, जबकि 11वीं और 12वीं के कक्षा के विद्यार्थियों को 1,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे। इसमें कहा गया है कि योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को शामिल न करने और अपात्र छात्रों को शामिल करने के लिए स्कूल प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

### चिड़ियाघर में एशियाई शेरनी के एक शावक की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के चिड़ियाघर में एशियाई शेरनी के रविवार की सुबह जन्मे चार शावकों में से एक की मौत हो गयी जबकि एक अन्य खराब स्वास्थ्य के चलते पशुचिकित्सकों की निगरानी में है। चिड़ियाघर के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पांच वर्षीय शेरनी महागौरी और उसके शावक 24 घंटे की निगरानी में थे क्योंकि स्थिति गंभीर थी। महागौरी का यह पहला प्रसव था। चिड़ियाघर के अधिकारियों के अनुसार, इनमें से एक शावक का विकास ठीक से नहीं हो पाया था और सोमवार को उसकी मौत हो गई। शाम को एक और शावक में कमजोरी के लक्षण दिखे तथा तत्काल उसे चिड़ियाघर के अस्पताल ले जाया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "शावक को इन जानवरों के शिशुओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया दूध दिया जा रहा है और उसे पशु चिकित्सकों की कड़ी निगरानी में रखा गया है। उपचार का उस पर असर हो रहा है।" चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार का कहना है कि शेष दो शावक फिलहाल शेरनी के साथ हैं और स्वस्थ बताये जा रहे हैं।

## अपराधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी किया जा चुका था जारी

# फायरिंग में शामिल रहा कुख्यात बदमाश चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की ईआर-2 टीम ने हाल ही में गोकुलपुरी थाना इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। हत्या के प्रयास के एक मामले में इसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया जा चुका था। गिरफ्तार आरोपी का नाम राहुल उर्फ टिंकू है।

डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार 1 अप्रैल को गोकुलपुरी में गोलीबारी की घटना हुई थी। शिकायतकर्ता संजीव शर्मा उर्फ संजू ने आरोप लगाया कि जब वह अपने घर के अंदर था, तो एक अज्ञात व्यक्ति ने उसका नाम पुकारा। इसके बाद संदिग्ध ने मुख्य द्वार पर लात मारी और गोली चला दी। शिकायतकर्ता को संदेह था कि संतरपाल के बेटे टिंकू के इशारे पर यह हमला किया गया था। उसने पहले भी उसे धमकियां दी थी। सीसीटीवी फुटेज से भी घटना की पुष्टि हुई। इसके बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 324(6)/351(3)/3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। घटना के बाद से ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था।

हाल ही में मिली गुप्त सूचना के बाद आरोपी राहुल को पकड़ा गया। आरोपी को संबंधित अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## एटीएम स्कैम में शामिल धोखेबाज गिरफ्तार, 39 कार्ड हुए बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले की एमएस पार्क पुलिस ने एक एटीएम स्कैमर को पकड़ा है। आरोपी फिरोज उर्फ मोनू के पास से चोरी के 39 एटीएम कार्ड बरामद हुये हैं।

पुलिस के अनुसार 13 अप्रैल को शिकायतकर्ता बाबू राम ने एमएस पार्क थाने में अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 60 हजार रुपये निकाल लिए थे। दरअसल जब वह दिल्ली के चंद्रलोक कॉलोनी स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम से नकदी निकाल रहे थे, तो एक व्यक्ति पीछे से उनके पास आया। उसने मदद के बहाने से उनका एटीएम कार्ड बदल लिया था। पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर आखिरकार फिरोज उर्फ मोनू निवासी बुध नगर, नैश बंदी कॉलोनी, लोनी, गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया। लगातार पूछताछ के दौरान, आरोपी ने कबूल किया कि वह अपने साथियों फरमान और ओन्नू के साथ मिलकर अनजान व्यक्तियों के एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से पैसे निकालने की योजना में शामिल था। उसने खुलासा किया कि वे पीड़ितों की मदद करने के बहाने एटीएम पर उनसे संपर्क करते थे और फिर धोखे से उनके एटीएम कार्ड बदल लेते थे। इस उद्देश्य के लिए गिरोह के पास कई एटीएम कार्ड थे।

### ट्रांसजेंडर बन भीख मांग रहे तीन पुरुष पकड़े

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के आजादपुर इलाके में कथित तौर पर ट्रांसजेंडर बन भीख मांगने के आरोप में तीन पुरुषों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम अनिल कुमार (35), प्रेम कुमार महतो (30) और सचिन (35) है। तीनों जहांगीरपुरी के रहने वाले हैं। इन्हें आजादपुर फल मंडी के पास से पकड़ा गया। तीनों व्यक्ति महिलाओं के कपड़े पहनकर और उनकी तरह ही मेकअप करके यातायात सिग्नल के पास भीख मांग रहे थे। डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार सूचना मिली थी कि कुछ पुरुष खुद को ट्रांसजेंडर बताकर फल मंडी के आसपास भीख मांगने और अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। पूछताछ के दौरान शुरु में उन्होंने खुद को ट्रांसजेंडर बताया, लेकिन सख्ती से पूछताछ के बाद उन्होंने स्वीकारा कि वह पुरुष हैं। अधिकारी ने बताया कि तीनों के खिलाफ दिल्ली पुलिस अधिनियम की अनुचित व्यवहार और परेशान करने से संबंधित धारा 91, 92 और 97 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## ग्रीन कॉरिडोर से 30 मिनट में एयरपोर्ट पहुंचाई आंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ एयरपोर्ट से भेजी जानी थी मुंबई के नानावती अस्पताल

यातायात पुलिस ने निर्बाध ग्रीन कॉरिडोर के जरिये शालीमार बाग से महज 30 मिनट के भीतर डोनेट की गई आंत को एयरपोर्ट तक पहुंचाया। इस ह्यूमन ऑर्गन को आगे मुंबई के नानावती अस्पताल ले जाया जाना था। सीनियर अधिकारियों ने यातायात पुलिस के इस कार्य की सराहना की है।

एडिशनल सीपी सत्य वीर कटारा के अनुसार दिल्ली यातायात पुलिस ने हमेशा आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता दी है। समय पर चिकित्सा सहायता और अन्य प्रकार की सहायता सुनिश्चित करना, भीड़-भाड़ मुक्त यातायात प्रबंधन बनाए रखना कई बार किसी शख्स की जान बचा सकता है। इसी कड़ी में 28 अप्रैल को शालीमार बाग स्थित फोर्टिस अस्पताल के अनुरोध पर यातायात पुलिस ने संबंधित यातायात सर्किलों पंजाबी बाग, राजौरी गार्डन, दिल्ली कैंट और आईजीआई हवाई अड्डे की सक्रिय भागीदारी के साथ इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक डोनेट की गई आंत को पहुंचाया। आंत को इंडिगो की उड़ान के माध्यम से आगे नानावटी अस्पताल, मुंबई ले जाया जाना था। कटारा के अनुसार अशोक विहार सर्किल के यातायात निरीक्षक कुलदीप सिंह ने अंग को ले जाने वाली एम्बुलेंस का संचालन किया, ताकि यह बिना किसी देरी के आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 तक सुरक्षित और कुशलतापूर्वक पहुंच सके। 26 किलोमीटर की दूरी 30 मिनट के रिकार्ड समय में तय की गई। यह घटना आपातकालीन सेवाओं और जीवन रक्षक पहलों के प्रति दिल्ली यातायात पुलिस की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है, जिसमें ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दिल्ली की सड़कों पर महत्वपूर्ण अंगों को समय पर पहुंचाना शामिल है।

## निगम उपायुक्त कार्यालय के साथ हो रहा अवैध निर्माण




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके के दयालपुर में गत दिनों इमारत गिरने से हुई करीब एक दर्जन लोगों की मौतों के बाद भी दिल्ली नगर निगम प्रशासन गहरी नींद में सो रहा है। ताजा मामला नरेला जोन उपायुक्त कार्यालय के निकट सफियाबाद मोड़ पर हो रहे एक बड़े भवन के निर्माण कार्य का आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां एक बड़े भवन का निर्माण कार्य अवैध तरीके से हो रहा है और निगम प्रशासन गहरी नींद सो रहा है और किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। वहीं, इस संबंध में एक सप्ताह पहले नरेला जोन के उपायुक्त राकेश कुमार से इस भवन के निर्माण के बारे में जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि संबंधित अभियंता से जानकारी मिलने के बाद अवगत कराया जाएगा कि यह भवन नियमों के अनुसार बन रहा है या नहीं, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी निगम उपायुक्त की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, स्थानीय लोगों को आरोप है कि दिल्ली नगर निगम के अधिकारी अवैध निर्माण पर सिर्फ लीपापोती कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी प्रकार के अनेकों निर्माण कार्य नरेला उपायुक्त कार्यालय के संज्ञान में हो रहे हैं और निगम के अधिकारी मौके पर आते हैं लेकिन एक्शन कुछ नहीं हो रहा है। बताया जाता है कि निगम प्रशासन केवल तभी जागता है तब कोई हादसा हो जाता है और करीब पिछले तीन माह से यहां ऐसे निर्माण कार्य चल रहे हैं।

## जाफरपुर थाने का रिश्वतखोर हेड कांस्टेबल किया अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ विजिलेंस टीम के कर्मचारी को कार से टक्कर मारकर हुआ था फरार

दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट ने रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में द्वारका जिले के जाफरपुर कलां थाने के एक हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। आरोपी हेड कांस्टेबल का नाम गजेंद्र सिंह बताया गया है। वह मामला दर्ज होने के बाद से फरार था। गजेंद्र सिंह थाने का बीट अधिकारी था।

विजिलेंस यूनिट में प्राप्त शिकायत के अनुसार उसने वर्तमान मामले के शिकायतकर्ता को उसकी खाली जमीन पर निर्माण करने की अनुमति देने के बदले में 25 हजार रुपये की मांग की थी। इसके बाद चार अप्रैल को उस स्थान पर जाल बिछाया गया, जहां हेड कांस्टेबल ने रिश्वत के पैसे लेने के लिए शिकायतकर्ता को बुलाया था। गजेंद्र ने अपनी कार में रिश्वत के पैसे स्वीकार किए। जब विजिलेंस टीम ने उसे पकड़ने की कोशिश की, तो वह पैसे के साथ मौके से भाग गया। इस प्रक्रिया में विजिलेंस यूनिट के एक कर्मचारी को टक्कर भी मारी गई थी। उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया था और आरोपी हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार करने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। उसके आपराधिक कृत्यों के लिए द्वारका जिला पुलिस द्वारा उसे निलंबित भी किया गया था। फरार होने के दौरान आरोपी ने राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया, लेकिन उसका आवेदन न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया था। अब इसे गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है।

## डिम्टस की 462 बसें सड़कों से हटने से यात्रियों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रही अनुबंध वाली दूसरे फेज में डिम्टस की 462 बसें भी गत दिनों सड़कों से हटाने के बाद अब राजधानी के लोगों को सार्वजनिक परिवहन के रूप बसों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को एक एक रूट पर घंटों बसों का इंतजार करना पड़ता है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी दिल्ली देहात के क्षेत्रों के लोगों को उठानी पड़ रही है। शहरी क्षेत्रों में कुछ हद तक मैनेज किया जा रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा देखी जा सकती है। इनमें नरेला, होलंबी, खेड़ा, कुतुबगढ़, गोयला डेयरी, नजफगढ़, दिचाऊं, टिकरी, मुंडका, नांगलोई, पपरावटा, किरारी, रानीखेड़ा, बेगमपुर, मुबारकपुर डबास, रसूलपुर, निठारी, पूठकलां, नांगल राया , ककरोला, नंगली सकरावती, बिन्दापुर, धूल सिरस, पोचन पुर, पोसंगीपुर, नवादा माजरा, मटियाला आदि गावों के यात्रियो को बसों की कमी महसूस हो रही है। जहां एक तरफ दिल्ली की भाजपा सरकार लगातार दावे वादे कर रही है कि दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों द्वारा यात्रियों को बेहतरीन सेवाएं देंगे। लेकिन दूसरी तरफ देंखे तो अभी तक वर्तमान भाजपा सरकार करीब 330 ही इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारने में कामयाबी पाई है। जबकि इसकी तुलना में गत महीनों में दिल्ली से डिम्ट्स के अधीन क्लस्टर योजना के तहत चलने वाली 997 बसों बसें सड़कों से हट चुकी है। डीटीसी के एक अधिकारी ने कहा कि बहुत जल्द सरकार नई बसों को ला रही है, उसके बाद परेशानी कम होगी। अधिकारी ने दावा किया कि इस समय भी बेहतरीन रणनीती के तहत बसों को सड़कों पर उतारा जा रहा है जिससे ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों में यात्रियों को सेवाए दी जा रही है। अधिकारी ने दबी जुबान में माना की हां ग्रामीण क्षेत्रों में बसों की कमी हो सकती है। लेकिन उनको भी चिंता नहीं करनी चाहिए बहुत जल्द ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयाप्त बसें मिलेगी। बता दें कि दूसरे फेज में कलस्टर योजना की तहत डिम्ट्स के अधीन चलने वाली 462 बसें दिलशाद गार्डन डिपो, बीबीएम-2 डिपो, ओखला डिपो और ढिचाऊं कलां डिपो से हटाई गई हैं। इनके हटने से आनंद विहार से पंजाबी बाग, कश्मीरी गेट से मंगोलपुरी, पुरानी दिल्ली से नरेला, महरौली से आनंद विहार, आनंद विहार से कश्मीरी गेट समेत अन्य रूटों पर बसों की संख्या कम हुई है, जिससे इस रूट पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## महिला संबंधी विषयों पर केंद्रीय मंत्री को एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से भेंट कर महिलाओं एवं छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर एक 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन 10 मार्च 2025 को नई दिल्ली में आयोजित छात्रा संसद में देशभर से आए 300 से अधिक छात्रा प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत की गई विस्तृत चर्चा एवं संवाद के आधार पर तैयार किया गया है।

इस संसद में शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्मरक्षा, आर्थिक सहायता, लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण जैसे प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। उसी चर्चा को आधार बनाते हुए यह ज्ञापन तैयार कर भारत सरकार को प्रस्तुत किया गया है, ताकि महिलाओं और छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए नीतिगत स्तर पर प्रभावी पहल की जा सके।

**ज्ञापन में एबीवीपी की ये हैं मांगें**

एबीवीपी ने कहा कि पाठ्यक्रम में गौरवशाली नारियों के योगदान का समावेश किया जाएं। केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं एवं तहसील स्तर के शैक्षणिक संस्थाओं में पढ़ने आ रही छात्राओं हेतु वर्तमान छात्रावासों को सामान्य सुविधायुक्त बनाते हुए नए समरस छात्रावास खोले जाएं। ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में अध्ययन करने आ रही छात्राओं के उत्साह वर्धन हेतु कोई छात्रवृत्ति व इंटर्नशिप का प्रावधान किया जाए। शैक्षिक संस्थाओं में कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। भारत के चतुर्दिक विकास में महिलाओं की भूमिका गौरवपूर्ण रही है अतः भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार शैक्षणिक परिसरों में नारी का सकारात्मक योगदान रेखांकित करते हेतु परिसरों में व्यापक जागरण हेतु संगोष्ठी, सेमिनार के आयोजन हेतु उचित धन आवंटित किया जाए जैसी अन्य मांगे भी हैं।

एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि देश की छात्राएं और महिलाएं न केवल वर्तमान भारत की रीढ़ हैं, बल्कि भविष्य के भारत की दिशा भी निर्धारित करती हैं। शिक्षा परिसरों से लेकर समाज के हर क्षेत्र में उनकी सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक ज़िम्मेदारी है। एबीवीपी का यह 13 सूत्रीय ज्ञापन केवल मांगों की सूची नहीं, बल्कि छात्राओं की ज़मीनी चुनौतियों का प्रतिबिंब और उनके समाधान का ठोस खाका है। हम अपेक्षा करते हैं कि केंद्र सरकार इन सुझावों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र अति शीघ्र प्रभावी कदम उठाएगी।

**संसद की सुरक्षा में सेंध मामला**

## आरोपियों की जमानत याचिका पर सात मई को सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 2023 में संसद की सुरक्षा में सेंध से जुड़े मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों की जमानत याचिका पर सात मई को सुनवाई करेगा। जमानत याचिकाएं न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ के समक्ष मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थीं। पीठ को अभियोजन पक्ष ने सूचित किया कि उसकी ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता को बहस करनी है लेकिन वह आज उपलब्ध नहीं हैं। अदालत ने अभियोजन पक्ष के स्थगन के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कहा कि वह मामले में एकमात्र महिला आरोपी नीलम आजाद और महेश कुमावत की जमानत याचिकाओं पर सात मई को सुनवाई करेगी। आजाद के वकील ने स्थगन अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि यह विलंब करने की रणनीति है और ऐसा आचरण देश के लिए अच्छा नहीं है लेकिन अदालत ने उनसे कहा कि बस कीजिए, आपने हमें परेशान कर दिया है। इससे पहले, अदालत ने पुलिस से यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या 'स्मोक कैन' (धुआं छोड़ने वाला स्प्रे), जो जानलेवा नहीं होता, उसे ले जाना या उसका इस्तेमाल करना आतंकवादी गतिविधियों के संबंध में लागू होने वाले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के दायरे में आता है। संसद पर 2001 में हुए हमले की 22वीं बरसी पर 13 दिसंबर 2023 को उसकी सुरक्षा में सेंध लगाते हुए दो आरोपी सागर शर्मा एवं मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कथित तौर पर कूद गए थे। उन्होंने वहां 'स्मोक कैन' से पीला धुआं छोड़ा था तथा नारे लगाए थे। बाद में कुछ सांसदों ने उन्हें काबू कर लिया था। लगभग उसी समय दो अन्य आरोपियों-अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद परिसर के बाहर 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए 'स्मोक कैन' से पीला धुआं छोड़ा था। हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर बाजार में आसानी से उपलब्ध 'स्मोक कैन' के इस्तेमाल पर यूएपीए लगाया जा सकता है तो होली और यहां तक कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान इसका (स्मोक कैन) इस्तेमाल करने वाले भी इसके (यूएपीए) दायरे में आएंगे। पीठ ने कहा कि आप इस पर जानकारी लें और हमें बताएं बाजार में खुलेआम उपलब्ध 'स्मोक कैन' पर यूएपीए लागू होता है या नहीं। अगर यह लागू होता है तो होली पर हर कोई इस अपराध के दायरे में आएगा। हर आईपीएल मैच पर यूएपीए लगेगा। आजाद के वकील ने अपनी मुवक्किल को इस आधार पर जमानत पर रिहा किए जाने का अनुरोध किया था कि मामले में यूएपीए के प्रावधान लागू नहीं होते। अभियोजन पक्ष ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि आजाद पर भारत की संप्रभुता और अखंडता को बाधित करने जैसे गंभीर आरोप हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अंकुर पुत्र** सतीश **पता:** 174, एफ–7 ब्लॉक डब्ल्यू–48 टी–हट्स एचजीआई सुल्तानपुरी दिल्ली, ने **FIR No. 123/2020, U/s 12/09/55 G. Act थाना: राजपार्क दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकुर,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकुर,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 123/2020, U/s 12/09/55 G. Act थाना: राजपार्क दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अंकुर,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी–03 कमरा नंबर 107
पहली मंजिल रोहिणी कोर्ट दिल्ली

DP/5291/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रमेश, पुत्र सोहन लाल निवासी धर्म कॉम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, नांगलोई मेट्रो स्टेशन, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 855/2019 भा.द.सं. की धारा 379/411 के तहत, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 855/2019 भा.द.सं. की धारा 379/411 के तहत, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रमेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, उत्तर-पश्चिम
कोर्ट नं.105, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/5377/OD/2025

## खबर संक्षेप

### विशेष परिवहन आयुक्त से बैठक में ऑटो चालकों ने रखी समस्याएं

**नई दिल्ली।** लंबे समय से बुराड़ी परिवहन प्राधिकरण में कई समस्याओं का सामना कर रहे ऑटो चालकों ने मंगलवार को विशेष परिवहन आयुक्त विश्वेन्द्र के साथ एक बैठक की। इस अवसर पर ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा की अगुवाई में संगठन का प्रतिनिधिमंडल मौजूद था। इस मुददे पर संगठन की तरफ से बताया गया कि मंगलवार को विशेष परिवहन आयुक्त के साथ बैठक हुई। बैठक के बाद तय हुआ कि अगली बैठक परिवहन आयुक्त प्रशांत गोयल के साथ होगी जिसमें समस्याओं का हल निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में संगठन ने विशेष आयुक्त को बताया कि 1 अप्रैल 2025 से काली पीली टैक्सी और इकोनॉमिक रेडियो टैक्सी की फिटनेस जांच का कार्य सर्वर सिस्टम की वजह से नहीं हो रहा है।

### पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों का किया जा रहा अपमान : आप

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले को कांग्रेस बनाम भाजपा का रंग देकर जान गंवाने वालों का अपमान किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने पहलगाम आतंकी हमले पर मीडिया से बातचीत करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि पहलगाम का हमला देश पर हुआ है। वहां निर्दोष, निहत्थे लोगों को मारा गया। हम सभी को पार्टी पॉलिटिक्स से उठ कर देखना होगा, ताकि पाकिस्तान को मिल कर करारा जवाब दिया जाए। इसको कांग्रेस बनाम भाजपा का रंग देने की कोशिश में लगे लोग उन सब का अपमान कर रहे हैं, जिन्होंने इस आतंकवाद में अपनी जान गवाई है। उन्होंने कहा कि इस समय न कांग्रेस, न भाजपा और ना ही आम आदमी पार्टी महत्वपूर्ण है, इस समय सिर्फ हमारा देश महत्वपूर्ण है।

### 'आप' ने एमसीडी में अंकुश नारंग को नेता प्रतिपक्ष किया नियुक्त

**एजेंसी. नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रणजीत नगर से पार्षद अंकुश नारंग को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में विपक्ष का नेता नियुक्त किया है। मंगलवार को एमसीडी सचिव को लिखे पत्र में 'आप' की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने लिखा कि मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वार्ड नंबर 87 (रणजीत नगर) से पार्षद अंकुश नारंग को दिल्ली नगर निगम में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है। यह घटनाक्रम एमसीडी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फिर से सत्ता में आने के कुछ दिनों बाद हुआ है। महापौर चुनाव के नतीजे 25 अप्रैल को घोषित किये गए थे। राजा इकबाल सिंह महापौर चुने गए। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार मंदीप सिंह को 125 मतों के अंतर से हराया। 'आप' ने महापौर चुनाव का बहिष्कार किया था। वर्तमान में, 250 सदस्यीय नगर निकाय में भाजपा के 117 सदस्य हैं। 'आप' के 113 और कांग्रेस के आठ पार्षद हैं।

## उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

# विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं प्रदान करना दिल्ली सरकार का संकल्प : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का संकल्प है कि दिल्लीवासियों को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं प्रदान की जाएं। इसके लिए हमने आज विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया, जिसमे इंदरलोक मेट्रो स्टेशन के पास नजफगढ़ ड्रेन से लेकर हैदरपुर ट्रीटमेंट प्लांट के पास मुनक नहर प्रमुख रूप से शामिल रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना के साथ संयुक्त निरीक्षण के बाद यह मीडिया को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि हमने मुनक नहर का निरीक्षण किया, जो हरियाणा से शुरू होकर इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन तक आती है और नजफगढ़ ड्रेन से जुड़ती है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा



गुप्ता ने दिल्ली के नालों की सफाई और जल प्रबंधन को बेहतर करने से सम्बंधित कार्यों का संयुक्त निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मुनक नहर के दोनों किनारों पर सड़क निर्माण करने और जल संरक्षण की दिशा में व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास नजफगढ़ ड्रेन से लेकर हैदरपुर के पास मुनक नहर तक का निरीक्षण किया।

### महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से की गई समीक्षा

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि इस मुनक नहर के दोनों किनारों पर सड़क निर्माण, नहर की सुरक्षा, और यहां से मिलने वाले पानी के संग्रह व शुद्धिकरण को सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई। दिल्ली की जल समस्या का स्थायी समाधान हो, राजधानी को साफ पानी मिले और दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स पूरी क्षमता से कार्य करें। इसी उद्देश्य से एक व्यापक योजना पर काम करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। भविष्य में भी इन प्रयासों को और तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पूरी दिल्ली के जल प्रबंधन को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने की दिशा में ठोस योजना तैयार की जाएगी।

### नालों की सफाई का कार्य पहले ऐसा नहीं हुआ : उपराज्यपाल

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारी स्वयं मैदान में उतरकर निरीक्षण कर रहे हैं, और बीते दो महीनों में जितना नालों की सफाई का कार्य हुआ है, वह बीते कई वर्षों में नहीं हुआ था। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली की विरासत और हरियाली को सहेजते हुए इसे एक सुंदर, सुनियोजित और गर्वित राष्ट्रीय राजधानी बनाया जाए। साथ ही उन्होंने बताया कि आज के निरीक्षण के दौरान जल व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर भी गहन समीक्षा की गई है। विशेष रूप से नहरों की सफाई, पानी के रिसाव को रोकने और एसटीपी की क्षमता को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर साधा निशाना

# महिलाओं को 2500 रुपए महीना वाली गारंटी भी निकली जुमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए प्रति महीना वाली पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी भी जुमला निकली है। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए यह बाते कही। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा शासित दिल्ली सरकार ने दिल्ली की महिलाओं को धोखा दिया है। सौरभ भारद्वाज ने अपनी बात को सत्यापित करते हुए कुछ तथ्य मीडिया के समक्ष पेश किए। उन्होंने कहा कि केवल बीपीएल कार्ड धारक परिवार में से एक महिला को 2500 रुपए महीना की आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी। 18 वर्ष से 21 वर्ष तक की महिलाओं को नहीं दी जाएगी। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में रहने वाली लाखों पूर्वांचल महिलाएं भी 2500 रुपए महीना आर्थिक सहायता राशि की योजना से बाहर की गई है। आप प्रदेश संयोजक भारद्वाज ने



सवाल करते हुए कहा कि वोट लेते समय मोदी ने क्यों नहीं कहा कि एक परिवार से केवल एक महिला का वोट ही चाहिए? जिन महिलाओं के बच्चों का वैक्सीनेशन नहीं हुआ वह भी 2500 रुपए आर्थिक सहायता राशि की योजना से बाहर है। भाजपा महिलाओं को 2500 रुपए महीना राशि न देने के भिन्न-भिन्न बहाने ढूंढ रही है। भाजपा शासित दिल्ली सरकार की नींव ही झूठ पर रखी गई है। भाजपा शासित दिल्ली सरकार सबसे जल्दी विश्वसनीयता खो देने वाली सरकार बनी है।

### रेखा सरकार महिलाओं को 2500 रुपये महीना देने के नाम पर खेल रही है आंख मिचौली : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने एक बार फिर दिल्ली की रेखा सरकार को महिलाओं को 2500 रुपये महीना देने की योजना को लेकर घेरा है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रेखा सरकार को घेरते हुए कहा कि महिलाओं को महिला समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपये देने के नाम पर सीएम रेखा गुप्ता आंख मिचौली का खेल खेल रही है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव में कहा था कि पहली कैबिनेट में दिल्ली की महिलाओं को महिला समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपये मासिक देने का प्रस्ताव पारित होगा। लेकिन भाजपा की रेखा सरकार ने पिछले 3 महीनों से मोदी के वादे को ठंडे बस्ते में डाल दिया और लगातार अलग-अलग बयान देकर लाखों महिलाओं को सिर्फ गुमराह कर रही हैं। यादव ने कहा कि महिला समृद्धि योजना की रूपरेखा तैयार किए बिना फिर एक बार मुख्यमंत्री का बयान है कि 2500 रुपये तो देंगे लेकिन महिलाएं पूरा पैसा नही निकाल सकेंगी। जब पूरा पैसा नहीं निकाल सकते तो 2500 रुपये मासिक की योजना का नाम क्यों दिया जा रहा है। यादव ने कहा कि मैं रेखा गुप्ता से पूछना चाहता हु कि क्या कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी के दौर में भूख से लड़ने वाले गरीब पूंजी जमा करने की क्षमता रखता है।

### सरकारी स्कूलों में छात्रों को विज्ञान एवं कॉमर्स पढ़ने का मिले अवसर : सचदेवा

**नई दिल्ली।** भाजपा सरकार का एक लक्ष्य रहेगा कि दो साल में यह सुनिश्चित हो कि दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों को विज्ञान एवं कॉमर्स पढ़ने का अवसर मिले। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि जहां अन्य राजनीतिक दल सत्ता में आने पर जैसटेशन पीरियड मांगते हैं वहीं दिल्ली



वालों ने 8 फरवरी को भाजपा को चुना और भाजपा सरकार ने जीत के 3 महीने से कम में दिल्ली स्कूल एजुकेशन विधेयक 2025, आयुष्मान भारत कार्ड एवं महिला सम्मान राशि निर्णय लेकर इतिहास रच दिया है। सचदेवा ने कहा कि पहले कांग्रेस फिर अरविंद केजरीवाल सरकार शिक्षा माफिया से सांठ-गांठ के चलते फीस नियंत्रण नियमों को कानून का रूप देने से बचते रहे पर आज भाजपा सरकार ने जन आकांक्षाओं की पूर्ति की है।

### कैंडल मार्च...




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरी दिल्ली में पहलगाम आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एक साथ है, पूरा भारत एक है।

# दिल्ली में अब कोई भी स्कूल मनमानी फीस नहीं बढ़ा पाएगा : रेखा

## फीस निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता विधेयक, 2025 को दी कैबिनेट ने मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में अब कोई भी स्कूल मनमानी फ़ीस नहीं बढ़ा पाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। इस दौरान शिक्षा मंत्री आशीष सूद भी उपस्थित रहे। उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025 को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इससे स्कूल फीस निर्धारण में अब पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य स्कूल फीस को विनियमित करना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, जिससे स्कूलों को मनमानी फीस वसूलने से रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह




ड्राफ्ट राष्ट्रीय राजधानी भर में स्कूल फीस में अत्यधिक वृद्धि को लेकर अभिभावकों के बीच बढ़ती शिकायतों को संज्ञान में लेकर तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अब हर स्कूल में फीस रेगुलेशन कमिटी बनेगी। अभिभावकों को सीधा निर्णयकारी अधिकार मिलेगा। बिना अनुमति फीस बढ़ाने पर 10 लाख रुपए तक जुर्माना लगेगा और इसके साथ ही स्कूल की मान्यता भी रद्द की जा सकती है। फीस विवाद की अपील के लिए तीन-स्तरीय समिति प्रणाली लागू की गई है। स्कूल, जिला और राज्य स्तर की समिति गठित होगी। अबतक दिल्ली के 970 स्कूलों का निरीक्षण हुआ और 150 से अधिक स्कूलों को फ़ीस वृद्धि संबंधी शिकायतों पर नोटिस जारी किया गया है। पूर्ववर्ती सरकार पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने 27 वर्षों तक इस मुद्दे को अनदेखा किया, लेकिन हमारी सरकार ने केवल 65 दिनों में यह ऐतिहासिक कदम उठाया। इतने कम समय में हमने एक प्रभावशाली बिल तैयार कर, उसे कैबिनेट से पारित कर दिल्ली की जनता के समक्ष एक नया प्रशासनिक दृष्टिकोण और सुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### स्कूलों में बढ़ी फीस को भाजपा ने दे दी है हरी झंडी : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार स्कूल फीस मामले में जो कानून लेकर आई है वह जुलाई में आएगा और अक्टूबर में पता चलेगा कि अगले साल कितनी फीस बढ़ेगी, अभी जो फीस बढ़ी है, उसे भाजपा ने हरी झंडी दे दी है। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार को लेकर यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को लेकर आम आदमी पार्टी ने जैसा कहा था, भाजपा की सरकार में ठीक वैसा ही हो रहा है। आज भाजपा की दिल्ली सरकार प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट के साथ सीधे तौर पर मिली हुई पूरी दिल्ली को दिख गई है। सीएम रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर कहा कि दिल्ली के अंदर प्राइवेट स्कूलों में फीस तय करने के लिए एक कानून ला रहे हैं।

## अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# आशा होम्स में सुविधाओं को लेकर न हो कोई लापरवाही: रविंद्र इन्द्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आशा होम्स में सुविधाओं में कोई लापरवाही न हो। उनके गर्मी से बचाव, भोजन व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें। समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मंगलवार को दिव्यांगों को हीट एक्सपोजर से बचाने के लिए सभी आवश्यक इंतजामों के निर्देश दिए। उन्होंने रोहिणी, नरेला, हरि नगर और तिमारपुर में बने होम्स में रह रहे मानसिक दिव्यांगों के लिए एसी, डेजर्ट कूलर, रूम कूलर, पंखों की उपलब्धता, ठंडे और शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर और आरओ की स्थिति जानी। साथ ही टॉयलेट्स और



स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बता दें कि मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मानसिक दिव्यांगों के लिए बने दिल्ली के सभी आशा होम्स में समर एक्शन प्लान के तहत गर्मी से बचाव, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी सुविधाओं के किये गये इंतजामों पर समाज कल्याण और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

### यमुना की सफाई में भाजपा सरकार भी विफल, नहाने योग्य भी नहीं है पानी : देवेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा की दिल्ली सरकार पर आरोप लगाया है कि यमुना की सफाई को प्रमुखता से अपने वादों में बेशक शामिल किया हो। लेकिन अभी तक रेखा सरकार भी पूरी तरह से विफल नजर आ रही है, क्योंकि यमुना के पानी की 7 जगहों पर क्वालिटी चेक की रिपोर्ट में साबित हो गया है कि अभी पानी नहाने योग्य तक भी नहीं है। यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार बार बार कहती रही है कि हमारी प्राथमिकता यमुना सफाई था। लेकिन दूसरी तरफ यमुना की सफाई क नाम पर दिल्ली का धोखा दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि यमुना जल की क्वालिटी चेक की रिपोर्ट बता रही है कि रेखा सरकार के दावे भी केजरीवाल सरकार की तरह धोखा साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली ही नहीं उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी यमुना के पानी की क्वालिटी प्रदूषित पाई गई है। इससे साबित होता है कि भाजपा सरकार का यमुना सफाई का दावा केवल ढ़ोंग है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा क्वालिटी चेक के बाद यमुना के जल की वास्तविकता दिल्लीवालों के सामने आ गई है। यादव ने कहा कि यह चिंताजनक है कि यमुना के जल में प्रदूषण तत्वों का तय मानक अनुसार फेकल कोलीफॉर्म प्रति 100 एमजी पानी में 500 एमपीएन होना चाहिए और 2500 एमपीएन होने तक यह उपयोग लायक नही रह जाता है।

# पारे में गिरावट से मिल रही राहत, तीन दिन दिल्ली में तेज आंधी और हल्की बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पारे में गिरावट से लोगों ने राहत महसूस की है। जबकि एक मई से अगले तीन दिनों के लिए आंधी, बारिश का अनुमान बताते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.5 डिग्री कम है। जबकि न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य श्रेणी में आता है। मौसम को लेकर आईएमडी ने अनुमान बताते हुए एक मई 2025 से अगले तीन दिन राजधानी में तेज धूल भरी आंधी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। जिसके तहत एक और दो मई को दिल्ली में 50 किमी या इससे भी तेज गति से धूल भरी आंधी चलने की प्रबल संभावना है। जबकि तीन मई को हवा की गति में मामूली कमी होगी व हल्की बारिश भी देखन को मिलेगी। इसके अलावा आईएमडी ने ग्रीन अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि 4-5 मई को भी दिल्ली में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है, लेकिन धूल वाली आंधी की गुंजाइश नहीं



रहेगी। हालांकि हवा की गति इस दौरान भी 40 किमी प्रति घंटा के आस पास रहने की संभावना है। वहीं दूसरी तरफ निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि इस समय दिल्ली हरियाणा में हवा ने राहत दी है। इसके पीछे मुख्य कारण पूर्वी हवाएं हैं जो दिल्ली में आने की वजह से लोगों को भीषण गर्मी से मामूली राहत मिली है।

## खबर संक्षेप

### पौने दो करोड़ रुपए से बनेगी सड़कः मंत्री नागर

**फरीदाबाद।** मंत्री राजेश नागर ने आज तिलपत विधानसभा क्षेत्र की पल्ला तिलपत सड़क को बनाने के काम की शुरुआत करवाई। उन्होंने



स्थानीय बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाया साथ ही ठेकेदार को समय पर काम पूरा करने की हिदायत दे डाली। सड़क परशुराम चौक से बागवाली गली तक बनाई जाएगी जिस पर करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत आएगी साथ ही करीब 36 लाख की लागत से सीवर की व्यवस्था भी की जाएगी। मंत्री नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तेजी से हरियाणा आगे बढ़ रहा है।

### अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने अवैध



हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को 2 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पवन निवासी भारत कॉलोनी पुल गोल सेक्टर 37 से व आरोपी सोनू निवासी प्रेम नगर झुग्गी खेड़ीपुल फरीदाबाद को तिलपत रोड एरिया से देसी कट्टा के सहित गिरफ्तार किया है।

### रिश्वत लेने पर पटवारी को चार साल की कैद

**गुरुग्राम।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने रिश्वत लेने के मामले में पटवारी को दोषी करार देते हुए चार साल कैद व 30 हजार रुपए



जुर्माने की सजा सुनाई है। पटवारी ने अदालत में चल रहे एक केस में रिकॉर्ड मुहैया कराने की एवज में शिकायतकर्ता से आठ हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। 6 फरवरी 2023 को एक व्यक्ति ने एसीबी में शिकायत दी कि उसका जमीन से संबंधित एक केस अदालत में चल रहा है। भूमि अर्जन अधिकारी कार्यालय, जिला गुरूग्राम पहुंचा।

# खांडल विप्र सभा फरीदाबाद ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

खांडल विप्र सभा फरीदाबाद के द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव सेक्टर 10 स्थित राजस्थान भवन में बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा एवं मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय अजय गौड़ ने दीप प्रज्वलित कर भगवान परशुराम के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाज के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का पटका एवं फूलमाला के द्वारा स्वागत किया गया। प्रवीण बत्रा जोशी अपने सारगर्भित संबोधन में भगवान परशुराम को तप, त्याग और शौर्य का प्रतीक बताते हुए कहा किए भगवान परशुराम केवल एक युगपुरुष नहीं, बल्कि सनातन धर्म की प्रेरणा स्तंभ हैं। हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा, सत्य और धर्म की राह को जीवन में अपनाना चाहिए।

**खास बातें**

- 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।
- परशुराम के दिखाए मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहेंगे।
- सचिव गौड़ ने भगवान परशुराम को ज्ञान, वीरता और धर्म रक्षा के अप्रतिम आदर्श के रूप में नमन किया

### दीप प्रज्वलित कर भगवान परशुराम के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ



मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव रहे अजय गौड़ ने भगवान परशुराम को ज्ञान, वीरता और धर्म रक्षा के अप्रतिम आदर्श के रूप में नमन करते हुए कहा किए उनकी जीवन गाथा आज भी हमें अन्याय के विरुद्ध अड़िग रहने और धर्म के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। टिपर चंद शर्मा ने अपने उद्बोधन में भगवान परशुराम को न्याय और कर्मशीलता का अवतार बताते हुए कहा किए परशुराम जी ने अपने जीवन में अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और धर्म की स्थापना का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमें भी उनके आशीर्वाद से सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। विमल खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। हम सभी भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहेंगे।

### आयोजन में समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे

इस मौके पर हरीराम झुणझूनोदिया अध्यक्ष, कमल रिणवां महासचिव, धर्मेन्द्र बुढाढरा कोषाध्यक्ष, मधुसूदन माटोलिया निवर्तमान अध्यक्ष, अश्वनी पीपलवा उपाध्यक्ष, कमल सेवदा उपाध्यक्ष, विमल खण्डेलवाल संयुक्त सचिव, युवा अध्यक्ष समीर नवहाल, कार्यकारिणी सदस्य देवकरण पींपलवा, जगदीश गोवला, पूजा माटोलिया एवं समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

### विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया

**फरीदाबाद।** भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव पूर्व विधायक आनंद कौशिक के कार्यालय पर श्रद्धा के साथ मनाया गया। तत्पश्चात पहलगाम कश्मीर में हुई आंतकी घटना में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव बलजीत कौशिक ने कहा कि परशुराम जयंती का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। भगवान परशुराम किसी समाज विशेष के आदर्श नहीं है, वे संपूर्ण मानव जाति के आदर्श है और वे चिरंजीवी है। भगवान विष्णु ने पापी, विनाशकारी तथा अधार्मिक राजाओं का विनाश कर पृथ्वी का भार हरने हेतू परशुराम जी के रूप में छठवां अवतार धारण किया था। बलजीत कौशिक ने कहा कि त्रैतायुग से द्वापर युग तक परशुराम के लाखों शिष्य थे। परशुराम जी ने ही महाभारत काल के वीर योद्धाओं भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण को अस्त्र शस्त्रों की शिक्षा दी थी। उन्होनें ही भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। ऐसा माना जाता है कि वे कल्प के अंत तक धरती पर ही तपस्यारत रहेगें। इस मौके पर प्रो. एमपी सिंह, विचार-विभाग हरियाणा कांग्रेस के चेयरमैन, विनोद कौशिक, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व सरपंच रमेश कौशिक, यादराम भारद्वाज, अर्जुन, शिवम, पुष्कर, केडी शर्मा, एन.के. शर्मा, किशन दत्त शर्मा, हरि शर्मा, जय भगवान भारद्वाज, सुभाष शर्मा, सीएल भारद्वाज, कृष्ण शर्मा, धर्मदत्त, सुशांत, आकाश शर्मा, महेश शर्मा, जगदीश पाराशर, देवेन्द्र दीक्षित, नरेन्द्र कौशिक, मंगत शर्मा, बालकिशन वशिष्ठ चेयरमैन, प्रेम, चंचल, सन्नी शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर ने सर्विस रोड के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया

# बड़खल विधानसभा में कराए जाएंगे 87 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्यः कृष्णपाल गुर्जर

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया, 1 करोड़ 6 लाख की लागत से सिंथेटिक ट्रैक, 18 लाख की लागत से 5 कियारी का निर्माण कार्य किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने जनहित को ध्यान में रखते हुए बैक टू बैक विकास कार्यों की नींव रखी। वार्ड न.12 के अंतर्गत हार्डवेयर चौक से पंचकुईया रोड तक इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सर्विस रोड निर्माण कार्य और एनआईटी 01 स्थित रोज गार्डन के जीणोद्धार कार्य की विधिवत शुरुआत बुजुर्गों से नारियल तुड़वाकर की। इसके अलावा मंगलवार को धौज क्रेशर जोन सड़क के विशेष मरम्मत कार्य की भी औपचारिक रूप से शुरुआत की। इस अवसर पर उनके साथ बड़खल विधायक धनेश अदलखा और एनआईटी विधायक सतीश फागना भी रहे मौजूद रहे। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। 87 करोड़ रुपए लागत राशि के विकास कार्य बड़खल विधानसभा में कराए जाएंगे। मतदाताओं के मतदान की ताकत से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास के पथ पर तीन गुना रफ्तार से अग्रसर है। क्षेत्रिय विकास कार्यों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि बड़खल विधानसभा के सबसे बड़े पार्क रोज गार्डन का जीणोद्धार कार्य अब तेजी से पूरा होगा। इसमें लगभग 1 करोड़ 6 लाख की लागत से सिंथेटिक ट्रैक, 18 लाख की लागत से 5 कियारी का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूलों की महक होगी। साथ ही 70 लाख रुपए की लागत से लाईट व म्यूजिक सिस्टम लगाया जाएगा। इसी तरह 46 लाख की लागत से हार्डवेयर चौक से पंचकुइयां रोड तक इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सर्विस रोड के कार्य निर्माण कार्य का भी मंत्री ने विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही विकास कार्य पूरे होंगे और क्षेत्र की एक बदली हुई सुंदर तस्वीर देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लगभग 87 करोड़ रुपए लागत राशि के विकास कार्य बड़खल विधानसभा में कराए जाएंगे।

**खास बातें**

- कनेक्टिविटी से लॉजिस्टिक और ट्रांजिट हब बनेगा फरीदाबाद
- मंत्री ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया
- नारियल तुड़वाकर शुभारंभ कराया

### हाईवे से देश के किसी भी कोने में पहुंचा जा सकता है



केंद्र व प्रदेश स्तर की योजनाओं पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बनाई जा रही सभी योजनाएं नागरिक हितैषी हैं। सरकार की ओर से पूरे मंथन के बाद ही प्रत्येक नागरिक को ध्यान में रखकर योजना तैयार की जाती है। इन नीतियों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। सरकार का एकमात्र ध्येय अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचना है। मौजूदा सरकार प्रयासों से फरीदाबाद की कनेक्टिविटी इतनी मजबूत हो गई है कि यहां से निकलने वाले हाईवे से देश के किसी भी कोने में पहुंचा जा सकता है। मोहना से होते हुए केएमपी से दिल्ली-वडोदरा, केएमपी से मेरठ, हरिद्वार, देहरादून कहीं भी जा सकते हैं।

एक हाईवे को दूसरे हाईवे से सुनियोजित ढंग से जोड़ा गया है, जिससे सफर न केवल आसान हुआ है, बल्कि समय और ईंधन की बचत भी हो रही है। चाहे जयपुर जाना हो या मुंबई, चंडीगढ़ या वैष्णो देवी, फरीदाबाद से अब हर दिशा में निर्बाध और सुलभ कनेक्टिविटी उपलब्ध है। यह हाईवे कनेक्टिविटी फरीदाबाद को एक महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक और ट्रांजिट हब के रूप में उभर रही है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार, रोजगार और पर्यटन को भी नई गति मिल रही है। इसके अलावा मंत्री गुर्जर ने धौज पुलिस स्टेशन से धौज क्रेशर जोन तक जाने वाली मुख्य सड़क के मरम्मत कार्य का विधिवत तरीके से बुजुर्गों से नारियल तुड़वाकर शुभारंभ कराया।

### नागरिकों को इसका लाभ शीघ्र मिलेगा

विधायक धनेश अदलक्खा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि उनकी जीत जनता के आशीर्वाद और सहयोग का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को लेकर हम निरंतर प्रयासरत हैं कि देश के हर कोने तक विकास पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अब ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है, जिससे जिला में अभूतपूर्व विकास कार्य होंगे और नागरिकों को इसका लाभ शीघ्र ही दिखने लगेगा। कार्यक्रम के अंत में एनआईटी विधायक सतीश फागना ने आए हुए सभी गणमान्यों व्यक्तियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विकास किसी पार्टी या व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे शहर के लिए होना चाहिए। हर वार्ड, हर गली, हर मोहल्ले को एक जैसी सुविधाएं देना ही हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर पार्षद सुमन बाला, पार्षद जगत फागना, पार्षद हरि कृष्ण गिरोटी, पार्षद गायत्री देवी, पार्षद भगवान सिंह सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### भाजपा इन्द्रप्रस्थ मंडल की कार्यकारिणी घोषित

## चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, पांच सचिव, एक कोषाध्यक्ष बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी इन्द्रप्रस्थ मंडल कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, पांच सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक मीडिया प्रमुख, एक आईटी प्रमुख, व एक सोशल मीडिया प्रमुख बनाए गए। भाजपा इन्द्रप्रस्थ मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश चौधरी ने बताया कि कार्यकारिणी का गठन केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पं. मोहन लाल बडौली, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, मंत्री राजेश नागर, जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल की स्वीकृति के बाद किया गया। कर्मवीर बैंसला, श्रीमती ममता श्रीवास्तव, आदित्य भसीन, त्रिलोकनाथ कपूर को उपाध्यक्ष,



सुरेश महाजन, करनपाल शर्मा को महामंत्री, केके राजपूत, प्रमोद गोस्वामी, सविता, बिंदू कॉल व राजेश तोमर को सचिव, श्रीमती रचना चौहान को कोषाध्यक्ष, विनय भदौरिया को मीडिया प्रमुख, टी.एल. साहू को आईटी प्रमुख व निखिल चौधरी को सोशल प्रमुख नियुक्त किया गया। मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राजेश चौधरी ने नई कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

### डॉ. यादव ने फरीदाबाद स्थित नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

## सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सुनिश्चित करें सुविधाः डॉ. सविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय हरियाणा की उपनिदेशक मलेरिया डॉ. सविता यादव ने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। उपनिदेशक ने कहा कि जनहित में स्वास्थ्य सेवाएं बेहद महत्वपूर्ण होती हैं। अधिकारी सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मरीजों को सुविधा देना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन फरीदाबाद डॉ. जयंत आहूजा, कार्यवाहक प्रधान चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल फरीदाबाद डॉ. विकास गोयल, उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. राम भगत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। दुर्घटना और आपातकालीन वार्ड का निरीक्षण कर स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर बढ़ाने के अलावा पार्किंग व्यवस्था भी बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि जिले में ज्यादातर स्वास्थ्य सेवाएं मिले ताकि रेफरल केस कम हो सकें। प्रसव मामलों की रिपोर्ट को देखते हुए अस्पताल में 24 घंटे स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कार्यक्रमों की समीक्षा की

उपनिदेशक डॉ. सविता यादव ने उप सिविल सर्जनों के साथ बैठक कर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। एनएचएम, डीआईओ के तहत जारी कार्यक्रम के अलावा गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं के टीकाकरण में उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। डॉ. यादव ने बैठक में निर्देश दिए गए कि कम टीकाकरण वाले क्षेत्र में प्रयास बढ़ाए जाएं। कार्यक्रम का विश्लेषण करते हुए उप सिविल सर्जन ने कहा कि मलेरिया के किसी भी प्रकोप से निपटने के लिए जिले की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य में बचाव के लिए बेहतर से बेहतर रणनीति तैयार करने के लिए निर्देशित किया।

### मेरठ, गाज़ियाबाद, कानपुर देहात और उन्नाव के शासकीय विद्यालयों में 75 सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनों का स्थापना कार्य प्रारंभ

## महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस प्रयास किए गएः डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मंगलवार को यहां कहा कि महिला सशक्तीकरण और बालिका कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से जब नारी शक्ति के सशक्तीकरण का आह्वान किया था, तभी से यह विषय राष्ट्रीय विकास के केंद्र में आ गया है। उनके इसी विचार को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस प्रयास किए गए हैं।

लक्ष्मीकांत आज जीजीआईसी विजयनगर में महिला सशक्तीकरण से संबंधित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जीजीआईसी की छात्राओं का विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### 6 महीने के रिफिल पैड्स भी प्रदान किए जा रहे हैं



7 मशीनें की स्थापना करते हुए शासकीय विद्यालयों में 75 सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनों का स्थापना कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही, प्रत्येक मशीन के लिए 6 महीने के रिफिल पैड्स भी प्रदान किए जा रहे हैं। यह पहल न केवल किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में सहायक होगी, बल्कि उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करेगी। 6 माह के उपरांत इन मशीनों का नियमित रिफिल कार्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पहले ओएनजीसी के सहयोग से प्रदेश के दो जिले हापुड़ व मेरठ में 15,000 कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर कुपोषण के खिलाफ व्यापक कार्य किया गया। अब इस प्रयास को एक नई दिशा देते हुए उत्तर प्रदेश के चार जिलों-मेरठ में 55 मशीनें, गाजियाबाद में 7 मशीनें, कानपुर देहात में 6 मशीनें और उन्नाव में

### कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संजीव शर्मा ने की

इस अवसर पर मुख्य रूप से ईआईएल की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती वर्तिका शुक्ला (वर्चुअल माध्यम से), सीएसआर प्रमुख विवेक अवस्थी (वर्चुअल माध्यम से), अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, कार्यक्रम संयोजक ,अनमोल खन्ना, बीएसए ओपी यादव, एडीआईओएस, जीजीआईसी प्रधानाचार्या विभा चौहान उपस्थित रहे।

## आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की जरूरत पूरा करेगा दिशा होम लोन

**गुरुग्राम।** अक्षय तृतीया पर एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड (एएफएल) ने एक्सिस फाइनेंस दिशा होम लोन लॉन्च किया। यह उत्पाद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न-आय वर्ग के होमबायर्स की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। एक्सिस फाइनेंस के एमडी और सीईओ, साई गिरिधर ने कहा कि एक्सिस फाइनेंस दिशा होम लोन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को वित्तीय कमियों को दूर करने में मदद कर उनके अपने घर का सपना साकार करने के लिए सशक्त बनाने का लक्ष्य रखता है। यह सरकार के इस क्षेत्र में आवास वित्त तक पहुंच बढ़ाने के निरंतर प्रयासों के अनुरूप है। दिशा होम लोन में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में लोगों की जरूरतों के अनुसार होम लोन समाधान प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, और इसके साथ ही ऋण प्रक्रिया को बहुत सहज और सरल बनाने का भी प्रयास किया गया है।

## मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में जनसभा का हुआ आयोजन

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री करतार सिंह भड़ाना के बीच बढ़ रही नजदीकियां फरीदाबाद की राजनीति में कोई बड़ा उलटफेर होने के संकेत दे रही है। इन दोनों नेताओं के बीच बढ़ रही नजदीकियों को लेकर त्रिमूर्ति भी सर्तक हो गई है। गौरतलब है कि फरीदाबाद की राजनीति में कभी नदी के दो किनारे समझे जाने वाले केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व पूर्व मंत्री करतार भड़ाना के बीच यूं तो विगत लोकसभा चुनाव में उस समय नजदीकियां बढ़नी शुरू हो गई थी जबकि करतार भड़ाना ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में एक जनसभा का आयोजन किया।

पुलिस की गोली से राम हुआ लंगड़ा

# एनसीआर में सक्रिय शातिर लुटेरे राम और श्याम गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना कौशांबी पुलिस ने मंगलवार की तड़के एक मुठभेड़ के दौरान शातिर लुटेरे रामा व श्यामा को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली से रामा लंगड़ा हो गया। दोनों ही बदमाश शातिर चेन लुटेरे हैं और दिल्ली एनसीआर में सक्रिय हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 1 तमंचा, 1 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस, 2 पीली धातू की चैन, 2 सफेद धातू की चैन व घटना में प्रयुक्त 1 मोटर साइकिल बरामद की हैं। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने कि थाना कौशांबी पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत रूटीन चेकिंग में टीम बनाकर सेक्टर 2/5 की पुलिया पर इंदिरापुरम की ओर से आने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी इंदिरापुरम की ओर से आ रही एक काले रंग की बिना नबंर प्लेट की मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति को चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया तो एकदम से ब्रेक लगाकर मोटर साइकिल को वाए मोड़कर नीचे कच्चे रास्ते से एलेवेटिड के नीचे यूपीगेट पुल की तरफ भागने लगे।

### घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा

पुलिस ने मोटर साइकिल का पीछा किया और रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल आगे उबड़-खाबड़ रास्ता होने के कारण पत्थरों से टकरा कर पीलर नं आरएपी नंबर 14 के पास फिसल कर गिर गई और दोनों बदमाश पिलर की आड़ में भागकर छिप गए। पुलिस ने उन्हें आत्म समर्पण करने हेतु



चेतावनी दी लेकिन चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ और दोनों बदमाशों ने पिलर की आड़ लेकर बदमाशों ने पुलिस पार्टी की तरफ ऐम बनाकर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के बायें पैर में गोली लग गई व दूसरे अभियुक्त द्वारा भागने का प्रयास किया गया। जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। घायल बदमाश को गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया गया।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अमित अमन, पुत्रः** श्री जीपीएल दास, **पताः** जी– 274, प्रथम तल, सेक्टर, 63 नोएडा, **उत्तर प्रदेश CT Case No. 10500/2019, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित अमन,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित अमन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अमित अमन, CT Case No. 10500/2019, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
उत्तर पश्चिम कोर्ट नं, 107. प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5330/RD/2025
(Court Matter)

### उत्तर रेलवे

ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर के स्थान को 02 वर्षो के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि एवं समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 07.05.2025 को 10:30 बजे | 12034 (F1), 12191 (F1 & F2) , 12215 (F1), 12428 (F1) (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार, और रविवार), 12444 (F1), 12457 (F1 , F2 & R1), 12562 (F1), 12874 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20806 (F1), 20958 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1), 22806 (F1). |
| 2. | 08.05.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार & मंगलवार), 12191 (R1), 14331 (F1, F2 & R1), 12425 (F1), 12816 (F1), 14206 (F1), 14714 (F1), 15058 (F1), 20452 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22858 (F1), 22986 (F1). |
| 3. | 09.05.2025 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1, F2), 12428 (F1) (सोमवार), 12448 (F1), 12455 (F1), 12481 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 14212 (F1), 14305 (F1, F2, R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2, R1). |
| 4. | 13.05.2025 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12050 (F1), 14041 (F2), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14303 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 14679 (F1), 15035 (F2), 15060 (F1, F2, R1), 20156 (F1), 20473 (F2), 22472 (F1, F2, R1), 54076 (F1, R1). |
| 5. | 14.05.2025 को 10:30 बजे | 12430 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 12876 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 20914 (F1), 22168 (F1, F2), 22438 (F1). |

**महत्वपूर्ण सूचनाः** 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है: a. 14041 (F1, R1). b. 54076 (F1, F2, R1). c. 22454 (F1, F2, R1). 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। 1265/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक समेत 5 को जेल, कोर्ट से राहत नहीं

**बस्ती।** पीएमएलए कोर्ट के जज प्रमोद कुमार गिरी की अदालत ने अवर न्यायालय की सजा को



बरकरार रखते हुए भाजपा के पूर्व विधायक संजय जायसवाल, पूर्व प्रमुख महेश सिंह और त्रयम्बक पाठक सहित 5 को जेल भेज दिया है। वर्ष 2003 में हुए स्थानीय निकाय के एमएलसी चुनाव की मतगणना के दौरान मतपत्र लूटने के केस में प्रशासन ने 5 अभियुक्त बनाया था।

### धर्मांतरण के आरोप के बाद गांव में तनाव

**सरायकेला।** एक गांव में 19 साल की लड़की का धर्म परिवर्तन करवाकर प. बंगाल में शादी करने



का मामला सामने आने के बाद तनाव फैला हुआ है। 32 साल के शख्स पर जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ ने उसके घर को आग लगा दी, उस पर पथराव किया। इस दौरान गुस्साई भीड़ ने उन्हें रोकने वाले पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया।

### पत्नी को बचाने के चक्कर में पति भी ट्रेन से कटा

**कटिहार।** आजमनगर में दिल झकझोर देने वाली घटना घटी। जब बरहट के पास बंद रेलवे फाटक को



पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई, जबकि पत्नी को बचाने के चक्कर में पति भी ट्रेन से कट गया। दंपती अपने पीछे 20 दिन के नवजात बच्चे को छोड़ गए हैं। घटना के बाद लोगों की भीड़ को संभालने में पुलिस के पसीने छूट गए।

## राहुल गांधी के रायबरेली दौरे पर पोस्टर वार, लिखा

# 'तुम जातिवाद से तोड़ोगे, हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे'

राहुल गांधी के रायबरेली दौरे से पहले पोस्टर वार दिखा। यहां भाजपा नेता द्वारा लगाए गए पोस्टर में लिखा गया कि 'तुम जातिवाद से तोड़ोगे, तो हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे'। अब इसको लेकर चर्चाएं तेज हैं।

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

यूपी के रायबरेली में मंगलवार को सांसद राहुल गांधी के दौरे से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। हरचंदपुर क्षेत्र में सांसद के खिलाफ रात में होर्डिंग और पोस्टर लगा दिए गए। इनमें उनके पिछले बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है। पोस्टरों में लिखा 'तुम जातिवाद से तोड़ोगे, हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे'। 'राहुल गांधी जी, कृपया हमारी रायबरेली को जातिवाद में मत उलझाइए'।




### जाको प्रिय राम वैदेही, ताहि वोट कोऊ ना देही

होर्डिंग हरचंदपुर के युवा मंडल अध्यक्ष हर्षित सिंह की तरफ से लगाई गई। होर्डिंग लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जाको प्रिय राम वैदेही, ताहि वोट कोऊ ना देही। उन्होंने राहुल गांधी के उस बयान पर आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने पिछली दिशा बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों की जाति को लेकर सवाल उठाए थे। कहा कि राहुल गांधी का यह बयान जातिवाद को बढ़ावा देने वाला है। इससे समाज में विभाजन पैदा हो सकता है।

### राहुल ने प्रशासनिक अधिकारियों की जाति को लेकर उठाए थे सवाल

दरअसल, राहुल गांधी ने पिछली दिशा बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों की जाति को लेकर सवाल उठाए थे। इस पर काफी विवाद हुआ था। अब उनके रायबरेली दौरे से पहले इस मुद्दे को फिर से उठाया जा रहा है। विरोध करने वालों का कहना है कि राहुल गांधी को रायबरेली को जातिवाद में उलझाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उनका मानना है कि इस तरह के बयान समाज में तनाव पैदा कर सकते हैं।

## पहलगाम हमले पर मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी को घेरा

# समझना मुश्किल हो जाता है 'सपा पार्टी का प्रवक्ता है या पाकिस्तानी'

सीएम योगी ने पहलगाम हमले को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। पूरा देश इस घटना की निंदा कर रहा है। लेकिन, सपा के राष्ट्रीय सचिव ने शर्मनाक बयान दिया। पहचाना करना मुश्किल हो गया है कि वह सपा का प्रवक्ता है या पाकिस्तान का।

एजेंसी ▶▶ देवरिया

जिले के पड़ियापार में राजकीय महाविद्यालय में आयोजित शिलान्यास /लोकार्पण कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निर्धारित समय से करीब आधा घंटा विलंब से पहुंचे। सीएम योगी हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद सीधे महाविद्यालय में पहुंचे। मुख्य द्वार पर लगी शिलान्यास और लोकार्पण के शिलापटों से इलेक्ट्रिक बटन दबाकर 676 करोड़ रुपए की कुल 501 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने मंच पर अपने संबोधन से पहले चारों तरफ हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया तो लोगों ने भी जय श्रीराम के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना को देश कभी क्षमा नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। पूरा देश इस घटना की निंदा कर रहा है। लेकिन सपा के राष्ट्रीय सचिव ने शर्मनाक बयान दिया। पहचाना करना मुश्किल हो गया है कि वह सपा का प्रवक्ता है या पाकिस्तान का। भाजपा सरकार में भारत तेजी से बदल रहा है।

**खास बातें**

- 676 करोड़ रुपए की कुल 501 परियोजनाओं का इलेक्ट्रिक बटन दबाकर किया लोकार्पण
- देश के दुश्मनों को उन्हीं की भाषा में मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है

### यूपी में अब नारी सुरक्षा और गरिमा की गारंटी



यूपी भी नए भारत के नए प्रदेश के रूप में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। आठ वर्षों में बदलते परिवेश और परिवर्तन की लहर को आप सभी लोगों ने देखा है। यहां किसानों को उचित सम्मान मिला रहा है। यहां नारी सुरक्षा और गरिमा की गारंटी है । नौजवानों के रोजगार की गारंटी है। 2017 से पहले समाज को जाति, मत, मजहब के नाम पर बांटने वाली ताकतों ने प्रदेश की जनता का विकास करने की बजाय स्वयं का और परिवार का विकास किया। परिवार तक सिमटी यह ताकतें समाज को बांटने और कमजोर करने के लिए दंगा कराती हैं। लेकिन, भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने के बाद आठ साल से माफियामुक्त, गुंडामुक्त, दंगा मुक्त और भयमुक्त हो चुका है।

देश में यूपी की चर्चा अब केवल विकास के लिए हो रही है। यहां की पहचान बदली है। इसकी पहचान गुंडागर्दी के लिए नहीं, बीमारू राज्य के रूप में नहीं प्रगतिशील भयमुक्त राज्य के रूप में जाना जा रहा है, जिनकी सोच छोटी होती है। तुष्टिकरण की नीति पर काम करेंगे। विकास नहीं कर पाते। वह जाति, मत और मजहब के नाम पर लोगों को गुमराह कर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का घृणित कार्य करते हैं।

**अखिलेश यादव पर हमला 'शुभम हमारी पार्टी का नहीं था' बयान शर्मनाक**

सीएम ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नहीं जाने व उनके बयान को शर्मनाक बताया। उन्होंने अखिलेश पर तंज कसते हुए कहा कि आतंकवादियों ने कानुपर के रहने वाले शुभम द्विवेदी की निर्मम हत्या कर दी और जब पत्रकारों ने सपा अध्यक्ष से शुभम घर पर न जाने की वजह पूछी तो जवाब दिया कि वह हमारी पार्टी का नहीं था। कहा कि यह बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण व शर्मनाक है।

## स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का ऐलान

# बिहार में 27375 आशा कार्यकर्ताओं की बहाली जल्द



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि अगले तीन महीने के भीतर राज्य में 27,375 आशा कार्यकर्ताओं का चयन किया जायेगा। चयन प्रक्रिया जल्द ही शुरु कर दी जायेगी। वे मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य समिति में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद जानकारी दे रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं का चयन ग्राम सभा के माध्यम से होगा, जिसके कार्यान्वयन का जिम्मा स्थानीय मुखिया को दिया जायेगा। वहीं शहरी क्षेत्रों में होने वाले चयन में स्थानीय वार्ड पार्षदों की अहम भूमिका होगी।

### प्रक्रिया तीन माह के भीतर पूरी कर ली जाएगी

आगामी तीन महीने के भीतर ग्रामीण क्षेत्रों में 21 हजार 9 आशा एवं शहरी क्षेत्रों के लिए 5 हजार 316 आशा चयनित होंगे। साथ ही 1 हजार 50 आशा फैसिलिटेटर का भी चयन किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया तीन माह के भीतर पूरी कर ली जाएगी। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह, कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, बीएमएसआइसीएल के प्रबंध निदेशक धर्मेंद्र कुमार, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह सहित कई विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आतंकी हमले से पूरा देश मर्माहत है

वहीं पहलगाम आतंकी हमले पर विपक्ष को घेरते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि जहां एक ओर आतंकी हमले से पूरा देश मर्माहत है, वहीं राजद और कांग्रेस के कुछ नेताओं के बयानों पर पाकिस्तानी मीडिया भारत को बदनाम करने की मुहिम चला रहा है। मंगलवार को जारी बयान में उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कांग्रेस और आरजेडी के कुछ नेता पाकिस्तान की भाषा बोलकर दुश्मन देश का हौसला बढ़ा रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### अयोध्या में रामलला...

और भक्तों के लिए अत्यंत भावुक करने वाला रहा, जो अब रामलला के भव्य धाम को और भी दिव्य रूप में निहार सकेंगे। प्रभु श्रीराम के धाम पर इस ऐतिहासिक ध्वज दंड की स्थापना सुबह साढ़े छह बजे प्रारंभ होकर आठ बजे तक पूरी हुई। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि ध्वज दंड की स्थापना का कार्य पूरी विधि-विधान और परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ। ध्वज दंड 42 फुट लंबा है, जिसे विशेष तकनीक और सावधानी से मुख्य शिखर पर स्थापित किया गया।

**नृपेंद्र मिश्रा बोले- 5 जून को पूरा हो जाएगा राम मंदिर का कंस्ट्रक्शन:** 23 मई और 5 जून की तिथियों का अपना ज्योतिषीय योग है इसलिए 23 मई को स्थापना करने और 5 जून को पूजा संपन्न होने के बाद राम दरबार को आम लोगों के लिए खोलने का निर्णय किया गया है। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का निर्माण कार्य 5 जून को पूरा हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने यह जानकारी दी। मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि, श्री वशिष्ठ जी, अहिल्या जी, निषादराज महाराज, शबरी माता और अगस्त्य मुनि के मंदिर भी 5 जून के बाद आम लोगों के लिए खोल दिए जाएंगे। राम दरबार और मंदिर के परकोटे पर बने छह मंदिरों की पूजा 5 जून को की जाएगी।

### अक्षय तृतीया पर...

बार 4300 से अधिक घोड़े खच्चर संचालक अपनी सेवा देंगे। केदारनाथ धाम जाने के लिए तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से करीब 18 किलोमीटर लंबा पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। केदारनाथ धाम के लिए अब तक 2493 संचालकों ने पांच हजार से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण करवा लिया है। पैदल मार्ग के 13 जगहों पर गरम पानी की भी व्यवस्था की गई है। यमुनोत्री धाम के लिए 3700 से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण किया गया है। केदारनाथ के लिए सोनप्रयाग, गौरीकुंड, भीमबली, लिचौंली और रुद्र प्वाइंट में पांच प्री पेड बुकिंग काउंटर बनाए गए हैं। इसी तरह यमुनोत्री के लिए जानकीचट्टी में जिला पंचायत के द्वारा प्रीपेड काउंटर स्थापित किया गया है।

### पहलगाम आतंकी हमले...

प्रधानमंत्री को जम्मू-कश्मीर में बने हुए मौजूदा जमीनी सुरक्षा हालात और सेना की रणनीतिक तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई थी। बताते चलें कि पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 निर्दोष नागरिक मारे गए हैं। जिनमें से एक नेपाली नागरिक भी था। यह सभी लोग पर्यटक थे और पहलगाम घूमने के लिए गए हुए थे।

### लश्कर-ए-पाकिस्तान...

जहरीली साजिश है। उन्होंने आगे कहा कि पूरी दुनिया में भारतीय मूल के लोग पाकिस्तान के दूतावास और उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन के दौरान उनका अधिकारी बालकनी से बाहर आता है और इशारा करता है कि हम भारतीयों का सिर काट देंगे। यह संकेत कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी के एंटीना में कैद हुआ। उसी तरह की तस्वीर यहां प्रधानमंत्री के लिए पोस्ट की गई है। तो क्या यह कहना गलत है कि कांग्रेस कह रही है कि हम पाकिस्तान के साथ हैं? गौरव भाटिया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवादियों का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा और उनके आकाओं और आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वे इसे जीवन भर याद रखेंगे।

### बडबोले 'अपनों' को...

गांधी ने हिस्सा लिया और केंद्र सरकार के कदमों का समर्थन करने की बात कही। पार्टी ने स्पष्ट किया कि केवल सीडबलूसी का प्रस्ताव, खड़गे, राहुल गांधी, और अधिकृत एआईसीसी पदाधिकारियों के बयान ही पार्टी की आधिकारिक स्थिति को दर्शाते हैं।

उक्त नेता ने स्पष्ट किया कि इसके बाद भी मणिशंकर अय्यर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, और महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार, ने हमले पर ऐसे बयान दिए जो पार्टी लाइन से अलग थे। सिद्धारमैया ने कहा कि युद्ध कोई विकल्प नहीं होना चाहिए, जिसे बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आवश्यक हो तो भारत को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध करना होगा। कर्नाटक के मंत्री आरबी तिम्मापुर ने कहा कि आतंकियों ने लोगों को गोली मारने से पहले उनका धर्म नहीं पूछा, जिसे कुछ ने संवेदनशील मुद्दे को गलत तरीके से उठाने के रूप में देखा। विजय वडेट्टीवार ने पीड़ितों के परिवारों के दावों पर सवाल उठाया कि आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्याएं कीं। इन बयानों को भाजपा ने भुनाया और कांग्रेस पर पाकिस्तान के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयान पाकिस्तानी मीडिया में दिखाए जा रहे हैं, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने इन बयानों पर गहरी नाराजगी जताई। सूत्रों के अनुसार, कुछ नेताओं को आंतरिक रूप से फटकार भी लगाई गई। पार्टी ने साफ किया कि नेताओं के ऐसे बयान पार्टी की एकता और अनुशासन को कमजोर करते हैं, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर गलत संदेश जाता है। यही वजह रही कि एक दिन पहले 28 को कांग्रेस आलाकमान ने सभी नेताओं को निर्देश जारी किया कि वे पहलगाम हमले पर पार्टी लाइन से हटकर कोई बयान न दें। पार्टी ने कहा कि कोई भी नेता बिना अधिकृत अनुमति के इस मुद्दे पर सार्वजनिक टिप्पणी न करे, और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गेहूं और चावल के...

पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री केंद्र सरकार की बजट घोषणा (2025-26) की प्रमुख चार घोषणाओं, जिसमें दलहन में आत्मनिर्भरता, उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन, कपास उत्पादकता के लिए मिशन, फसलों के जर्मप्लाज्म के लिए जीन बैंक में तेजी से प्रगति के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि बीजों की नई किस्मों का विकास हो और ये किसानों तक जल्दी पहुंचे, इस बात की कोशिश होनी चाहिए। देशभर के बीज केंद्र प्रभावी भूमिका निभाते हुए काम करें। विशेषकर यह सुनिश्चित हो कि छोटे और सीमांत किसानों तक प्रौद्योगिकी का फायदा ज्यादा से ज्यादा और जल्दी पहुंचे। चौहान ने कहा कि गेहूं और चावल के साथ, दलहन, तिलहन व मोटे अनाजों की उपज पर भी जोर देने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने कीटनाशकों के सही उपयोग पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों के संबंध में और अधिक अनुसंधान और व्यवस्थित शोध की जरूरत है। मृदा परीक्षण किसानों के अपने खेतों में ही करने के प्रयास होने चाहिए, ऐसा करने से किसानों में रूचिपूर्वक खेती करने की पहल में मदद मिलेगी। बैठक में आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल जाट सहित सभी उप महानिदेशक, सहायक महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

### नमामि गंगे योजना...

क्लीन गंगा" को पिछले आकलन वर्षों (2021-22, 2022-23, और 2023-24) के लिए संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की अनुमति भी दी गई है, जिससे उसे पूर्व में लगाए गए 243.74 करोड़ रुपये के करों से राहत मिलेगी।

**नमामि गंगे कार्यक्रमः** यह केंद्र सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है, जिसके तहत गंगा की सफाई, सीवेज उपचार, नदी सतह की सफाई, वनीकरण, औद्योगिक उत्सर्जन की निगरानी, और जन जागरूकता जैसे कार्य किए जाते हैं। जून 2024 तक, 467 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनकी अनुमानित लागत 39 हजार 80 करोड़ 70 लाख रुपये है।

## मायावती ने आकाश के पक्ष में दिया संदेश

# उनका हौंसला बढ़ाएं और जी-जान से काम में जुट जाएं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि जिन नेताओं को पहले पार्टी से निकाला गया और फिर पार्टी हित में वापस लिया गया है कार्यकर्ता उन्हें पूरा सम्मान दें। उन्होंने बसपा नेता आकाश आनंद का भी हौंसला बढ़ाने का निर्देश दिया है।उन्होंने एक्स पर कहा कि विदित है कि बसपा से जुडे. कुछ लोग अपनी नासमझी, जोश व लापरवाही या विरोधी पार्टियों के षड्यन्त्र के बहकावे में आकर काफी गलती कर बैठते हैं जिन्हें फिर पार्टी हित में सुधारने के लिए पार्टी की जिम्मेवारी से अलग करना व गंभीर मामलों में निकालना भी पड़ता है तथा उनमें से कुछ में परिवर्तन आने व माफी मांगने के बाद फिर पार्टी व मूवमेन्ट के हित में लेना भी पड़ता है और जबसे पार्टी बनी है तो ऐसा किया जाता रहा है जिन्हें पार्टी से कई-कई बार निकाला भी है और उन्हें वापस भी लिया है। ऐसा अन्य पार्टियों में भी होता है।

किन्तु आकाश आनन्द के मामले में खासकर बहुजन समाज के कुछ स्वार्थी व बिकाऊ लोग, जिन्होंने पार्टी के वोटों को बांटने व कमजोर करने के लिए अपनी अनेकों पार्टी व संगठन आदि बनाये हुये हैं वे इस बात का मीडिया में आए दिन काफी गलत प्रचार करते रहते हैं।

ऐसे अवसरवादी व स्वार्थी तत्वों से पार्टी के लोग सतर्क रहें तथा आकाश आनन्द का अब हौंसला भी जरूर बढाएं ताकि वह पार्टी के कार्यों में पूरे जी-जान से जुट जाएं। इसी प्रकार, पार्टी में अन्य जो भी लोग वापस लिए गए हैं उन्हें भी पूरा आदर-सम्मान दिया जाए, जो पार्टी हित में है।

## नोटिस में 15 दिन का समय,2 दिन में चला दिया बुलडोजर

# भाजपा नेता की मार्केट के ध्वस्तीकरण में नया मोड़

एजेंसी ▶▶ बरेली



यहां के आईवीआरआई के पास स्थित भाजपा नेता हरिशंकर गंगवार की मार्केट के ध्वस्तीकरण के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। व्यापारियों के मुताबिक, बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की ओर से 23 अप्रैल को भवन स्वामी हरिशंकर गंगवार और गीता गंगवार को नोटिस जारी कर प्रपत्रों को जमा करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था, लेकिन दो दिन में ही बिल्डिंग ढहा दी गई। व्यापारी इस कार्रवाई को लेकर बीडीए अफसरों पर सांठगांठ का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने बीडीए की ओर से जारी नोटिस को भी सार्वजनिक किया है।

उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना ने कहा कि वर्ष 2024 से ही बीडीए नोटिस जारी कर रहा है। ध्वस्तीकरण में इसलिए तेजी दिखाई गई, ताकि व्यापारी इसमें हस्तक्षेप न कर सकें। कमिश्नर के यहां दाखिल अपील को भी बीडीए ने नजरअंदाज कर दिया। इस मामले को लेकर अब सभी व्यापार मंडल एक हो गए हैं। 30 अप्रैल से बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी रूपरेखा तैयार हो चुकी है, पर अभी इसे सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

### भवन स्वामी ने लिखकर दिया

बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने बताया कि नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद भवन स्वामी ने लिखित में अपना जवाब दाखिल करते हुए कहा कि उसे कंपाउंडिंग नहीं करानी है। ऐसे में नोटिस का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इसी वजह से ध्वस्तीकरण किया गया है। इसमें भवन स्वामी को कोई आपत्ति भी नहीं है।

## कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल की प्रेरणा से

# उत्कृष्ट शिक्षा और रोजगार का अद्भुत संगम है मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा

ब्रज भूमि में स्थित शिक्षा के क्षेत्र में देश भर में प्रतिष्ठित जीएलए संस्थान छात्र-छात्राओं की पहली पसंद बनता जा रहा है। जीएलए के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल की प्रेरणा से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा शैक्षणिक लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए श्रेष्ठता के नए मापदण्ड स्थापित करना है।

### विद्यार्थियों को दे रहे रोजगारपरक शिक्षा



विश्वस्तरीय तथा सुविख्यात संस्थानों जैसे कि आईआईटी, एनआईआईटी से जुड़े रह चुके युवा शोधार्थियों तथा अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। यह शिक्षक न केवल लैक्चर तक ही सीमित है, बल्कि हर पक्ष हर बिन्दु को पूरी तरह व्यावहारिक तथा प्रायोगिक ढंग से समझाते हैं, ताकि छात्र-छात्राऐं अपने विषयों पर गहराई तक पूरी पकड़ प्राप्त कर सकें। विश्वविद्यालय का मूल मन्त्र 'परफैक्ट टीचिंग के साथ-साथ परफैक्ट लर्निंग' भी है। जीएलए ऑनलाइनः जीएलए विश्वविद्यालय में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) बीबीए, बीसीए, बी.कॉम, एमबीए और एमसीए जैसे यूजीसी मान्यता प्राप्त / हकदार ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है।

### छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करने में अग्रणी

जीएलए विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को सर्वश्रेष्ठ दिशा-निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ संकल्पित है। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विष्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ-साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है।




# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबली: द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

लाइफStyle



# तृप्ति
## माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।


इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

## हॉलीवुड मसाला




# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रेंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

## टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक
## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टु' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में
## आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले' :*** साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।




***'बागी' :*** सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना' :*** 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

*मुंबई। जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2':** शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी' :** एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।






### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू' :** सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।



**'भूल चूक माफ' :** अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।



पेण्डरी वाड्रफनगर, बरमकेला एवं फरसगांव थाना क्षेत्र की घटनाएं

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में छह की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर और सारंगढ़ इलाकों से दर्दनाक सड़क हादसों की खबरें सामने आई हैं, जिनमें कुल चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों घटनाओं से आस-पास के इलाकों में सनसनी फैल गई है। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पेण्डारी गांव में भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक देर रात एक आर्केस्ट्रा प्रोग्राम देखकर घर लौट रहे थे। अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से यह भीषण दुर्घटना हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार ट्राले ने मारी बाइक को टक्कर



वहीं, सारंगढ़ के बरमकेला क्षेत्र में भी एक और दर्दनाक घटना घटी। बरमकेला के शासकीय अस्पताल के सामने एक ट्रेलर ने तेज रफ्तार में बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सुभाष चौक पर चक्का जाम कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत कराया और यातायात बहाल करने की कोशिश की। इन हादसों ने सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की जरूरत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल बरमकेला पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



**बाइक सवार एवं बच्ची की मौत, महिला गंभीर:** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के फरसगांव से एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना की खबर आई है। जहां बाइक और कार में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। यह सड़क हादसा नेशनल हाइवे 30 में हुआ है। इस हादसे में बाइक सवार और एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। बाईक में सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल है। यह पूरा मामला फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत माझी आठगांव का है।

राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का मिल सके अवसर

# 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप' योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के युवाओं को शासन और नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर और छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा। यह दो वर्षीय एमबीए डिग्री कार्यक्रम विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का अवसर मिल सके।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य के होनहार युवाओं को शासन से जोड़ना और उन्हें नीति निर्माण में भागीदार बनाना इस फेलोशिप का मूल उद्देश्य है। यह कार्यक्रम सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। सभी चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। 50 हजार रुपए मासिक विद्यार्थियों को उनकी सेवाओं और प्रशिक्षण अवधि के लिए सम्मानजनक छात्रवृत्ति दी जाएगी। आईआईएम रायपुर में पढ़ाई के साथ-साथ छात्र विभिन्न विभागों और जिलों में प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। साथ ही छात्र अपने प्रोजेक्ट्स और नीतिगत सुझाव सीधे मुख्यमंत्री को प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के पास कैट 2022, 2023 अथवा 2024 का वैध स्कोर होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में समूह चर्चा और साक्षात्कार भी शामिल हैं। यह फेलोशिप उन युवाओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर है जो शासन, नीति और सामाजिक विकास के क्षेत्र में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में होने वाली गतिविधियों की समीक्षा

# कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला स्वावलम्बन पर केंद्रित गतिविधियों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के संकल्प को साकार करने के लिए सभी विभागों और एजेंसियों को समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष-भर के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम कैलेंडर के अनुसार सभी गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित कर हर माह इनकी प्रगति की गहन समीक्षा करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में उच्च-स्तरीय बैठक में उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में प्रस्तावित कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव उद्योग राघवेंद्र सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति रश्मि अरुण शमी, खनिज साधन उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार रघुराज राजेंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## आयोजनों की मासिक समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-भर चलने वाले इन आयोजनों की मासिक समीक्षा नियमित रूप से की जाए। प्रत्येक कार्यक्रम के आयोजन के बाद उसकी उपलब्धियों, चुनौतियों और सुधार के बिंदुओं का विश्लेषण किया जाए, जिससे अगली गतिविधियों में उन्हें समाहित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्यमिता का माहौल केवल विकसित जिलों तक सीमित न रहे, बल्कि औद्योगिक रूप से पिछड़े अंचलों तक उसकी पहुंच बने, जिससे रोजगार के अवसरों का विकेंद्रीकरण हो और प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

## संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा में ठोस कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक आयोजन प्रदेश के संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा में ठोस कदम साबित हो, ऐसे प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि सेक्टर कॉन्क्लेव जैसे प्रमुख आयोजन उन्हीं स्थलों पर आयोजित किए जाएं, जहां औद्योगिक गतिविधियां स्वाभाविक रूप से संचालित हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन केवल जिलों के मुख्यालयों तक सीमित नहीं रहें, बल्कि सुदूर अंचलों और औद्योगिक संभावना वाले क्षेत्रों में भी उनका विस्तार किया जायें, जिससे प्रदेश का हर कोना औद्योगिक उन्नति की धारा से जुड़ें।

### उन क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान दें जहां औद्योगिक गतिविधियां धीमी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान दे, जहां औद्योगिक गतिविधियां अपेक्षाकृत धीमी रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में सेक्टर-केंद्रित आयोजनों और विशेष प्रयासों के माध्यम से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की प्रक्रिया को तीव्र गति से किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सक्रिय औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग करते हुए अन्य क्षेत्रों में भी औद्योगिक वातावरण का विस्तार किया जाए।

### ऊर्जा आय वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्रोत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कृषकों के हित में डिजाइन किया जाए, ताकि सौर ऊर्जा उनकी आय में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन सके। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला सशक्तिकरण के लिए भी स्व-सहायता समूह की गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम किए जाए, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बने और प्रदेश के विकास में सहयोगी बन सकें। कृषि से जुड़े प्रत्येक आयोजन में सौर ऊर्जा एवं सौर पम्प के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए तथा कृषकों को इस संबंध में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाए।

### उद्योग एवं रोजगार वर्ष में स्टार्ट-अप प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग एवं रोजगार वर्ष में स्टार्ट-अप प्रोत्साहन, एमएसएमई विकास, निर्यात संवर्धन, कौशल उन्नयन, रोजगार मेले, निवेश संवर्धन सम्मेलन जैसे सभी प्रमुख कार्यक्रम निर्धारित वार्षिक कैलेंडर के अनुसार संचालित किए जाएं। रोजगार संवर्धन के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक गतिविधियों का केवल आयोजन ही नहीं, बल्कि उनके ठोस परिणाम सुनिश्चित करना विभागों की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए विभागीय समन्वय को बेहतर बनाया जाए।

मां नर्मदा के उदगम मंदिर पहुंचे महामहिम

# छत्तीसगढ़ के राज्यपाल डेका पहुंचे अमरकंटक, किए मां नर्मदा के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल सुबह धरमपानी रेस्ट हाउस से सीधे अमरकंटक पहुचे जहां पर उन्होंने माँ नर्मदा उद्गम मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किये और विधि विधान से पूजा अर्चना की। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका अपनी दो दिवसीय दौरे पर जीपीएम जिले में हैं।



राज्यपाल रमेन डेका मंगलवार सुबह धरमपानी रेस्ट हाउस से सीधे मध्यप्रदेश के अमरकंटक पहुंचे। जहां पर वे मां नर्मदा उदगम मंदिर में विधि विधान से मां नर्मदा की पूजा अर्चना की। मां नर्मदा से छत्तीसगढ़ प्रदेश वासियों के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

पूजा अर्चना के बाद राज्यपाल अमरकंटक से सीधे जीपीएम के गौरेला ब्लॉक के पकरिया गांव पहुचेंगे। जहां पर वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए ग्रामीण आदिवासियों के घर का निरीक्षण करने के बाद पकरिया गांव में ही संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर। वहां का भी निरीक्षण किया। जिसके बाद वे वहां से सीधे पेंड्रारोड़ रेलवे स्टेशन पहुंचकर ट्रेन से रायपुर के लिए रवाना हो गए।

लापरवाही की हद, चार माह में दूसरी बड़ी घटना

# चौहान स्टेट में लिफ्ट गिरी, एक की मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

चंद्रा मौर्या टाकीज के पास स्थित चौहान स्टेट में लिफ्ट से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। चार महीने में लिफ्ट से गिरने से यह दूसरी घटना है। चौहान स्टेट के लिफ्ट का मेंटेनेंस की लापरवाही सामने आया है। सुपेला थाना पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक घटना मंगलवार की सुबह 5 की बताई जा रही है। जब युवक चौहान स्टेट के तीसरे माले से नीचे आने के लिए लिफ्ट का उपयोग कर रहा था। लेकिन लिफ्ट नीचे थी। लिफ्ट का दरवाजा खुला हुआ था। युवक ने जैसे ही पैर लिफ्ट में रखा सीधा लिफ्ट के होल में जा गिरा। युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर सीढ़ी की मदद से नीचे उतरकर घायल युवक को रस्सी में बांधकर ऊपर लगाया गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की शिनाख्त राजा बान्दे (40) निवासी सुभाष चौक डुंडेरा उतई के रूप में हुई है। आपको बता दें कि चौहान स्टेट में लिफ्ट हादसा कोई नया नहीं है। चार माह पहले भी यहां एक ऐसा ही हादसा हो चुका है। जहां चार महीने पहले चौथी मंजिल से गिरकर युवक की मौत हुई थी। मृतक की शिनाख्त विनय गुप्ता (32) निवासी कर्मा स्कूल के पीछे वार्ड-17 सुपेला के रूप में हुई थी। मृतक युवक आकाश गंगा मार्केट में नारियल पानी बेचता था। इस मामले में भी लिफ्ट के मेंटेनेंस में बड़ी लापरवाही सामने आई थी। इस घटना में भी लिफ्ट मेंटेनेंस में लापरवाही सामने आई। सुपेला पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब देखने वाली बात ये है कि लगातार चौहान स्टेट प्रबंधन के द्वारा लापरवाही की जा रही है। इस बार पुलिस प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही करती है।

ओंकारेश्वर में गूंजा अद्वैत और एकात्मता का स्वर

# आचार्य शंकर की गुरुभूमि में एकात्म पर्व का दिव्य शुभारंभ

नर्मदा तट पर एकात्म पर्व का भव्य शुभारंभ

एकात्म धाम प्रकल्प के लिए संकल्पित हैं राज्य सरकार: मंत्री लोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एकात्म धाम प्रकल्प के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। आगामी वर्षों में एकात्म धाम का निर्माण कार्य पूर्ण होगा। यह अद्वैत वेदांत संस्थान का संदर्भ केंद्र होगा और अंतिम चरण में शंकर निलायम आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा। यह बात संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने ओंकारेश्वर में एकात्म पर्व के भव्य शुभारंभ अवसर पर कही। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि पहले चरण में जगतगुरू आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। दूसरे चरण में जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर आधारित संग्रहालय और अद्वैत लोक का निर्माण कार्य किया जाएगा। तीसरे चरण में अद्वैत वेदांत दर्शन के अध्ययन, शोध एवं विस्तार के लिए आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना की जाएगी। राज्य मंत्री लोधी ने जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य के पावन चरणों में और पुण्यभूमि ओंकारेश्वर को नमन किया।



### शंकरदूत दीक्षा प्रक्रिया पर दिया मार्गदर्शन

स्वामी विवेकानंद पुरी ने कहा कि यह भूमि आद्य शंकराचार्य की गुरु भूमि है, और यहां उनका पुनः प्रतिष्ठित होना अत्यंत गौरव और आनंद का विषय है। संवाद सत्रों के दौरान संतों ने देश-विदेश से आए प्रतिभागियों के जिज्ञासा समाधान के लिए शंकरदूत दीक्षा प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया।

## 5 दिन तक चलेगा एकात्म पर्व

ओंकारेश्वर में मां नर्मदा के पवित्र तट पर आज 5 दिवसीय एकात्म पर्व का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक अनुष्ठान और कलश यात्रा से हुई, जो पारंपरिक वाद्य यंत्रों और संकीर्तन के साथ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और गुफा मंदिर के दर्शन के लिए पहुंची और फिर अभय घाट पर संपन्न हुई। यात्रा के समापन के बाद मांधाता पर्वत स्थित एकात्म धाम में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समग्र दिवस में अनेक संतों का दिव्य संगम रहा, जिनमें स्वामी विवेकानंद पुरी, मां पूर्णप्रज्ञा, स्वामी वेदत्वानंद पुरी, स्वामी योग प्रताप सरस्वती, स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती, स्वामी शैलेंद्र सरस्वती प्रमुख रहे।

### ओंकार पर्वत तक की कठिन यात्रा की थी

अद्वैतामृतम सत्र की श्रृंखला में 'ओंकार' विषय पर मां पूर्णप्रज्ञा ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि दार्शनिक सत्य की प्राप्ति के लिए गुरु की शरण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आदि शंकराचार्य ने सुदूर दक्षिण से ओंकार पर्वत तक की कठिन यात्रा की थी। मां पूर्णप्रज्ञा ने आगे बताया कि चित्त की आसक्ति से निवृत्ति के बिना वैराग्य संभव नहीं है। आत्मा प्रत्यक्ष है और ब्रह्म परोक्ष प्रतीत होता है, लेकिन वास्तव में आत्मा ही चैतन्य स्वरूप है। यही अद्वैत वेदांत का सार है। अद्वैत का अर्थ किसी मत का तिरस्कार नहीं, बल्कि वैचारिक मतभेदों का शमन है।

### आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला

परमार्थ साधक संघ के स्वामी प्रणव चैतन्य पुरी ने अद्वैतामृतम सत्र में आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला, जिसमें उन्होंने आचार्य शंकर के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वैश्विक एकात्मता में योगदान को रेखांकित किया। मार्कंडेय संन्यास आश्रम के स्वामी प्रवानंद सरस्वती ने मार्कंडेय संन्यास परंपरा के ऐतिहासिक संदर्भों पर प्रकाश डाला। एकात्म पर्व के प्रथम दिवस के समापन पर सुप्रसिद्ध स्तोत्र गायिका और प्रशिक्षक माधवी मधुकर झा द्वारा आचार्य शंकर रचित स्तोत्रों का मधुर गायन प्रस्तुत किया गया। उनके स्वर में कल्याण वृष्टि स्तोत्र, लिंगाष्टकम, भज गोविंदम, अर्धनारीश्वर स्तोत्र आदि की प्रस्तुतियां हुईं, जिसने उपस्थित श्रोताओं को भक्ति में सराबोर कर दिया।

# भाजपा सरकार निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतार रही : सोलंकी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकर निवेशकों और जनता से किया हर वादा पूरा कर रही है।



जीआईएस में आईटी क्षेत्र में हुए 99 एमओयू में से 25 प्रतिशत का रविवार को इंदौर में आयोजित 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भूमि-पूजन किया है। यह कॉन्क्लेव मध्यप्रदेश में औद्योगिक यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव बनेगा। इस उपलब्धियों के लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। सोलंकी ने कहा कि किसी भी प्रदेश में निवेश के लिए वहां की सरकार पर निवेशकों का भरोसा और नीतियां महत्वपूर्ण होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री पर देश और दुनिया के निवेशकों का अटूट विश्वास है। मध्यप्रदेश जनता से किए गए वादों को पूरा कर विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य है। 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' मध्यप्रदेश की तकनीकी-परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव है। यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

साउथ जोन में ऊर्जीकृत हुआ 50 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर


शहर के लगभग 50 हजार उपभोक्ताओं को लगातार बिजली आपूर्ति हो सकेगी

# एमपी ट्रांसको ने सुदृढ़ की इंदौर शहर की विद्युत पारेषण व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी ट्रांसको (मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने इंदौर शहर में गर्मी के मौसम में बढ़ने वाली विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए अपने 220 केवी सब-स्टेशन साउथ जोन में 50 एमवीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे ऊर्जीकृत किया है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर को स्थापित करने की अनुमानित लागत 315 लाख रुपए है। यह कदम इंदौर में गर्मी के दौरान विद्युत आपूर्ति को अधिक सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाने की दिशा में उठाया गया है। इस अतिरिक्त व्यवस्था से इंदौर शहर के लगभग 50 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सतत बिजली आपूर्ति संभव हो सकेगी।



### इंदौर में इन क्षेत्रों को मिलेगा फायदा

ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से 220 केवी सब-स्टेशन साउथ जोन की कुल क्षमता बढ़कर 906 एमवीए की हो गई है। यह प्रदेश में इंदौर क्षेत्र के पीथमपुर सब-स्टेशन के साथ ऐसा दूसरा सब-स्टेशन है जहां 132/33 केवी क्षमता के 5 पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है। एमपी ट्रांसको की इस नई व्यवस्था से इंदौर के राजेन्द्र नगर, नवलखा, डेली कॉलेज, पीथमपुर, पागनीस पागा, राउ, सब्जी मंडी क्षेत्रों को लाभ होगा।

### एमपी ट्रांसको की ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी हुई 82011 एमवीए

मप्र में एमपी ट्रांसको (मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 417 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इस क्षमता वृद्धि से मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 82011 एमवीए की हो गई है। इसमें 132 केवी में 36541 एमवीए., 220 केवी में 33590 एमवीए एवं 400 केवी में 11880 एमवीए क्षमता शामिल है। प्रदेश में एमपी ट्रांसको (मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) के कुल 1029 पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील हैं।

### इंदौर शहर की ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी में बढ़ोतरी

पॉवर ट्रांसफार्मर के स्थापना के बाद इंदौर शहर की कुल ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी में भी बढोतरी हुई है, जो अब बढ़कर 3336 एमवीए की हो गई है। इंदौर शहर में एमपी ट्रांसको (मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 400 केवी के एक सब-स्टेशन इंदौर, 220 केवी के तीन सब-स्टेशन साउथ जोन इंदौर, इंदौर ईस्ट बिचौली, मांगलिया तथा 132 केवी के आठ सब स्टेशन सत्यसांई, इलेक्ट्रिानिक्स कॉम्पलेक्स, निरंजनपुर, राउखेड़ी, महालक्ष्मी नगर जीआईएस, इंदौर पश्चिम, (नवदापंथ) तथा राऊ एकस्ट्रा हाईटेंशन सब-स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इनकी कुल क्षमता 3336 एमवीए की है।

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ 'खुली छूट' वक्त का तकाजा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से देश में आक्रोश है। लोग जल्द से जल्द हमलावर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई चाहते हैं। इसी कड़ी में पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री ने साफ संदेश दिया है कि आतंकवाद को कुचलना राष्ट्रीय संकल्प है। सरकार ने आतंकियों के खिलाफ एक्शन के लिए सेना को खुली छूट दी है। पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों, उनके मददगारों व साजिशकर्ताओं के खिलाफ एक्शन के लिए सेना अपने हिसाब से तरीका, टारगेट और समय तय करेगी। 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हमला कर आतंकियों ने 27 बेकसूर निहत्थे लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। हमले की जिम्मेदारी लश्कर के छद्म गुट द रिजसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली, जिससे इस हमले से पाकिस्तान का तार जुड़ा। लश्करे तैयबा पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट है। हमले के बाद से सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं, जिनसे पाकिस्तान को भी संदेश दिया गया है और घरेलू स्तर पर भी आतंक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अच्छी बात है कि इस संकट की घड़ी में देश पूरी तरह एकजुट है, राजनीतिक रूप से भी व सामाजिक-धार्मिक रूप से भी। वक्त का तकाजा है कि सरकार इस हमले के दोषियों को अंजाम तक पहुंचाए और इसलिए प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं को जवाबी कार्रवाई क्या होगी, कब होगी और क्या टारगेट होगा, ये तय करने की पूरी तरह से ऑपरेशनल छूट दी है। इस बीच विश्व स्तर पर भी पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा हुई है और विश्व के अधिकांश राष्ट्रों ने भारत के प्रति एकजुटता दिखाई है। भारत ने कहा है कि हमले के बाद वैश्विक नेताओं की ओर से 'मजबूत, स्पष्ट' समर्थन और एकजुटता, आतंकवाद के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का प्रमाण है। 2008 में हुए 26/11 के भीषण मुंबई हमलों के बाद पहलगाम आतंकवादी हमले में इतनी अधिक संख्या में आम नागरिक मारे गए हैं। दशकों से सीमा पार आतंकवाद का शिकार होने के कारण भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है कि इस तरह के कृत्यों का पीड़ितों, उनके परिवारों और समाज पर दीर्घकालिक असर पड़ता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस सहित वैश्विक नेताओं ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। पिछले हफ्ते 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमले की 'अत्यधिक कड़े शब्दों में' निंदा की। सुरक्षा परिषद ने जोर दिया कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और ''आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य'' को अंजाम देने वाले और उसके प्रायोजकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुलेआम कबूल किया है कि उनके देश का आतंकवादी संगठनों का समर्थन और वित्तपोषण करने का इतिहास रहा है और यह कबूलनामा उजागर करता है कि पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश है। भारत के लिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने का यह अच्छा मौका है, क्योंकि अधिकांश वैश्विक समर्थन नई दिल्ली के पक्ष में हैं और पाकिस्तान की ओर से भी आतंकवाद को पालने- पोसने की स्वीकारोक्ति है।



## पहलगाम हमला
रविशंकर

# आतंकवाद पर करारी चोट जरूरी

जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का एक बड़ा वादा था। साल 2019 में सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया था। इसके ज़रिए जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा ख़त्म किया गया। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 एक औज़ार है। इसका इस्तेमाल करके कश्मीर में आतंक, हिंसा और भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा था। तब से लेकर पहलगाम हमले तक, मोदी सरकार का दावा रहा है कि उनके शासन के 10 सालों के दौरान जम्मू-कश्मीर में शांति और अहिंसा का एक नया दौर आया है। लेकिन पहलगाम में आतंकी हमले के बादल अब बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की कश्मीर नीति पर भी सवाल उठ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का एक बड़ा वादा था। साल 2019 में सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया था। इसके ज़रिए जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा ख़त्म किया गया। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 एक औज़ार है। इसका इस्तेमाल करके कश्मीर में आतंक, हिंसा और भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा था। तब से लेकर पहलगाम हमले तक, मोदी सरकार का दावा रहा है कि उनके शासन के 10 सालों के दौरान जम्मू-कश्मीर में शांति और अहिंसा का एक नया दौर आया है। लेकिन पहलगाम में आतंकी हमले के बादल अब बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं। इनमें सबसे बड़ा सवाल सरकार की कश्मीर नीति पर है, जो उसने दावे किए।ऐसे में यह सवाल भी उठाया जा सकता है कि उसकी कश्मीर नीति सफल रही है,या विफल? या उससे कोई फर्क नहीं पड़ा है।

जरा याद कीजिए, साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के पांच साल बाद प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2024 में पहली बार जम्मू कश्मीर का दौरा किया। उनका यह दौरा लोकसभा चुनाव के कुछ दिन पहले हुआ था। श्रीनगर में एक बड़ी सभा में प्रधानमंत्री ने कहा था कि कश्मीरी अब आजादी से सांस ले रहे है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद कश्मीर प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। दशकों तक कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने अनुच्छेद 370 के बारे में जम्मू-कश्मीर और देश के लोगों को गुमराह किया। हालांकि, इस दौरान कठिनाइयां भी आईं। साल 2017 में अमरनाथ यात्रियों पर चरमपंथियों ने हमला किया। इसमें आठ यात्रियों की मौत हो गई। साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटने से पहले, घाटी के पुलवामा में चरमपंथी हमले में 40 सीआरपीएफ़ जवान मारे गए। ना जाने इस तरह की और भी कई छोटी-बड़ी घटनाएं घाटी में घटित हुईं। 2014 में मोदी और उनकी पार्टी जब चुनाव प्रचार कर रही थी तब उन्होंने वादा किया था कि कश्मीर के मामले में अब तक जो निरर्थक रवैया अपनाया जाता रहा है उसके विपरीत वे सख्त रवैया अपनाएंगे। सरकार की कमजोरी का उदाहरण देने के लिए कश्मीरी पंडितों की बदहाली का हवाला दिया जाता था और कहा जाता था कि सेकुलर पार्टियों ने 1990 में उन्हें किस तरह निराश किया। कहा जाता था कि मोदी सरकार आतंकवादियों को, चाहे वे भारतीय हों या पाकिस्तानी, दिखा देगी कि उनके दिन अब लद गए। लेकिन उसके बाद से महीना-दर-महीना आतंकवादी यह दिखाते रहे कि वे ऐसा नहीं मानते। अनुच्छेद 370 को रद करने के फैसले का तो हम स्वागत करते हैं मगर घाटी के हालात को असंतोषजनक भी क्यों कहते हैं। इसकी वजह यह है कि संविधान से जुड़ा वह फैसला उच्चतर राजनीतिक-रणनीतिक दायरे में किया गया, जमीनी हकीकत के मद्देनजर नहीं। इसलिए यह अपेक्षा रखना खामख्याली ही होगी कि इससे आतंक, हिंसा,अलगाव और आप कहना चाहें तो घाटी में इस्लामी जिहाद आदि सब खत्म हो जाएंगे। आप कह सकते हैं कि यह मोदी सरकार और बीजेपी की ही गलती है कि उसने इस कदम को एक नई साहसिक सुबह लाने वाला और अंधेरे को खत्म करने वाला कदम बताकर खूब प्रचारित



किया। मालूम हो,जब तक अनुच्छेद 370 संविधान में मौजूद था और कश्मीर को भारत में विशेष दर्जा हासिल था,तब तक सारा संसार और पाकिस्तान यह मान रहा था कि जम्मू-कश्मीर के दर्जे पर बातचीत हो सकती है। इसलिए वे भी उम्मीद लगाए बैठे थे। लेकिन पांच अगस्त ने वह सब खत्म कर दिया है। इसके बाद से,भारत की ओर से संदेश यह जा रहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत के दूसरे सभी राज्यों जैसा ही एक राज्य है और बातचीत उस क्षेत्र के बारे में हो सकती है जिस पर आपने कब्जा कर रखा है और जिसका नाम 'पीओके' है।

मोदी सरकार की सफलता यह है कि संयुक्त राष्ट्र समेत पूरी दुनिया इस बात को लगभग तय मान चुकी है। इसीलिए हमने इस फैसले को साहसिक बदलाव कहा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मोदी सरकार की कश्मीर नीति राज्य का दर्जा बदलने और वार्ता के मुद्दे को पुनर्परिभाषित करने के मामले में सफल रही है। लेकिन चूंकि उसने इसे अपने समर्थकों के बीच बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया इसलिए वह जमीन पर विफल हुई नजर आ रही है। पुलवामा या गलवान के विपरीत,जहां रक्षाकर्मी शहीद हुए, बैसरन में आतंकवादियों ने निर्ममतापूर्वक नागरिकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब केंद्र सरकार राज्य में आतंकवाद के खात्मे के दावे कर रही थी। बीते वर्षों में लगातार यह कहा जाता रहा कि आतंकियों की संख्या घट गई है और आतंकी नेटवर्क लगभग समाप्ति की ओर है। लेकिन यदि यह स्थिति वास्तव में इतनी बेहतर थी, तो पहलगाम जैसे सुरक्षित और संवेदनशील क्षेत्र में आतंकवादी कैसे खुलेआम गोलियां बरसाकर फरार हो गए? यह प्रश्न इसलिए भी गंभीर है क्योंकि यह इलाका न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि अमरनाथ यात्रा का प्रमुख आधार स्थल भी है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। सुरक्षाबलों और खुफिया एजेंसियों की इतनी मौजूदगी के बावजूद हमले की पूर्व सूचना का न होना, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान न कर पाना, और हमलावरों का आसानी से भाग निकलना यह दर्शाता है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था अब भी सतही सफलता से ऊपर नहीं उठ सकी है। जब सरकार यह कहती है कि आतंकवाद अपने अंतिम दौर में है, तो क्या इसका मतलब यह है कि हम पहले से अधिक ढिलाई बरतने लगे हैं? क्या यह आत्ममुग्धता नहीं है कि हम केवल आंकड़ों और बयानों के सहारे अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, जबकि जमीन पर आतंक अब भी जिंदा है? हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि जम्मू-कश्मीर में 2019 से लेकर 2024 के बीच छोटे-बड़े सैकड़ों आतंकी घटनाएं घटित हुई हैं। साफ है, घाटी के हालात तब तक नहीं सुधर सकते जब तक वहां राजनीतिक निर्वात बना रहेगा। पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटक केवल एक संख्या नहीं, बल्कि वे हमारी सामूहिक लापरवाही का प्रतीक हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आने वाले समय में आतंकवाद और भी अधिक भयावह रूप में लौट सकता है। यह वक्त बयान देने का नहीं, बल्कि सख्त आत्ममंथन और निर्णायक कार्रवाई का है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे के लिए देश और इसके समूचे तंत्र की कितनी ऊर्जा लगी है, यह सभी जानते हैं।

विडंबना यह है कि दशकों पहले से जारी इस समस्या से पार पाने के लिए सरकारों ने दावे तो बहुत किए,वक्त के साथ नए उपाय भी किए गए,लेकिन आज भी वहां जिस स्तर की आतंकवादी गतिविधियां चल रही दिखती हैं,वह देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। भारत की ओर से लगातार चेतावनी के बावजूद पाकिस्तान लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाता, इसलिए देश की निगाहें अब एक बार फिर से मोदी पर होंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कूटनीति
विवेक शुक्ला



# जंग हुई तो क्या चीन देगा पाक का साथ!

पहलगाम में 26 मासूम लोगों के कत्ल के बाद भारत-पाकिस्तान आमने-सामने हैं। क्या दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच जंग होगी? क्या जंग हुई तो चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा? इन सवालों पर समर नीति और कूटनीति के जानकार आजकल माथापच्ची कर रहे हैं। अगर बात कारगिल जंग ( 1999) की करें तो तब चीन ने पाकिस्तान का खुलकर या प्रत्यक्ष रूप से सैन्य या राजनयिक समर्थन नहीं किया था। भले ही चीन और पाकिस्तान के बीच गहरे रणनीतिक संबंध हैं, जिन्हें अक्सर सदाबहार दोस्ती कहा जाता है। पाकिस्तान के नेता हर संकट के वक्त बीजिंग पहुंच जाते हैं कटोरा लेकर। दरअसल कारगिल संघर्ष के दौरान चीन की प्रतिक्रिया काफी सधी हुई थी। चीन ने तब आधिकारिक तौर पर भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और बातचीत के माध्यम से मुद्दे को हल करने का आग्रह किया। यानी चीन उस समय पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हुआ था। चीन ने नियंत्रण रेखा का सम्मान करने का दोनों पक्षों से आग्रह किया था। यह परोक्ष रूप से पाकिस्तान की आलोचना थी, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करके भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के चीनी विभाग के अध्यक्ष प्रो. तान चुंग का कहना था कि चीन बहुत प्रेक्टिल देश है। वह बहुत सोच-समझकर ही खुलकर किसी देश के साथ खड़ा होता है। जानकारों का कहना है कि जब कारगिल युद्ध के समय तत्कालीन पाकिस्तानी सेना प्रमुख परवेज़ मुशर्रफ़ समर्थन मांगने चीन गए, तो चीनी नेतृत्व ने उन्हें पीछे हटने और मामले को शांतिपूर्वक सुलझाने की सलाह दी। चीन इस संघर्ष को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहता था। चीन का मत था कि दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहने चाहिए। दरअसल, तब चीन ने पाकिस्तान की कार्रवाई की सार्वजनिक रूप से निंदा नहीं की थी, पर उसने पाकिस्तान की कारगिल में सैन्य घुसपैठ का समर्थन भी नहीं किया था। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में चीन ने पाकिस्तान का समर्थन जरूर किया था, लेकिन 'खुलकर साथ' होने की व्याख्या थोड़ी जटिल है और दोनों युद्धों में उसकी भूमिका थोड़ी अलग थी। चीन ने 1965 की जंग के वक्त भारत की कड़ी आलोचना की और पाकिस्तान को अपना पूर्ण राजनयिक समर्थन दिया। चीन ने भारत पर सिक्किम सीमा पर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सैन्य कार्रवाई की धमकी दी। उसने सीमा के पास अपनी सेना की कुछ गतिविधियां भी बढ़ाईं, जिससे भारत पर दूसरा मोर्चा खुलने का दबाव बना। यह पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण नैतिक और रणनीतिक समर्थन था। हालांकि चीन ने धमकियां दीं और दबाव बनाया, लेकिन उसने भारत के खिलाफ सीधे तौर पर कोई बड़ी सैन्य कार्रवाई नहीं की। उसका समर्थन मुख्यतः राजनयिक और मनोवैज्ञानिक दबाव तक ही सीमित रहा। वह सीधे युद्ध में शामिल नहीं हुआ। चीन ने 1971 में भी पाकिस्तान का राजनयिक समर्थन जारी रखा और भारत के हस्तक्षेप की आलोचना की, खासकर संयुक्त राष्ट्र में। हालांकि 1971 में चीन का दबाव काफी कम था। कूटनीति मामलों के जानकार इसके कई कारण बताते हैं। भारत-सोवियत संधि (1971) ने चीन को हतोत्साहित किया, क्योंकि भारत पर हमले की स्थिति में सोवियत संघ के हस्तक्षेप की संभावना थी। चीन उस समय सोवियत संघ के साथ तनावपूर्ण संबंध रखता था। इसके साथ ही सर्दियों में हिमालय के दुर्गम दर्रों से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई करना चीन के लिए बहुत मुश्किल था। मतलब चीन ने 1971 में भी कोई सीधा सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया। एक बात समझ लें कि भले ही भारत-चीन के बीच सीमा विवाद है, पर चीन को मालूम है कि भारत उसके उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार है। यह बात उसे आजकल खासतौर पर समझ आ रही होगी क्योंकि अमेरिका उस पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहा है। फिलहाल भारत-चीन के बीच सालाना आपसी व्यापार 125 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। समझ लें कि भारत-चीन ने तय कर लिया है कि इनका जटिल सीमा विवाद का कोई हल निकले या ना निकले, पर ये अपने आपसी कारोबारी संबंधों को प्रभावित नहीं होने देंगे। हमारा चीन के साथ कुछ साल पहले तक व्यापार घाटा 29 अरब रुपए तक का हो गया था। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी मानते हैं कि इस व्यापार घाटे को संतुलित करने की जरूरत है। पर फिलहाल सबकी निगाहें इस बात पर है कि भारत-पाक के बीच जंग वाली स्थिति बनी तो चीन किसका साथ देगा। तो जान लें कि चीन युद्ध की स्थिति में पाक का खुलकर साथ नहीं देगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
**दर्शन**

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।


## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता




संकलित
**प्रेरणा**

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सबसे पहले इन दुष्ट दानवों की लगाम कसी जाए

पहलगाम में आतंकियों के इस अत्यंत ही जघन्य, कायरतापूर्ण हमले के बाद सारे भारत में दुख, पीड़ा और आक्रोश की लहर फैल चुकी है। दुनिया भलीभांति जानती है कि भारत विश्वशांति का सबसे बड़ा समर्थक और संरक्षक रहा है, लेकिन आतंकवाद और उग्रवाद का जनक पाकिस्तान अगर ऐसे कायरता के दुषकार्य करता रहेगा, तो भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देशों द्वारा पाकिस्तान के नेताओं, उग्रवादियों को कड़ा सबक सिखाकर स्थाई समाधान करना अनिवार्य हो जाता है। स्वयं और समस्त संसार की रक्षा और सुरक्षा करना भी हम सभी का परम कर्तव्य है। मानवता और विश्वशांति को धता बताने वाले इन पाकिस्तानी दुष्टो, दानवों को तुरंत ही धर दबोच कर कठोर दंड दिया जाए। *– विनय दीक्षित, रायगढ़*

## ट्रेंड

### मार्क जे कार्नी को बधाई



मार्क जे कार्नी को कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में चुनने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। हमारी साझेदारी के लिए आपके साथ काम करने को उत्सुक हूं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अश्रुपूर्ण नमन



लेह-लद्दाख में वीरगति को प्राप्त हुए हरियाणा के लाल नवीन श्योराण को अश्रुपूर्ण नमन। प्रभु से दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। दु:ख की घड़ी में हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं।
**-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा**

### वैभव का निडर दृष्टिकोण



वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे।
**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**

### मुझे चुनने के लिए धन्यवाद



मुझे जो सम्मान दिया गया है, मैं उसे अपने राष्ट्र की भलाई के लिए काम करते रहने की जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करता हूँ और मैं भारत सरकार को इस सम्मान के लिए मुझे चुनने के लिए धन्यवाद देता हूँ।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में बुद्ध के दांत के अवशेष की प्रदर्शनी संपन्न



भगवान बुद्ध के दांत के अवशेष की दुर्लभ प्रदर्शनी श्रीलंका के कैंडी शहर में संपन्न हुई। आधिकारिक बयान से यह जानकारी मिली। यह प्रदर्शनी 18 अप्रैल को शुरू हुई और रविवार को समाप्त हुई। मुख्य बौद्ध भिक्षुओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदर्शनी देखने के लिए रिकार्ड संख्या में लोग एकत्र हुए। 2.1 करोड़ आबादी वाले देश में 74 प्रतिशत सिंहली बौद्ध बहुसंख्यकों के लिए बुद्ध के दांत के अवशेष का विशेष आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। हजारों बौद्ध श्रद्धालुओं ने 10 दिन की इस प्रदर्शनी में हिस्सा लिया जो 2009 के बाद से इस तरह का पहला आयोजन था। आयोजकों का अनुमान था कि करीब 20 लाख श्रद्धालु इसमें भाग लेंगे। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि अनुमानित संख्या के आधे से भी कम लोग इसमें शामिल हुए क्योंकि अधिकारियों ने इतनी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने में असमर्थता जताते हुए लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी। कैंडी की नगर आयुक्त इंडिका कुमारी ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें खुशी है कि यह कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है। लेकिन हमारे पास कैंडी में बनाए गए विभिन्न अस्थायी ढांचों को हटाने का बड़ा काम रह गया है।'

## ऑफ बीट

# खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## अहमदाबाद में चंदोला झील के पास कार्रवाई

# 2000 अवैध मकानों पर चला बुलडोजर, अलर्ट पर पूरा शहर

## फर्जी रेंट एग्रीमेंट और दस्तावेज बनवाकर अवैध प्रवासियों ने बना लिया था ठिकाना

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

नगर निगम और पुलिस ने चंदोला झील क्षेत्र के पास बनी झुग्गी-झोपड़ियों को जमींदोज करने के लिए बुलडोजर अभियान जोरों पर है। इस क्षेत्र से कुछ दिन पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने कहा कि यह अभियान अहमदाबाद नगर निगम की अगुवाई में चलाया जा रहा है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शरद सिंघल के नेतृत्व में करीब 2,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। अभियान का जायजा लेने पहुंचे मलिक ने कहा कि शहर के सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है, क्योंकि चंदोला झील में तोड़फोड़ अभियान चल रहा है। यह मुस्लिम बहुल इलाका है।

**2000** पुलिसकर्मी तैनात

**450** बांग्लादेशियों को पकड़ा

**6,500** लोगों को हिरासत में लिया



### मास्टरमाइंट महमूद पठान पर एफआईआर दर्ज

उन्होंने कहा कि हम पठान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। उसने फर्जी रेंट एग्रीमेंट बनवाकर अवैध प्रवासियों को ठिकाना दिलाया और आधार कार्ड भी बनवाए। ऐसा भी शक है कि कुछ लोगों ने पासपोर्ट भी बनवाए हैं। उप नगर आयुक्त डीसी परमार ने बताया कि करीब 2,000 अवैध रूप से बनाए गए मकान और संपत्तियों की पहचान की गई है और दोपहर तक 50 फीसदी काम पूरा कर लिया गया।

**50 टीमें लगाई गईं**

सिंघल ने बताया कि अहमदाबाद नगर निगम ने सुबह-सुबह अभियान शुरू किया, जिसमें 50 टीमें लगाई गईं और हर टीम के पास जेसीबी है। उन्होंने बताया कि चंदोला झील क्षेत्र में आखिरी तोड़फोड़ अभियान 2009 में चला था। हाल ही में अहमदाबाद नगर निगम के सर्वेक्षण से पता चला की सरकारी जमीन पर फिर से कब्जा किया गया है और झील के चारों ओर झोपड़ियां बना दी गई हैं। इन इलाकों में (सियासतनगर और बंगाली वास) में अवैध बांग्लादेशी रह रहे थे।

### अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी कार्रवाई के पक्ष में

*पुलिस आयुक्त मलिक ने बताया कि चंदोला झील के पास सरकारी जमीन पर कब्जा कराने वाले मास्टरमाइंट महमूद पठान उर्फ बिल्लू बिहारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसने अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी प्रवाशियों को किराए के मकान दिलवाने और आधार कार्ड बनवाने में मदद की। उन्होंने कहा कि हमने अहमदाबाद नगर निगम की मदद के लिए 2,000 पुलिसकर्मी और राज्य रिजर्व पुलिस की 20 कंपनियां तैनात की हैं, ताकि चंदोला झील के सियासतनगर और बंगाली वास जैसे इलाकों में अवैध निर्माण हटाया जा सके। लोग कार्रवाई के पक्ष में हैं।*

## खबर संक्षेप

### फोन पर आर्मी कैंट की तस्वीरें, जासूस मोची अरेस्ट

**नई दिल्ली।** देश का नमक खाने वाला ही देश का गद्दार निकला। पेशे से मोची कोई आम नागरिक नहीं बल्कि पाक जासूस था। आरोपी बिहार से आकर पंजाब में सेना से जुड़ी सूचनाएं भेज रहा था। आरोपी की पाक की एक युवती के साथ दोस्ती थी और उसके कहने पर यह कर रहा था। बठिंडा पुलिस ने दबोचा है।



### किराएदार ने बेची वक्फ प्रॉपर्टी, कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक किराएदार की ओर से वक्फ संपत्ति बेचे जाने की घटना सामने आई है। इस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस, वक्फ बोर्ड एवं अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस तारा वितस्ता गंजू ने दिल्ली पुलिस, दिल्ली वक्फ बोर्ड, एमसीडी, विक्रेता और शाहदरा स्थित संपत्ति के खरीदार को नोटिस जारी किया है।



### एक्टर बासफोर की झरने के पास मिली डेड बॉडी

**गुवाहाटी।** फिल्म इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। 2025 की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज फैमिली मैन सीजन 3 में अपनी बेहतरीन एक्टिंग को लेकर चर्चा में रहने वाले रोहित बासफोर का निधन हो गया है। एक्टर की मौत ने उनके पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। असम के गरभंगा झरने के पास 27 अप्रैल की दोपहर मृत पाए गए।



### पाका दिग्गजों को पछाड़ कर बने 'रास' प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** कई हाई प्रोफाइल नेताओं के नामों की अटकलों के बाद भाजपा ने आंध्र प्रदेश में आगामी राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार चुन लिया है। भाजपा ने आंध्र प्रदेश राज्यसभा सदस्य के उम्मीदवार के तौर पर आरएसएस के एक अनुभवी सदस्य पाका वेंकट सत्यनारायण को चुना है।



## 60 किमी से पहले खुले सभी टोल प्लाजा बंद हों, सैलजा ने गडकरी को पत्र लिखा

# एनएच-9 पर हिसार से डबवाली के बीच सड़क हादसों को रोकने ओवर ब्रिज बनाने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग नितिन गडकरी को पत्र लिखकर कहा है कि नेशनल हाइवे-9 पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र में और शहरों के प्रवेश प्वाइंट पर संकेतक न होने, प्वाइंट पर ओवर ब्रिज या अंडर ब्रिज न होने पर सड़क हादसे बढ़ रहे हैं, इन हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है। ऐसे में डिंग, ओढां, साहुवाला प्रथम, चोरमार और सांवतखेडा में अंडरब्रिज या ओवर ब्रिज बनवाए जाए ताकि आसपास के ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और हादसे में किसी को जान न गंवानी पड़े। साथ ही अनुरोध है कि जो टोल प्लाजा 60 किमी से कम दूरी पर उन्हें बंद किया जाए ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके।

सैलजा ने कहा है कि इस संदर्भ में आपसे पहले भी अनुरोध किया गया था। सिरसा में आयोजित दिशा की बैठक में पता चला कि इस दिशा में ऐसी कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। सैलजा ने लिखा है कि वे आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र सिरसा के अंतर्गत आने वाले एनएच-9 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों और उनके कारण के बारे में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती है हिसार से डबवाली के बीच एनएस-9 पर कुछ डेंजर प्वाइंट है जहां पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं और कई लोगों की जान जा चुकी हैं। इस मार्ग पर डिंग, मोरीवाला, ओढां, चोरमार, साहुवाला प्रथम और सांवतखेड़ा ऐसे गांव है जो सड़क के दोनों ओर बसे हुए है। इन गांवों में दुर्घटना संभावित स्थल पर ओवर ब्रिज या अंडर ब्रिज बनाकर हादसों को रोका जा सकता है, इनके बनने से लोगों और पशुओं को एक छोर से दूसरे छोर तक आने-जाने में आसानी रहेगी। इसके साथ ही दुर्घटना संभावित स्थल के आसपास संकेतक लगाए जाए ताकि वाहन चालक सचेत हो सके और स्ट्रीट लाइट का भी उचित प्रबंध हो।

### नाला मरम्मत भी करें

सैलजा ने कहा है कि अभी हाल ही में आपके मंत्रालय की ओर से हिसार से डबवाली तक हाइवे की मरम्मत कार्य के लिए 147 करोड़ का बजट जारी किया गया है, इस राजमार्ग की मरम्मत के साथ नाला की मरम्मत की ओर भी ध्यान दिया जाए। सैलजा ने लिखा है कि सिरसा और फतेहाबाद में एंट्री स्थल पर संकेतक लगाए जाए क्योंकि पहली बार इस मार्ग पर सफर करने वाले वाहन चालकों को पता ही नहीं होता कि वाहन किस दिशा में मोड़ना है, संकेतक न होने पर वे गलत दिशा में मुड़ जाते हैं। इस हाइवे के दोनों ओर बरसाती नालों की स्थिति को लेकर मैंने लोकसभा में सवाल उठाया था जिसके जवाब में आपने कहा था कि इस राजमार्ग पर दोनों ओर 41 किमी तक बरसाती नाले बनाए गए है जिस पर कुल 61 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है पर इन नालों की स्थिति दयनीय है और बरसात में सड़क में कटाव होता है और जलभराव भी, ऐसे में आपसे अनुरोध है कि इन नालों की मरम्मत करवाई जाए और जगह-जगह पर वाटर रिचार्ज बोर किए जाए ताकि जल संरक्षण भी हो सके।

### ईडी की क्लोजर रिपोर्ट से सच्चाई आई सामने

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि टू जी के बाद अब कॉमनवेल्थ मामले में भी ईडी ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि इन तथाकथित घोटालों की बुनियाद झूठ पर थी। भाजपा और आम आदमी पार्टी ने वर्षों तक इन मामलों का उपयोग केवल कांग्रेस को बदनाम करने और मीडिया में सुर्खियां बटोरने और सत्ता पाने के लिए किया। अब जब सच्चाई न्यायालय के माध्यम से सामने आ चुकी है। कांग्रेस पर झूठे आरोप लगाकर उसे बदनाम करने वाले क्या अब सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे?

## पीएम ई-बस सेवा व जयपुर मेट्रो विस्तार सहित कई परियोजनाओं पर हुआ मंथन

# केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल और सीएम भजनलाल राजस्थान में केंद्र पोषित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान में शहरी विकास से संबंधित सभी केन्द्र पोषित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, पीएम ई-बस सेवा, जयपुर मेट्रो रेल, अमृत मिशन 2.0 जैसे केन्द्र द्वारा वित्तपोषित राजस्थान के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं और प्रधानमंत्री आवास योजना के विकास, विस्तार और वित्तीय मॉडल की समीक्षा की।शर्मा ने कहा कि मेट्रो फेज-2 परियोजना एवं अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं में व्यय एवं लागत का उचित आकलन किया जाए जिससे वित्तीय संसाधनों के समुचित उपयोग के साथ-साथ जन सामान्य को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि राजस्थान ऐतिहासिक राज्य है। यह राज्य तेजी से प्रगति कर रहा है। केंद्र के सहयोग से शहरी विकास के लिए यहां महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने जन सामान्य की भविष्य की जरूरतों एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए योजना बनाने एवं उनके समुचित क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर भारत सरकार और राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने सभी महत्वपूर्ण शहरी विकास परियोजनाओं के संबंध में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया।

# बिहार में 100-100 सीटों पर लड़ सकती हैं भाजपा-जदयू, नीतीश कुमार पर इस बार संशय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव में अब तक बड़े भाई की भूमिका में रहे जदयू पहली बार छोटे भाई की भूमिका में दिखेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बेहतर स्वास्थ्य में नहीं हैं। उन्हें मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया जाएगा, अब संदेह है।

ये बात अलग है कि गत वर्ष अक्टूबर 2024 को नीतीश कुमार को ही भाजपा ने 2025 विस चुनाव के लिए राजद का मुख्यमंत्री चेहरा बताया था। तब से अब तक स्थिति बहुत कुछ बदली है। किसी भी बैठक के बाद नीतीश ही होंगे चेहरा, ऐसी बात नहीं हो रही। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को सीटों के बंटवारे पर हुई शुरुआती बैठक में भाजपा नेतृत्व ने कुल 243 सीटों में से 100-100 सीटों पर भाजपा, जदयू और शेष 43 सीटों का बंटवारे राजग के साथी दलों में किया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि तीन सर्वेक्षणों के आधार पर सीटों के विवरण सहित एक फार्मूला जदयू की ओर से भाजपा को दिया गया जिसमें 101 सीटों पर जदयू, 100 सीटों पर भाजपा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास के हिस्से में 27 सीटें, केंद्रीय मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हम को 9 सीटें और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी रालोसपा के लिए 6 सीट का विनिंग सामंजस्य बनाने की बात कही गई है। भाजपा इस बार बदली हुई परिस्थिति में अपना मुख्यमंत्री बनाने की पहल कर सकती है। जो कुछ भी बदलाव होगा चाहे वो नेतृत्व को लेकर हो या सीटों के सामंजस्य को लेकर जदयू नेतृत्व को विश्वास में लेकर ही किया जाएगा।

## 'युग्म' सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा

# 'ट्रिपल टी' से बदलेगा भारत का भविष्य सभी युवा तकनीक व इनोवेशन से जुड़ें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर ही निर्भर होता है। इसलिए जरूरी है कि हम उनके भविष्य के लिए और देश के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें तैयार करें। इनमें सबसे बड़ी भूमिका देश की शिक्षा व्यवस्था की होती है, इसीलिए देश की शिक्षा व्यवस्था को हम 21वीं सदी की जरूरत के मुताबिक आधुनिक बना रहे है। युवाओं को बचपन से तकनीक व इनोवेशन से जोड़ा जा रहा है। प्रतिभा (टैलेंट), तेवर (टेंपरामेंट) व तकनीक (टेक्नालॉजी) का यह जुड़ाव भारत के भविष्य को बदलेगा। पीएम मोदी ने मंगलवार को भारत मंडपम में आयोजित पहले नवाचार ( इनोवेशन ) सम्मेलन 'युग्म' को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।





### हमारे पास समय कम और लक्ष्य बड़े

मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमारे पास समय कम है व लक्ष्य बड़े है। ऐसे में जरूरी है कि प्रोटोटाइप से प्रोडक्ट तक की यात्रा कम समय में पूरी हो। जब हम इस दूरी को कम देंगे तो शोध का लाभ लोगों तक तेजी से पहुंचने लगता है।

### पेटेंट के क्षेत्र में रफ्तार बढ़ी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने जिन लक्ष्यों को तय किया है उसे निरंतर गति देने के लिए देश के रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूती देना आवश्यक है। पिछले एक दशक में इस दिशा में काफी तेजी से काम हुआ है। 2013-14 में शोध और इनोवेशन पर जहां खर्च सिर्फ 60 हजार करोड़ था, हमने इसे दोगुना से ज्यादा बढ़ाकर सवा लाख करोड़ से ऊपर कर दिया है।पेटेंट के क्षेत्र में रफ्तार बढ़ी है। वर्ष 2014 में जहां 40 हजार पेटेंट फाइल हुई थे, वहीं अब ये संख्या 80 हजार से अधिक हो गई है।

## शीर्ष अदालत ने साफ किया-स्पाईवेयर रखने में कोई परेशानी नहीं

# राष्ट्रीय सुरक्षा-संप्रभुता से जुड़ी कोई रिपोर्ट नहीं होगी उजागर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेगासस स्पाईवेयर के जरिए जासूसी से जुड़े केस में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने यह भी कह दिया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के मुद्दे पर पेगासस की कोई भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि एक बात साफ कर दें कि स्पाईवेयर रखने में कोई परेशानी नहीं है।

राष्ट्र की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं कर सकते। हां सवाल यह हो सकता है कि इसका इस्तेमाल किसके खिलाफ किया जा रहा है। अगर इसका इस्तेमाल सिविल सोसाइटी व्यक्ति के खिलाफ किया जा रहा है, तो मामले पर विचार किया जाएगा।

## पेगासस विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

### सभी को सावधान रहना चाहिए

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें भारत सरकार द्वारा पत्रकारों, न्यायाधीशों, कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों की जासूसी करने के लिए पेगासस स्पाइवेयर के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया था। देश में चल रही सुरक्षा स्थिति का संदर्भ देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की कि इस समय सभी को सावधान रहना चाहिए।



### आम लोगों को धोखा दिया गया

मामले में शीर्ष न्यायालय ने इसे अशुद्ध गठजोड़ करार दिया और कहा कि यह आम लोगों को धोखा देने का मामला है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सीबीआई को निर्देश दिया कि सुपरटेक प्रोजेक्ट्स में हो रही गड़बड़ियों की प्राथमिक जांच की जाए। सीबीआई को डीएसपी, इंस्पेक्टर और कॉन्स्टेबल की सूची दें।

### बिल्डरों- बैंकों में 'गठजोड़' की जांच सीबीआई करेगी

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि बिल्डरों और बैंकों के बीच 'गठजोड़' की जांच जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई को सुपरटेक लिमिटेड के एनसीआर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम समेत अन्य जगहों पर) में चल रहे प्रोजेक्ट्स की जांच करने का आदेश दिया है। हजारों फ्लैट खरीदने वालों ने आरोप लगाया कि उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम जैसे इलाकों मेंसुपरटेक और अन्य बिल्डरों के प्रोजेक्ट्स में फ्लैट बुक कराए थे। बुकिंग सबवेंशन स्कीम के तहत की गई थी, जिसमें बैंक बिल्डर को 60-70 फीसदी लोन की रकम सीधे दे देते थे। लेकिन फ्लैट समय पर नहीं बने और अब बैंक उनसे ईएमआई वसूल रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक फ्लैट का कब्जा नहीं मिला है।

### कॉलेजियम पर वकील ने बोला तो भड़के सीजेआई, फटकारा

*देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना उस समय भरी अदालत में एक वरिष्ठ वकील पर भड़क गए, जब उन्होंने कॉलेजियम प्रणाली को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने की मांग की। वकील मैथ्यूज नेदुम्परा सीजेआई के सामने 2022 में दायर एक रिट याचिका का उल्लेख कर रहे थे, जिसमें न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को समाप्त करने और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को पुनर्जीवित करने की मांग की गई थी नेदुम्परा ने कहा कि हम देख रहे हैं कि क्या हो रहा है? इस पर सीजेआई नेनेदुम्परा को फटकार लगाई और उनसे अदालत में राजनीतिक भाषण देने से परहेज करने को कहा।*

intec CAPITAL LIMITED
Sapne Aapke, Bharosa Apno Ka

**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
CIN: L74899DL1994PLC057410
पंजी. कार्यालय : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110019
T.: +91-11-4652200/300; F.: +91-1146522333
Website: www.inteccapital.com, Email ID: complianceofficer@inteccapital.com

**डाक मतदान सूचना और ई-वोटिंग जानकारी**

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 ("दि रूल्स") (समय समय पर लागू वैधानिक संशोधन(ों) अथवा पुनः क्रियान्वयन(ों) समेत) के नियम 20 और 22 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("दि एक्ट") की धारा 108 और 110 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड के नियमन 44 (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ("सेबी लिस्टिंग रेगुलेशंस") समय-समय पर संशोधित अनुसार, इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सैक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवालयी मानक ("एसएस-2"), कम्पनी मामलों का मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून 2021, 20/2021 दिनांक 08 दिसम्बर 2021, 3/2022 दिनांक 05 मई 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022 और 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और 09/2024 और अन्य सम्बद्ध सरकुलर्स (सामुहिक रूप से "एमसीए सरकुलर्स" के रूप में संदर्भित) और दूरस्थ इलैक्ट्रोनिक मतदान प्रक्रिया ("दूरस्थ ई-वोटिंग") द्वारा डाक मतदान के माध्यम से कम्पनी के सदस्यों द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्तावित नीचे संलग्न प्रस्तावों, सभी अन्य लागू कानूनों और नियमनों के अनुसरण में (कट-ऑफ तिथि के अनुसार) इंटेक कैपिटल लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सदस्यों को एतद द्वारा सूचना दी जाती है। सदस्यों की सहमति अथवा असहमति का संचार केवल दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

डाक मतदान सूचना कम्पनी की वेबसाइट http://www.inteccapital.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट अर्थात www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। ये विवरण स्टॉक एक्सचेंजेज जहां कम्पनी के इक्विटी शेयर सूचीकृत हैं, अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

एमसीए और सेबी सरकुलर्स के अनुसार, सूचना कम्पनी के केवल उन सदस्यों को इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस)/कम्पनी/ रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") अर्थात बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड के पास पंजीकृत हैं। सूचना का इलैक्ट्रोनिक प्रेषण 29 अप्रैल 2025 को पूर्ण कर लिया गया है। अन्य विषयों के साथ-साथ दूरस्थ ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीका इंगित करते हुये सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.inteccapital.com पर, स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट अर्थात www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 ("रूल्स"), समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों, लिस्टिंग नियमनों के नियमन 44 और आईसीएसआई द्वारा जारी एसएस-2 के अनुसरण में, सम्पादित किये जाने वाले प्रस्तावित बिजनेस के सम्बन्ध में इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा अपना मतदान करने के लिये इसके सदस्यों को सक्षम बनाने के लिये www.evotingindia.com पर सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक मतदान सुविधा प्रदान करने के लिये कम्पनी प्रसन्न हैं। नियमों के साथ पठित अधिनियम, एसएस-2 और एमसीए सरकुलर्स के अनुसरण में विवरण निम्नानुसार हैं :-

ए. 25 अप्रैल 2025 ("कट ऑफ तिथि") के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य केवल दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने के लिये अपने अधिकार का उपयोग करने के लिये पात्र होंगे। कोई व्यक्ति जो कट ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, इस सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु माने;

बी. ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का तरीका : सदस्यों को ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से सूचना में विनिर्दिष्टनुसार बिजनेस पर दूरस्थ रूप से अपने मतदान करने के लिये एक अवसर प्राप्त होगा। ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने हेतु लॉगइन प्रत्यायक ई-मेल के माध्यम से सदस्यों को उपलब्ध करवाये जाएंगे। ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने हेतु विस्तृत प्रक्रिया सूचना में प्रदान की गई है। विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाए गए हैं।

सी. दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि बृहस्पतिवार, 01 मई 2025 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) प्रारम्भ होगी और शुक्रवार, 30 मई 2025 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इसके पश्चात दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल सीडीएसएल द्वारा मतदान हेतु अयोग्य कर दिया जाएगा और मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।

डी. एक बार किसी प्रस्ताव पर मतदान कर दिया जाता है तो सदस्य को तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ई. कट ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सभी सदस्य (वे सदस्य जो कम्पनी / आरटीए/ डिपॉजिटरीज के पास अपने ई-मेल पते पंजीकरण नहीं करवाने की वजह से सूचना प्राप्त नहीं कर चुके हैं, समेत) सूचना में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तावित बिजनेस के सम्बन्ध में मतदान करने के हकदार होंगे।

एफ. निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से डाक मतदान आयोजित करने हेतु संवीक्षाकर्ता के रूप में श्री प्रियंक कुकरेजा (आईसीएसआई सदस्यता सीओपी-19465, एसीएस नं. ए40585) को नियुक्त किया गया है।

जी. डाक मतदान का परिणाम शनिवार, 31 मई 2025 को या इससे पूर्व घोषित किया जाएगा। उक्त परिणामों सहित संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.inteccapital.com पर अपलोड की जाएगी और स्टॉक एक्सचेंज को www.bseindia.com पर और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी संचारित की जाएगी। कम्पनी डाक मतदान के परिणाम कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में भी प्रदर्शित करेगी।

एच. यदि आपके पास ई-वोटिंग के सम्बन्ध में कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं, आप बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यूएस") और हैल्प सेक्शन के तहत www.evotingindia.com पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ई-मेल लिख सकते हैं अथवा श्री नितिन कुंदर (022-62343626) अथवा श्री असावरी कालोखे (022-62343624) अथवा श्री राकेश दलवी (022-62343611) से सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/-
(पंखुड़ी अग्रवाल)
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता सं.-एफ11041

दिनांक : 29.04.2025
स्थान : नई दिल्ली

# आरबीआई ने बैंकों से कहा, एटीएम में 100 और 200 रुपए के नोट भी रखें

## लोग जब एटीएम से पैसा निकालते हैं तो ज्यादा तर 500 के नोट ही निकलते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोग जब भी एटीएम से कैश निकालने जाते हैं तो ज्यादातर ऐसा होता है कि 500 रुपए के ही नोट ज्यादा निकलते हैं। 500 के नोटों को लेने के बाद लोगों को अक्सर चेंज के लिए भटकना पड़ता है। लेकिन अब लोगों की मुश्किलों को कम करने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि एटीएम से 100 रुपए और 200 रुपए के नोट भी निकलें।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि जनता को इन नोटों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ऐसा करना जरूरी है। बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम परिचालकों (डब्ल्यूएलएओ) को इस निर्देश को चरणबद्ध तरीके से लागू करना होगा। गैर-बैंकिंग संस्थाओं ने संचालित एटीएम को 'व्हाइट लेबल एटीएम' (डब्ल्यूएलए) कहा जाता है।

### इस्तेमाल किए जाने वाले नोटों तक पहुंच बढ़े

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक परिपत्र में कहा, 'अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले मूल्यवर्ग के बैंक नोट तक जनता की पहुंच बढ़ाने के लिए यह फैसला किया गया है कि सभी बैंक और व्हाइट लेबल एटीएम परिचालक (डब्ल्यूएलएओ) यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके एटीएम से नियमित आधार पर 100 रुपए और 200 रुपए के नोट भी निकलें।'




### 100-200 के नोटों की ज्यादा है मांग

परिपत्र के मुताबिक 30 सितंबर, 2025 तक 75 फीसदी एटीएम (ऑटोमेटेड टेलर मशीन) में कम से कम एक कैसेट से 100 रुपए या 200 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोट निकलने चाहिए। आरबीआई ने इसके लिए 31 मार्च, 2026 तक का समय दिया है। बैंक इस समय तक अपने एटीएम में इस वर्ग के चैंबर की व्यवस्था कर सकते हैं।

### बैंक अधिकारियों में मचा हड़कंप

आरबीआई की तरफ से बैंकों को एटीएम में ज्यादा से ज्यादा 100 और 200 रुपए के नोटों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कहा गया है। यह आदेश बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटर दोनों को सस्टिमेटकि तरीके से लागू करना होगा। इस आदेश के बाद देश के बैंकों और अधकिारयिों में हड़कंप मचा हुआ है। क्योंकि इस आदेश के बाद बैंकों को एटीएम में इसकी व्यवस्था करनी होगी

## खबर संक्षेप




### सेंट्रल बैंक के लाभ में 28 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 28 प्रतिशत बढ़कर 1,034 करोड़ रुपये हो गया। फंसे कर्जों में कमी आने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजों के बारे में शेयर बाजार को सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 807 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि आलोच्य तिमाही में उसकी कुल आय एक साल पहले के 9,699 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,433 करोड़ रुपये हो गई।

### महिंद्रा लाइफस्पेस के शुद्ध लाभ में 19 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लि. का शुद्ध लाभ मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 85.09 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में इसका शुद्ध मुनाफा 71.48 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय मामूली रूप से बढ़कर 55.44 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 54.60 करोड़ रुपये थी।

### डायमंड पावर इंफ्रा को मिले 230 करोड़ रुपए के दो ठेके

**नई दिल्ली।** डायमंड पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) को बिजली केबल की आपूर्ति के लिए 230 करोड़ रुपये से अधिक के दो ठेके मिले हैं। डीपीआईएल की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, कंपनी को दक्षिण गुजरात विज कंपनी लिमिटेड के तहत परियोजना के लिए राजेश पावर सर्विसेज लिमिटेड से 1,50,98,65,000 रुपये और बिजली केबल की आपूर्ति के लिए अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड से 79,27,80,051 रुपये का ठेका मिला है।

## अमेरिका ने एक बार फिर प्राथमिक निगरानी सूची में रखा

# बौद्धिक संपदा संरक्षण पर भारत को अमेरिका ने निगरानी सूची में डाला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने भारत को बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के संरक्षण एवं अनुपालन के लिहाज से सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताते हुए सोमवार को उसे एक बार फिर अपनी 'प्राथमिक निगरानी सूची' में रख दिया।

- अमेरिका ने भारत की प्रगति को संतोषजनक नहीं बताया

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की '2025 स्पेशल 301' रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक साल में बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के मामले में भारत की प्रगति संतोषजनक नहीं रही है। हालांकि रिपोर्ट कहती है कि भारत ने अपनी बौद्धिक संपदा प्रणाली को मजबूत करने के लिए काम किया है लेकिन लंबे समय से चली आ रही कई आईपी चिंताओं पर अब भी खास प्रगति नहीं हो पाई है।

**खास बातें**

- भारत ने अपनी बौद्धिक संपदा प्रणाली को मजबूत करने काम किया
- लंबे समय से चली आ रही आईपी चिंताओं पर खास प्रगति नहीं हो पाई



### सूची में चीन, भारत सहित 25 देश

रिपोर्ट में भारत सहित आठ देशों को अपनी 'प्राथमिक निगरानी सूची' में रखा गया है। इस सूची में चीन, इंडोनेशिया, रूस, अर्जेंटीना और वेनेजुएला जैसे देश भी शामिल हैं। अमेरिकी रिपोर्ट में पाकिस्तान और तुर्की सहित 25 देशों को भी शामिल किया गया है।

### भारत सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में

*रिपोर्ट में कहा गया है, /"भारत आईपी के संरक्षण और प्रवर्तन के संबंध में दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है...भारत 2025 में प्राथमिकता निगरानी सूची में बना हुआ है।/"*

### पेटेंट मुद्दे भारत में चिंता का विषय बने हुए

*रिपोर्ट के मुताबिक, पेटेंट मुद्दे भारत में विशेष चिंता का विषय बने हुए हैं। पेटेंट निरस्त होने का संभावित खतरा और भारतीय पेटेंट अधिनियम के तहत पेटेंट पात्रता मानदंडों का प्रक्रियात्मक और विवेकाधीन इस्तेमाल विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों को प्रभावित करता है।*

### पेटेंट पाने भारत में लंबा इंतजार करना पड़ता है

अमेरिकी रिपोर्ट कहती है कि भारत में आवेदकों को आम तौर पर पेटेंट पाने के लिए लंबा इंतजार और अत्यधिक रिपोर्टिंग प्रावधानों का सामना करना पड़ता है। हितधारकों का भारतीय पेटेंट अधिनियम की व्याख्या में अस्पष्टता पर चिंता व्यक्त करना जारी है।/"

### भारत आईसीटी उत्पादों पर उच्च सीमा शुल्क लगाता है

यूएसटीआर की रिपोर्ट कहती है कि भारत सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) उत्पादों, सौर ऊर्जा उपकरण, चिकित्सा उपकरणों, दवाओं और पूंजीगत वस्तुओं जैसे आईपी-गहन उत्पादों पर उच्च सीमा शुल्क लगाता है।

### समग्र बौद्धिक संपदा अनुपालन नाकाफी

रिपोर्ट के मुताबिक, आईपी कार्यालय के संचालन और प्रक्रियाओं में सुधार के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय हैं लेकिन समग्र बौद्धिक संपदा अनुपालन नाकाफी है। इसमें यह भी कहा गया है कि अमेरिका भारत के साथ आईपी मामलों पर बातचीत जारी रखने का इरादा रखता है, जिसमें व्यापार नीति मंच के बौद्धिक संपदा कार्य समूह के माध्यम से बातचीत भी शामिल है।

## 'इंस्पायरिंग स्टोरी ऑफ यंग आईएएस ऑफिसर' किताब का विमोचन किया



नई दिल्ली। दिल्ली के मशहूर कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में स्केलिंग माउंट यूपीएससी : 'इंस्पायरिंग स्टोरी ऑफ यंग आईएएस ऑफिसर' किताब का विमोचन हुआ. इस किताब को केंद्रीय शिक्षा मंत्री माननीय धर्मेंद्र प्रधान ने लॉन्च किया. स्केलिंग माउंट यूपीएससी : 'इंस्पायरिंग स्टोरी ऑफ यंग आईएएस ऑफिसर' किताब के लेखक हैं आईएएस सज्जन यादव जो फिलहाल वित्त मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं। यह किताब उन आईएएस अधिकारियों कीप्रेरककहानियाँहैं, जिन्होंने कई बाधाओं के बावजूद अपने दृढ़ संकल्प केबल पर दुनिया की सबसे कठिन और चैलेंजिंगप्रतियोगीपरीक्षामेंसफलता पाई.सिक्किम की एक दृष्टि बाधित लड़कीऔर केरल के एक सरकारी क्लर्क से लेकर कश्मीर के एक दूरदराज गाँव के एक नौजवान और राजस्थान केएकआईआईटीस्नातकतक.यह पुस्तक उन सात दृढ़ निश्चयी युवास्त्री-पुरुष अधिकारियों की अनूठी कहानियों को समेटे हुए है जिन्होंने इस कठिन IAS परीक्षा में सफलता को हासिल करकेदिखाया. इस पुस्तक में तिरुवनंतपुरम की जूनियर क्लर्क से आईएएस बनींमिन्नूपी.एम., बिहार के समस्तीपुर के एक छोटे से गांव दिघरा से आए हुए सत्यम गांधी,कभी एक सर्वेंट क्वार्टर में रह चुके है।

### अमेरिका में रिश्वत मामले में अदाणी ग्रीन को क्लीनचिट

**नई दिल्ली।** अमेरिका में अदाणी ग्रुप पर चल रहे रिश्वत के मामले में बड़ा अपडेट आया है। अदाणी ग्रुप ने खुद इससे जुड़ी जानकारी दी है। ग्रुप ने कहा कि अमेरिका में उसके खिलाफ लगे आरोप की स्वतंत्र समीक्षा में कुछ अनियमितता नहीं मिली है। अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी ग्रीन ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी है। गौतम अदाणी और उनके भतीजे और कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत जैन पर अमेरिका में बिजली प्रोडक्ट के लिए आधिकारियों को घूस देने के आरोप लगे। ग्रुप की ओर से ऑफिसर्स को 236 मिलियन डॉलर की रिश्वत देने का आरोप लगा है। जिस पर अब अदाणी ग्रुप ने स्वतंत्र समीक्षा में कुछ गलती न मिलने की बात कही है। आरोपों को नकारा है। नवंबर 2024 में, अमेरिकी अधिकारियों ने गौतम अदाणी, उनके भतीजे और कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी और प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन पर आरोप लगाया कि उन्होंने भारतीय बिजली के एक कॉन्ट्रैक्ट के लिए रिश्वत दी और फंडिंग जुटाने के दौरान अमेरिकी निवेशकों को गुमराह किया। अदाणी ग्रुप ने आरोपों का खंडन करते हुए इन्हें निराधार बताया है।

## फॉक्सकॉन का भारत में राजस्व हुआ 20 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** ताइवान की दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता फॉक्सकॉन का भारत में राजस्व आईफोन उत्पादन में उछाल के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में दोगुना से अधिक बढ़कर 20 अरब डॉलर (लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये) हो गया। इस मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में फॉक्सकॉन के कर्मचारियों की कुल संख्या भी 65 प्रतिशत बढ़कर लगभग 80,000 हो गई।
एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, /"वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में फॉक्सकॉन का राजस्व दोगुना से अधिक होकर 20 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। इसके कर्मचारियों की संख्या भी 80,000 से अधिक हो गई है।/" हालांकि इसकी पुष्टि के लिए फॉक्सकॉन को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। फॉक्सकॉन दिग्गज अमेरिकी कंपनी एप्पल के लोकप्रिय उत्पाद आईफोन का विनिर्माण करने के लिए जानी जाती है। एप्पल ने भारत में आईफोन का उत्पादन बढ़ाने की घोषणा कर इसे और भी तेजी देने के संकेत दिए हैं।

## शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव से उपजी चिंताओं के बीच निवेशकों के सतर्क रुख अपना लेने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी खरीदारी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह ने घरेलू बाजार को समर्थन देने का काम किया।

- निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक चढ़कर 80,288.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 442.94 अंक बढ़कर 80,661.31 पर पहुंच गया था लेकिन बिकवाली के दबाव में नीचे आ गया। निफ्टी भी 7.45 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,335.95 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव को लेकर उपजी भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सतर्कता के कारण बाजार में काफी हद तक उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हालांकि एफआईआई की ओर से निवेश जारी रहने से बाजार की धारणा को समर्थन मिला।/"



### इन शेयरों में रही बढ़त

*मंगलवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, इटरनल (पूर्व में जोमैटो), एचसीएल टेक, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फिनसर्व के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।*

## सोना 1,050 रुपए चढ़ा चांदी 3,500 रुपए उछली

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया से पहले आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 1,050 रुपए बढ़कर 99,450 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया इस साल 30 अप्रैल को है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये घटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये उछलकर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पिछले दिन यह 97,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस साल अब तक सोने की कीमतों में पिछले साल 31 दिसंबर के 78,950 रुपये से 20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, चांदी की कीमतों में भी 3,500 रुपये की उछाल आई है, जो करीब तीन सप्ताह में सबसे ज्यादा है। यह मंगलवार को 1,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। इसके अलावा, विशेषज्ञों ने कहा कि ऊंची कीमतों के बावजूद, उन्हें इस साल हल्के आभूषण की मांग में मजबूती की उम्मीद है।

### अब मारुति की सभी कारों में मिलेंगे 6 एयरबैग, कीमतें भी बढ़ेंगी?

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी ने ऐलान किया है कि अब उसकी हर कार में 6 एयरबैग दिए जाएंगे। कंपनी के चेयरमैन आरसी भार्गव ने खुद कहा कि मारुति सुजुकी के आने वाले हर मॉडल में छह एयरबैग होंगे। इससे गाड़ियों की कीमत और बढ़ेगी?क्योंकि आमतौर पर जब कंपनियां कारों में नए फीचर्स या सेफ्टी इक्विपमेंट जोड़ती हैं, तो कीमत में भी थोड़ा इजाफा होता है। देश की नंबर वन कार कंपनी मारुति सुजुकी ने अब अपनी कुछ बजट गाड़ियों में भी 6 एयरबैग देने शुरू कर दिए हैं। अब ईको, ऑल्टो के10 और सेलेरियो जैसी किफायती कारों में भी ये सेफ्टी फीचर मिल रहा है। साथ ही, कंपनी की बेस्ट सेलिंग एसयूवी ब्रेजा में भी अब 6 एयरबैग दिए जा रहे हैं। ऑटोमोबाइल सेक्टर पर बात रखते हुए मारुति सुजुकी के चेयरमैन ने कहा कि भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर को दोबारा पटरी पर लाने के लिए छोटे कार सेगमेंट में ग्रोथ जरूरी है। उन्होंने बताया कि बाजार इसलिए ठंडा पड़ा हुआ है क्योंकि सिर्फ 12 फीसदी लोग ही 12 लाख रुपए से ऊपर की कार खरीद सकते हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा**

**ड्रॉइंग सं. एमआई 006615 ऑल्ट.-बी के अनुरूप एफआईएटी आईआर बोगियों (एलएचबी) के लिए सॉलिड फोर्ज्ड पहियों (रफ टर्न्ड) की खरीद हेतु दिनांक 29.05.2025 को खोली जाने वाली विश्व ई-निविदा सं. डब्ल्यूटीए-558**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ड्रॉइंग सं. एमआई006615 ऑल्ट-बी और विशिष्टि सं. आईआरएस आर-19/93 पार्ट-II (रिव. 6) और आर.डी.एस.ओ. स्कैच 92114 आल्ट 11 के अनुरूप एफआईएटी आईआर बोगियों (एलएचबी) के लिए सॉलिड फोर्ज्ड पहियों (एफ टर्न्ड) की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई-बोलियां जमा करने के लिए **http://ireps.gov.in** वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

**सं.. 2025/आएस(डब्ल्यूटीए)-149/टेंडर/558** **नई दिल्ली, दिनांक 28.04.2025**

1263/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अजय कुमार,** पुत्र कन्हैयालाल, निवासी- डी-300, उत्सव विहार, कराला, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 178/18 धारा 287/338 भा.द.स थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 178/18 धारा 287/338 भा.द.स थाना कंझावला, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 31.05.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अपूर्व भारद्वाज**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
कोर्ट नंबर 113
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/5403/RD/2025**

## शब्द पहेली - 5852




**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2


**शब्द पहेली -5851 का हल**








# नारायण-चक्रवर्ती ने नाइट राइडर्स को दिल्ली पर 14 रन की जीत दिलाई



भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की फिरकी के जादू से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इस हार के बावजूद दिल्ली की टीम 10 मैच में 12 अंक के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई है। नाइट राइडर्स इतने ही मुकाबलों में नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर है। दिल्ली की पिछले चार मैच में यह तीसरी हार है। नाइट राइडर्स के 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम नारायण (29 रन पर तीन विकेट) और चक्रवर्ती (39 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने डु प्लेसी (62 रन, 45 गेंद, सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतक और कप्तान अक्षर पटेल (43 रन, 23 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ उनकी चौथे विकेट की 76 रन की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। दिल्ली की ओर से डु प्लेसी और अक्षर के अलावा विपराज निगम (38 रन, 19 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) ही 20 रन के आंकड़े को हार कर पाए। नाइट राइडर्स की टीम इससे पहले अंगकृष रघुवंशी (44 रन, 32 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) और रिंकू सिंह (36 रन, 25 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) की उम्दा पारियों और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी से नौ विकेट पर 204 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। सलामी बल्लेबाजों नारायण (27) और रहमानुल्लाह गुरबाज (26) तथा कप्तान अजिंक्य रहाणे (26) ने भी उपयोगी पारियां खेली। मिचेल स्टार्क (43 रन पर तीन विकेट) दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

## पहली भिड़ंत में पंजाब से मात खा चुकी चेन्नई को बदला चुकाने लगाना होगा दमखम

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 49वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना पंजाब किंग्स से आज 30 अप्रैल को चेन्नई में होगा। पंजाब किंग्स ने अपने 9 में से 5 मैच जीते हैं और 3 में शिकस्त (बेनतीजा- 1) झेली है। वहीं, चेन्नई ने 9 में से सिर्फ 2 मैच जीते हैं और 7 में शिकस्त का सामना किया है। प्वाइंट टेबल पर श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम पंजाब किंग्स 5वें स्थान पर है। वहीं सीएसके ने सिर्फ 2 मैच जीते हैं और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम 10वें पायदान पर है। पंजाब किंग्स और सीएसके के बीच होने वाला यह मैच आज 30 अप्रैल को एमए चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम, चेन्नई में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

खास खबर

## आईपीएल 2028 में हो सकते हैं 94 मैच, बीसीसीआई ने योजना पर शुरू किया काम



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसका विस्तार करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत आईपीएल 2028 में कुल 94 मैच आयोजित किए जा सकते हैं। वर्तमान में आईपीएल में कुल 74 मैच कराए जा रहे हैं। हालांकि, बीसीसीआई मैचों की संख्या में बढ़ोतरी टीमों की संख्या बढ़ाए बिना ही करने पर विचार कर रही है। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने इसके संकेत दिए हैं।

### धूमल ने क्या दिया है बयान?

धूमल ने कहा, बीसीसीआई अगले मीडिया-राइट्स चक्र के लिए पूर्ण होम-एंड-अवे 94 मैच प्रारूप के विस्तार पर गंभीरता से विचार करेगा, जो 2028 में शुरू होगा। हम आईसीसी और बीसीसीआई से इस पर चर्चा कर रहे हैं। टी-20 क्रिकेट के प्रति प्रशंसकों की बदलती रुचि को देखते हुए हमें इस बारे में गंभीरता से बात करनी होगी। हम एक बड़ी विंडो चाहते हैं और मैचों की संख्या 74 से 84 या 94 तक ले जाना चाहते हैं।

### हर टीम को खेलने को मिलेंगे अधिक मैच- धूमल

धूमल ने कहा, हर टीम को हर टीम के खिलाफ घरेलू और बाहरी मैदान पर खेलने का पूरा मौका देने के लिए आपको 94 मैचों की जरूरत है। द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी आयोजनों के संबंध में हमारे पास जो समय और प्रतिबद्धताएं हैं, उन्हें देखते हुए यह अल्पावधि में संभव नहीं हो सकता है। हालांकि, मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए इसकी मांग बढ़ रही है। शायद किसी समय हम इस विकल्प पर विचार करेंगे और इसे अपनाएंगे।

### इसी आईपीएल में थी 84 मैच कराने की योजना

बता दें कि आईपीएल 2025 में 84 मैचों की योजना थी, लेकिन इसमें देरी होने के कारण इस प्रारूप को अपनाया नहीं गया। आईपीएल 2008 में 8 टीमों के साथ मैचों की संख्या 59 थी, जो 2011 में 10 टीमों के साथ 74 पर पहुंच गई। हालांकि, 2012 और 2013 में 9 टीमों पर 76 मैच कराए गए। उसके बाद 2014 से 2021 तक 8 टीमों पर 60-60 मैच कराए गए और 2022 से 2024 तक 10 टीमों पर 74 मैच कराए गए।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## भारत, श्रीलंका व दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के बीच चल रही त्रिकोणीय सीरीज

# प्रतिका, हरमन, जेमिमा-स्मृति ने बरपाया कहर, दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

इस समय खेली जा रही त्रिकोणीय सीरीज 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम को 15 रन से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। कोलंबो में खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 276/6 का स्कोर बनाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम तजमीन ब्रिट्स के शतक (109) के बावजूद 261 रन पर ढेर हुई।

### भारत की अच्छी शुरुआत

भारत को प्रतिका रावल (78) और स्मृति मंधाना (36) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। वहीं मध्यक्रम में हरमनप्रीत कौर (41) और जेमिमा रोड्रिग्स (41) ने उम्दा पारियां खेलते हुए टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका से लौरा वोल्वार्ड्ट (43) और शतकवीर ब्रिट्स (108) ने 140 रन की साझेदारी की। हालांकि, इन दोनों के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रही और टीम को शिकस्त मिली। भारत से स्नेह राणा ने 5 विकेट लिए।





### स्नेह राणा ने पहली बार चटकाए 5 विकेट

भारत की जीत में स्नेह राणा की अहम भूमिका रही। इस ऑफ स्पिनर ने अपने 10 ओवर के कोटे में 43 रन देते हुए 5 विकेट लिए। उन्होंने लारा गुडाल और ब्रिट्स जैसी प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। यह राणा का वनडे क्रिकेट में पहला 5 विकेट हॉल रहा। उनके नाम अब 29 मैचों में 29.00 की औसत और 4.58 की इकॉनमी रेट से 37 विकेट लिए हैं।

### प्रतिका ने लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया

भारत की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने त्रिकोणीय सीरीज 2025 में लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 गेंदों में 78 रन की पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इस बीच उन्होंने मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 83 रन भी जोड़े। रावल के वनडे करियर का यह 5वां और लगातार दूसरा अर्धशतक रहा। उन्होंने अपने युवा करियर में 8 पारियों में 81.71 की औसत के साथ 572 रन बनाए हैं।

### तजमीन ब्रिट्स ने लगाया शतक

दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी बल्लेबाज तजमीन ब्रिट्स ने अपने वनडे करियर का तीसरा शतक लगाया। उन्होंने 107 गेंदों में 109 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनके अब तक के करियर में 31 मैचों में 25.87 की औसत और 72.96 की स्ट्राइक रेट के साथ 885 रन हो गए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 3 अर्धशतक लगाए हैं।

## ओलंपिक पदक विजेता भाकर, कुसाले म्यूनिख विश्व कप के लिए भारतीय टीम में



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के सितारे मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले को मंगलवार को एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक के साथ आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल, पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं।

### प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं

टीम के कुल 13 सदस्य म्यूनिख जाने वाली टीम में भी हैं। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय टीम में पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह की वापसी हुई है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे।

## खबर संक्षेप

### आईएम विजयन को डिप्टी कमांडेंट के पद पर पदोन्नत किया गया



**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी आई एम विजयन के लिए मालाबार स्पेशल पुलिस बटालियन में डिप्टी कमांडेंट का अतिरिक्त पद सृजित करने और खेल में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें इस पद पर नियुक्त करने का आदेश पारित किया। विजयन वर्तमान में मालाबार विशेष पुलिस बटालियन में सहायक कमांडेंट हैं। यह आदेश विजयन के पुलिस से सेवानिवृत्त होने से एक दिन पहले आया है। विजयन को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है और वह केरल पुलिस फुटबॉल टीम के निदेशक भी हैं। वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तकनीकी समिति के प्रमुख भी हैं।

### सुदीरमन कपः इंडोनेशिया से हारकर बाहर हुआ भारत



**शियामेन।** लंबे समय से खराब लय में चल रहे एचएच प्रणय और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक बार फिर निराश किया जिससे भारत मंगलवार को ग्रुप डी के मैच में इंडोनेशिया से 1-3 से पिछड़ने के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल से बाहर हो गया। भारत को इससे पहले रविवार को अपने शुरुआती मैच में डेनमार्क से 1-4 से हारने के बाद नॉकआउट चरण की दौड़ में बने रहने के लिए इस मुकाबले में जीत की जरूरत थी। इस हार ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के आखिरी ग्रुप मैच को महत्वहीन बना दिया है। इंग्लैंड भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। अपने शुरुआती मैच में इंग्लैंड को 5-0 से हराने वाले इंडोनेशिया और डेनमार्क ने ग्रुप डी से नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। डेनमार्क ने भी मंगलवार को इंग्लैंड को 5-0 से शिकस्त दी। डेनमार्क के खिलाफ महिला और पुरुष एकल मैच में हार का सामना करने वाले क्रमशः सिंधू और प्रणय इंडोनेशिया के अपने प्रतिद्वंद्वियों की चुनौती से पार नहीं पा सके।

सम्मान

# पृथ्वी शॉ बने मुंबई लीग के आइकन खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के लिए आईपीएल 2025 का ऑक्शन निराशाजनक रहा लेकिन अब उन्हें एक बड़ा सम्मान मिला है। टी-20 लीग तीसरे सीजन के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने आइकन खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की है। इसमें लगातार टीम से बहर चल रहे पृथ्वी शॉ को आइकन खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल किया गया है। इस सूची में उनके साथ श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गज भी हैं।

लगभग 6 साल बाद वापसी कर रही टी20 मुंबई लीग में पृथ्वी शॉ को आइकन खिलाड़ी बनाया गया है। उनके साथ इस सूची में शामिल अन्य खिलाड़ी आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस के लिए 10 मैचों में 427 रन बनाए हैं।

### 26 मई से 8 जून तक चलेगी लीग

26 मई से 8 जून तक चलने वाली इस लीग में पृथ्वी के अलावा शिवम दुबे, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर और सरफराज खान भी आइकन खिलाड़ी होंगे। बता दें कि पिछले कुछ समय से शॉ के बल्ले से रन नहीं निकले हैं लेकिन इसके बाद भी उन्हें इसमें शामिल किया गया है।

### टी20 मुंबई लीग 2025 के आइकन खिलाड़ी

श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी शॉ, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, सरफराज खान।

### पृथ्वी शॉ का उतार-चढ़ाव भरा रहा है करियर

महज 25 साल के पृथ्वी शॉ का क्रिकेट करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें आईपीएल 2025 के ऑक्शन से पहले रिलीज कर दिया था। ऑक्शन में कोई भी फ्रेंचाइजी ने उन पर दांव नहीं लगाया। कई फैंस को लगता था कि चेन्नई सुपर किंग्स में ऋतुराज गायकवाड़ की जगह पृथ्वी फिट हो सकते थे लेकिन सीएसके ने युवा आयुष म्हात्रे को चुना। हालांकि, पृथ्वी ने पिछले सीजन में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए 9 मैचों में 197 रन बनाए और टीम को चैंपियन बनाने में मदद की।

## नौसेना हाफ मैराथन विजेता रामेश्वर मुंजाल डोपिंग के कारण पांच साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** नौसेना के धावक रामेश्वर मुंजाल को मंगलवार को विश्व एथलेटिक्स की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव आने के बाद पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया। उनके प्रतिबंध की अवधि 14 अप्रैल, 2025 (अनंतिम निलंबन की तिथि) से शुरू हुई। मुंजाल ने पिछले साल आठ दिसंबर को मुंबई में नौसेना हाफ मैराथन का खिताब जीता था। लेकिन अब उनसे यह खिताब छीन लिया गया है क्योंकि प्रतियोगिता के दौरान उनके नमूने में एरिथ्रोपीटिन और दरबेपोएटिन पाया गया था। यह दोनों प्रतिबंधित पदार्थ की सूची में आते हैं। इस 27 साल के खिलाड़ी ने तब एक घंटे नौ मिनट और तीन सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था।



**मुंजाल ने स्वीकारा अपना अपराध :** उनके नमूने का परीक्षण नयी दिल्ली में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में किया गया था, जिसने इस वर्ष 12 मार्च को उनकी रिपोर्ट दी थी। एआईयू ने मुंजाल की जांच रिपोर्ट की समीक्षा करने के बाद उन्हें डोपिंग में लिप्त होने की सूचना दी। मुंजाल ने सोमवार को डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन की बात स्वीकार कर लिया।

# रैपिड वर्ग में चितंबरम संयुक्त रूप से शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| वारसा

भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम ने दबाव में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत आयोजित 'सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट' के रैपिड दौर के आखिरी गेम में फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा को हरा कर 11 अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल कर लिया।

वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट का टिकट हासिल करने वाले चितंबरम को फिरोजा और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव की बराबरी करने के लिए इस मुकाबले में जीत की जरूरत थी। उन्हें भाग्य का भी साथ मिला क्योंकि फ्रांस के खिलाड़ी ने थोड़ी जल्दी हार मान ली। फिरोजा के पास इस मुकाबले को बराबरी पर रोकने का मौका था।



### प्रज्ञानानंदा चौथे पायदान पर पहुंचे

आर प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दो राउंड में रोमानिया के डेविड गैवरिल्सकू और डूडा पर जीत के साथ शानदार वापसी की और 10 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे पायदान पहुंच गये। प्रज्ञानानंदा शुरुआती छह गेम के बाद पांच अंक के साथ पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने वाचियर-लाग्रेव को बराबरी पर रोकने के बाद आखिरी दो गेम को जीतकर मजबूत वापसी की।

### प्वाइंट टेबल पर खिलाड़ियों की रेंक

अन्य खिलाड़ियों फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव नौ अंकों के साथ उनसे बहुत पीछे नहीं हैं, जो रोमानिया के डेक बोगदान डैनियल और डुडा से एक अंक आगे हैं। गवरिलस्कू दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सात अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं, जो पूर्व विश्व चैंपियन वेसेलिन टोपालोव से दो अंक अधिक हैं। इस टूर के पहले आयोजन में ब्लिट्ज वर्ग के 18 मुकाबले अभी बाकी है।

### अरविंद ने जीत के साथ की शुरूआत

अरविंद ने दिन की शुरुआत डुडा पर जीत के साथ की। उन्हें इसके बाद आठवें दौर के मैच में वाचियर-लाग्रेव से हार का सामना करना पडा। इस हार से हालांकि उनका हौसला कम नहीं हुआ और उन्होंने फिरोजा पर जीत के साथ शीर्ष स्थान सुनिश्चित की। इस टूर में खिलाड़ियों को जीत के लिए दो अंक और ड्रॉ पर एक अंक मिलता है।

## रॉयल्स ने 15.5 ओवर में जीत दर्ज कर रचा इतिहास

# राजस्थान ने सबसे तेज 200+ रन का लक्ष्य किया हासिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 47वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज की। जयपुर में हुए मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 209/4 का स्कोर बनाया। जवाब में बड़े लक्ष्य को राजस्तान ने वैभव सूर्यवंशी के शतक (101) की बदौलत रिकॉर्ड 15.5 ओवर में ही हासिल किया। ऐसे में आइए आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 200+ रन का लक्ष्य हासिल करने वाली टीमों पर नजर डालते हैं।



### राजस्थान बनाम गुजरात (15.5 ओवर, 2025)

इस सूची में अब आरआर की टीम दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। आईपीएल 2025 के 47वें मैच में आरआर का सामना जीटी से हुआ था। मैच में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुभमन गिल (84) और जोस बटलर (50*) की पारियों की बदौलत 209/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरआर ने सूर्यवंशी (101) और यशस्वी जायसवाल (60*) की पारियों की बदौलत 15.3 ओवर में ही 2 विकेट पर 212 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

### बेंगलुरु बनाम गुजरात (16 ओवर, 2024)

इस सूची में रॉयल चैलेंज बेंगलोर की टीम दूसरे नंबर पर है। आईपीएल 2024 के 45वें मैच में आरसीबी का सामना जीटी से हुआ था।मैच में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साई सुदर्शन (84*) और शाहरुख खान (58) की पारियों की बदौलत 200/3 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरसीबी ने विल जैक्स (100*) और विराट कोहली (70*) की पारियों की बदौलत 16 ओवर में ही 1 विकेट पर 206 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

### दिल्ली बनाम गुजरात (17.3 ओवर, 2017)

इस मामले में दिल्ली कैपिटल्स की टीम चौथे पायदान पर है। आईपीएल 2017 के 42वें मैच में डीसी का सामना गुजरात लायंस से हुआ था। मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुरेश रैना (77) और दिनेश कार्तिक (65) की पारियों की बदौलत 208/7 का स्कोर बनाया था। जवाब में डीसी ने ऋषभ पंत (97) और संजू सैमसन (61) की पारियों की बदौलत 17.3 ओवर में ही 3 विकेट पर 214 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

### मुंबई बनाम बेंगलुरु (16.3 ओवर, 2023)

इस सूची में मुंबई इंडियंस की टीम तीसरे पायदान पर है। आईपीएल 2023 के 54वें मैच में एमआई का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हुआ था। मैच में आरसीबी ने फाफ डु प्लेसिस (65) और ग्लेन मैक्सवेल (68) की पारियों की बदौलत 199/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में एमआई ने सूर्यकुमार यादव (83) और नेहल वढेरा (52*) की पारियों की बदौलत 16.3 ओवर में ही 4 विकेट पर 200 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

## ट्रंप के टैरिफ वार फैसले का दिखा बड़ा असर

# कनाडा चुनाव में मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की जीत, फिर बने पीएम पीएम मोदी ने दी बधाई, खालिस्तान समर्थक एनडीपी की हुई करारी हार

एजेंसी ⏭ टोरंटो

कनाडा आम चुनाव में पीएम मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी जीत हो गई है। नतीजों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकियों और टैरिफ वार का असर साफ नजर आ रहा है। लिबरल पार्टी की जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है।

कनाडाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन के मुताबिक लिबरल पार्टी ने संसद की 343 सीटों में से कंजरवेटिव्स से ज्यादा सीटें जीती हैं। अब तक जो रुझान आए हैं, उनमें पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में लिबरल्स को करीब 168 सीटें मिलती दिख रही हैं, जो कि बहुमत के आंकड़े-172 से महज चार सीटें ही कम हैं। वहीं, मुख्य विपक्षी दल- कंजर्वेटिव पार्टी को 144 से 148 सीटों पर बढ़त मिली है। दूसरी तरफ जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेट्स पार्टी (एनडीपी) को 7 सीटें और ब्लॉक क्यूबेकॉइस को 23 सीटें मिलने का अनुमान है।

इससे पहले जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा की अर्थव्यवस्था पर हमला करना शुरू किया था तो लिबरल्स हार रहे थे। ट्रंप के कार्यों ने कनाडाई लोगों को क्रोधित कर दिया और राष्ट्रवाद में उछाल ला दिया। इसके बाद लिबरल्स की चुनावी कहानी को पलट गई और पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज हुई।

कनाडा और अमेरिका के मध्य लाभकारी प्रणाली खत्म हुई | लिबरल्स पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज हुई

### जीत के बाद कार्नी ने चेताया, 'ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे'



*चुनाव में जीत के बाद पीएम मार्क कार्नी ने ओटावा में विजय भाषण में कहा कि ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए हमें सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कनाडा की एकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कनाडा और अमेरिका ने जिस पारस्परिक रूप से लाभकारी प्रणाली को साझा किया था, वह अब खत्म हो चुकी है। हम अमेरिकी विश्वासघात के सदमे से उबर चुके हैं, लेकिन हमें उससे मिले सबक कभी नहीं भूलना चाहिए। जैसा कि मैं महीनों से चेतावनी दे रहा हूं, अमेरिका हमारी जमीन, हमारे संसाधन, हमारा पानी, हमारा देश चाहता है। ये बेकार की धमकियां नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।*

### एनडीपी ने पार्टी का दर्जा खोया



कनाडा आम चुनाव में जनता ने खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह को आइना दिखा दिया है। चुनाव में उनकी पार्टी की करारी हार हुई है। 12 सीटें न मिलने पर न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने पार्टी का दर्जा भी खो दिया है। वे अपनी ही सीट से चुनाव हार गए हैं। पार्टी को मिली करारी हार के बाद जगमीत ने पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी प्रमुख का पद छोड़ते वक्त जगमीत सिंह रो पड़े। जगमीत सिंह हाउस ऑफ कॉमन्स में 2019 से बर्नबी सेंट्रल सीट से प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वे इस सीट पर पहले से तीसरे स्थान पर आ गए।

### साझेदारी को मजबूत करने के लिए उत्सुक



पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडाई नेता मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की चुनावी जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों के लोगों के लिए अधिक अवसरों के द्वार खोलने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने लिखा कि कनाडा के पीएम के रूप में निर्वाचन पर मार्क जे कार्नी को बधाई और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। दोनों साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मैं हमारी साझेदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक अवसर खोलने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### भारत के साथ रिश्ते मजबूत होंगे: मार्क कार्नी

चुनाव से पहले पीएम मार्क कार्नी ने कई बार यह कहा है कि अगर वह कनाडा के पीएम चुने जाते हैं, तो वह भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से स्थापित और मजबूत करेंगे। उन्होंने वर्तमान समय में दोनों देशों के रिश्तों में तनाव को स्वीकार किया और कहा कि आपसी मूल्यों और विश्वास पर आधारित मजबूत आर्थिक साझेदारी की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### त्रिनिदाद और टोबैगो चुनाव में बिसेसर की वापसी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो की आम चुनावों में जीत हासिल करने पर यूनाइटेड नेशनल कांग्रेस की नेता कमला प्रसाद बिसेसर को बधाई दी कहा कि भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच ऐतिहासिक और पारिवारिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए वह उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। बिसेसर, पहले 2010 से 2015 तक त्रिनिडाड एंड टोबैगो की पीएम रह चुकी हैं, अब 73 वर्ष की उम्र में एक बार फिर से सत्ता में लौट रही हैं।

### बेकाबू कार ने 4 मासूम लोगों को कुचला




**चैथम।** अमेरिका के इलिनोइस में एक कार कार ने चार मासूमों को कुचल दिया। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है। इलिनोइस के स्प्रिंगफील्ड के बाहर आफ्टरस्कूल कार्यक्रम के दौरान बेकाबू कार इमारत में घुस गई। चैथम पुलिस विभाग के उप प्रमुख स्कॉट टार्टर ने कहा कि कार तीन बच्चों को टक्कर मारने के बाद इमारत में जा घुसी। फिर दूसरी तरफ से बाहर निकलने से पहले एक अन्य बच्चे को टक्कर मारी।

## आतंकवाद के सबसे बड़े सरपरस्त पाकिस्तान को भारत ने यूएन में लगाई लताड़

# वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला धूर्त देश पाकिस्तान, खुद कबूला अपना सच

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बढ़ती तनातनी के बीच ये बात तो बिलकुल साफ है कि भारत पाकिस्तान के आतंकवाद के फन को जल्द कुचलने के लिए कमर कस चुका है। तीनों सशस्त्र सेनाएं हाईअलर्ट के साथ अपनी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए उचित आदेश के इंतजार में हैं। लेकिन इन सबके बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में पाकिस्तान को आतंकवाद के मामले पर एक बार फिर से बेनकाब कर उसकी सारी पोल पट्टी खोल दी है।

यह पूरा वाकया बीते सोमवार देर रात यूएन के आतंकवाद निरोधक कार्यालय द्वारा आयोजित 'विक्टिम्स ऑफ टेररिज्म एसोसिएशन नेटवर्क' (वीओटीएएन) के उद्घाटन सत्र के दौरान पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान द्वारा भारत पर झूठे आरोप लगाने से जुड़ा हुआ है। जिसमें भारत की यूएन में उप स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत योजना पटेल ने अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस खुले कबूलनामे का जिक्र करते हुए कहा कि उससे किसी को कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। बल्कि यह इस बात को उजागर करता है कि पाकिस्तान एक ऐसा धूर्त देश है जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

### पाक रक्षा मंत्री का सार्वजनिक कबूलनामा

संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत योजना पटेल ने खारिज किए पाक के झूठे, निराधार आरोप

भारत ने बैन किया पाक के रक्षा मंत्री का 'एक्स' हैंडल



पटेल ने बताया कि पाक रक्षा मंत्री ने स्काई न्यूज को दिए एक हालिया साक्षात्कार में खुद इस बात को स्वीकार किया है कि तीन दशक से पाकिस्तान ने अमेरिका, ब्रिटेन और पश्चिम के देशों के साथ मिलकर न केवल आतंकवाद का गंदा खेल खेला है। बल्कि इस दौरान हमने आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। भारतीय राजदूत ने इसे पाकिस्तान की आतंकवाद समर्थक नीति की स्वयं उसके द्वारा की गई पुष्टि के साथ आया प्रमाण बताते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अब इस सच्चाई को अनदेखा न करने की अपील की।

### आतंकवाद की कमर तोड़ेगा भारत

गौरतलब है कि यूएन में आतंकवाद को लेकर की गई पाकिस्तान की स्वीकारोक्ति उसके उस नापाक प्लान का हिस्सा है। जिसके जरिए वो पहलगाम हमले के बाद कश्मीर के मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है। सैन्य-सुरक्षा एजेंसियों ने पहले ही हालांकि इसका पूर्वानुमान लगा लिया था। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी साफ कर चुके हैं कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। फिर चाहे वो परदे के पीछे ही क्यों न छिपे बैठे हों।

### भारत के खिलाफ पाक का दुष्प्रचार

योजना पटेल ने ये भी कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान ने पुनः भारत के खिलाफ झूठे, निराधार आरोप लगाकर दुष्प्रचार करने के लिए यूएन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच का दुरुपयोग किया है। लेकिन अब इसका कोई फायदा नहीं होगा। क्योंकि सच्चाई खुलकर सबके सामने आ गई है।

### भारत ने बैन किया आसिफ का 'एक्स' हैंडल

भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का 'एक्स' हैंडल बैन कर दिया है। उसका यह कदम पाकिस्तान के कुल करीब डेढ़ दर्जन से अधिक यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाने के ठीक अगले दिन सामने आया है।

## समय रहते नाकाम की गई कई सैन्य-असैन्य वेबसाइटों पर साइबर हमले की कोशिश

# भारत ने दिया पाकिस्तान के साइबर हमलों का मुंहतोड़ जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान भारत में अस्थिरता फैलाने और उसका मनोबल तोड़ने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से जनसंचार के विभिन्न माध्यमों में सेंधमारी की नापाक कोशिश करने में लगा हुआ है। इसी के तहत उसने बीते सोमवार रात कुछ सैन्य और असैन्य वेबसाइटों को भी निशाना बनाना चाहा था। लेकिन भारत के मजबूत साइबर सुरक्षा नेटवर्क ने समय रहते पाकिस्तान की इस कोशिश को पकड़कर उसे पूरी तरह से नाकाम कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि वेबसाइटों पर साइबर हमले के कुल करीब चार मामले सामने आए थे। जिनमें आर्मी पब्लिक स्कूल, रानीखेत और श्रीनगर, इंडियन एयरफोर्स प्लेसमेंट सेल और आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गेनाइजेशन (एडब्ल्यूएचओ) की वेबसाइट शामिल हैं। लेकिन इन सभी को साइबर हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ है, उनका डाटा पूरी तरह से सुरक्षित है। क्योंकि समय रहते भारत की तरफ से जवाबी कार्रवाई के साथ उचित कदम उठाए गए।

पाक की यह कोशिश भारत के जटिल राष्ट्रीय नेटवर्क तक पहुंचने में नाकाम रहने के बाद की गई है। जिसमें अब वह सामाजिक कल्याण और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई वेबसाइटों को हैक कर उनके नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहता है।

### रणनीतिक नेटवर्क को कोई नुकसान नहीं

सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान की इस कोशिश के दौरान हालांकि भारत के रणनीतिक व गोपनीय रूप से महत्वपूर्ण किसी भी नेटवर्क को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। वह प्रत्येक स्तर पर पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने इसे दुश्मन के सीमित विकल्पों और निराशा का प्रमाण बताया। वहीं, दूसरी ओर सेना ने भी इस बात की प्रतिबद्धता जताई है कि वह अपने डिजिटल स्पेस की सुरक्षा करने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। साथ ही सेना अपने साइबर ढांचे को लगातार अपग्रेड करने के साथ ही अपने सैनिकों व उनके परिवारों के कल्याण के लिए कार्य करती रहती है।

### एलओसी से आईबी तक गोलीबारी

इन सबके बीच पाकिस्तान की सेना ने जम्मू-कश्मीर में लगभग 778 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा के साथ अब अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) से लगे इलाकों में भी भारतीय सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की है। सूत्रों ने कहा कि बीते 28 और 29 अप्रैल की मध्य रात्रि में बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा के कुपवाड़ा, बारामूला के साथ ही जम्मू स्थित अखनूर (आईबी का इलाका) के इलाकों में भी गोलीबारी की। जिसका उसी के अंदाज में भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया है। पाक सेना की तरफ से संघर्षविराम उल्लंघन का यह पांचवां दिन है। जिसमें उसने भारत की सेना की चौकियों को निशाना बनाकर गोलीबारी की है।

### जम्मू के सामने पाक सेना करती युद्धाभ्यास

पहलगाम आतंकी हमले के बीच भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के दौर में पाक सेना ने खारियाँ में हैमर स्ट्राइक नामक युद्धाभ्यास किया है। खारियाँ का इलाका भारत के जम्मू के सामने पाकिस्तानी इलाके में पड़ता है।

## भारत और भूटान के बीच बैठक

# सीमा शुल्क सहयोग को मजबूती देने और व्यापार सुविधा बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और भूटान के बीच छठी संयुक्त सीमा शुल्क समूह बैठक 24 से 25 अप्रैल को भूटान के थिम्पू में आयोजित की गई। दोनों देशों ने सीमा शुल्क सहयोग को मजबूत करने, व्यापार सुविधा बढ़ाने तथा सुरक्षित एवं कुशल सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। छठी जेजीसी बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार और पारगमन बढ़ाने के लिए कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई। समन्वित सीमा प्रबंधन (सीबीएम), सीमा शुल्क डेटा का आदान-प्रदान, सीमा शुल्क पारस्परिक सहायता समझौता (सीएमएए) पर चर्चा की।



### भारत, भूटान का शीर्ष व्यापार साझेदार

भारत आयात और निर्यात में भूटान का शीर्ष व्यापार साझेदार है, जो भूटान के कुल व्यापार का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से भूटान के साथ व्यापार महत्वपूर्ण है। भारत और भूटान सीमा पर पश्चिम बंगाल और असम राज्यों में 10 भूमि सीमा शुल्क स्टेशन हैं। दोनों देशों के बीच संयुक्त सीमा शुल्क समूह की बैठकें सीमा शुल्क प्रक्रियाओं की पुनर्परिभाषा और पुनर्रचना से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने, सीमा शुल्क सहयोग को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम वैश्विक विधियों के साथ संरेखण तथा सीमा पार व्यापार सुविधा के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं।

## चीन के रेस्त्रां में लगी भीषण आग

# 3 मंजिला इमारत तक पहुंची लपटें 22 लोगों की मौत, कारण अज्ञात

एजेंसी ⏭ बीजिंग

चीन के उत्तरी शहर लिओनिंग के एक रेस्त्रां में लगी आग में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। इस अग्निकांड में तीन लोगों के घायल होने की खबर है। दोपहर के समय लगी इस आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। घटनास्थल की सामने आई तस्वीरों में दो या तीन मंजिला इमारत की खिड़कियों और दरवाजों से आग की बड़ी लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं। हालांकि हादसे को लेकर अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। आग दोपहर 12:25 बजे लगी। जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। आग लगने के कारणों के बारे में अभी तक पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



### राष्ट्रपति का हरसंभव मदद का आग्रह

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया है। इस महीने चीन में यह दूसरी बड़ी आग लगने की घटना है। इससे पहले 9 अप्रैल को उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी स्थित नर्सिंग होम में आग लगने के समय इमारत में कुल 39 बुजुर्ग लोग मौजूद थे।

## पद्म पुरस्कार विजेताओं ने वीरों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 के 71 पद्म पुरस्कार विजेताओं ने मंगलवार को राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय समर स्मारक पर निर्देशित दौरे पर पहुंचे 2025 के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार विजेता वहां वीरता चक्र में भित्ति चित्रों पर दर्शाए गए युद्धों में बहादुरों की वीरता की कहानियों से अचंभित रह गए। उन्होंने स्मारक की भव्यता और वैचारिक डिजाइन की भी सराहना की। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-। में वर्ष 2025 के लिए 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किए।

## पहलगाम आतंकी घटना पर रूस ने बरसों पुरानी दोस्ती की प्रतिबद्धता जताई

# रूस के उप विदेश मंत्री बोले- आतंकवाद का मिलकर करेंगे मुकाबला

एजेंसी ⏭ मॉस्को

पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भारत को दुनियाभर के देशों का साथ मिल रहा है। रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने भारतीय राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत-रूस मिलकर वैश्विक आतंकवादी खतरे का मुकाबला करेंगे। रूस के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि 28 अप्रैल को उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने भारत के राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की। भारत के साथ मिलकर वैश्विक आतंकवादी खतरे का मुकाबला करने के लिए रूस की तत्परता की पुष्टि की गई। बताया जाता है कि अधिकारियों ने वर्तमान द्विपक्षीय मुद्दों और आगामी राजनीतिक संपर्कों के कार्यक्रम के साथ-साथ दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सामान्य स्थिति पर चर्चा की। इसमें कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को लेकर भी बात हुई।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर की बातचीत | द्विपक्षीय मुद्दों और दक्षिण एशियाई क्षेत्र पर की चर्चा

### मॉस्को में भारतीय समुदाय ने पहलगाम पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी



फाइल फोटो

रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार के नेतृत्व में भारतीय प्रवासियों ने पहलगाम हमले के 26 पीड़ितों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। पद्म श्री से सम्मानित एवं 'इंस्टीट्यूट ऑफ ओरिएंटल स्टडीज एंड रिसर्च' के भारत केंद्र की प्रमुख तातियाना शौम्यान भी भारतीय दूतावास के खचाखच भरे डी.पी. धर हॉल में भारतीय समुदाय के साथ मौजूद थीं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने पिछले सप्ताह 26 लोगों की हत्या कर दी। मारे गए लोगों में अधिकतर पर्यटक थे। राजदूत कुमार ने इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बहुलवादी समाज वाले लोकतांत्रिक देश में अलग-अलग विचार होना स्वाभाविक है। उन्होंने आतंकवादी हिंसा की निंदा करते हुए कहा कि हमारे पास शांतिपूर्ण तरीके से असहमति जताने के लिए कई मंच हैं।

### राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइट्स हैक

**जयपुर।** पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइटों को निशाना बनाया और उन पर भारत विरोधी संदेश लिख दिए। पाकिस्तानी साइबर अपराधियों ने राज्य में कई सरकारी वेबसाइटों को निशाना बना चुके हैं, जिनमें नवीनतम निशाना शिक्षा विभाग के आधिकारिक पोर्टल है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को इस घटना का संज्ञान लिया और विभाग की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा को सक्रिय कर दिया। हैक की गई वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जबकि रिकवरी ऑपरेशन चल रहा है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। जिम्मेदार हैकिंग समूह की पहचान करने और किसी भी संभावित डाटा उल्लंघन का आकलन करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक किसी भी संवेदनशील डेटा लीक की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी विभागीय प्रणालियों का व्यापक ऑडिट जारी है। यह घटना सोमवार को हुए एक ऐसे ही साइबर हमले के बाद हुई, जिसमें हैकरों ने स्थानीय स्वशासन विभाग (डीएलबी) और जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की वेबसाइटों पर हमला किया था और उन पर पाकिस्तान समर्थक प्रचार सामग्री लगा दी थी।

## स्पेन और पुर्तगाल में 'ब्लैकआउट'

# हवाई और मेट्रो सेवाएं प्रभावित मोबाइल व एटीएम भी पड़े ठप

एजेंसी ⏭ मैड्रिड

यूरोपीय देश स्पेन और पुर्तगाल सोमवार को पावर ब्लैकआउट की समस्या से जूझ रहे थे और पुर्तगाल में मंगलवार सुबह तक भी कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी है। स्पेन में लगभग 99 प्रतिशत इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार को ब्लैकआउट के चलते इन देशों में हवाई सेवा और मेट्रो सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। मोबाइल कम्युनिकेशन और एटीएम भी बंद पड़ गए। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 35 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला

ब्लैकआउट के दौरान सड़कें और बाजार खाली रहे। स्पेन के आपदा प्रबंधन कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने भूमिगत रेलों और मेट्रों में फंसे करीब 35 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला। ऐसे ही हालात कुछ पुर्तगाल में भी रहे। मोबाइल फोन बंद होने की वजह से बैट्री से चलने वाली रेडियो की डिमांड बढ़ गई। साथ ही बड़ी संख्या में लोग बैकअप जेनरेटर खरीदते देखे गए। कई लोगों ने हालात को देखते हुए खाने-पीने का स्टॉक जमा कर लिया। बिजली न होने की वजह से बैंकिंग गतिविधियां भी बुरी तरह से प्रभावित हुईं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109